www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण





पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-110 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





श्रीलंकाई नौसेना ने नौ मछुआरों को किया ... 02

■ केंद्रीय आम बजट बेहद निराशाजनक : आप
■ आठ आईएएस अधिकारियों के हुए तबादले 03

■ उत्तर पश्चिमी चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 से...
■ फिलीपींस में गेमी तूफान से आई बाढ़ के बाद आपदा... 07

बजट से उत्तर प्रदेश की जनता निराश : अखिलेश 09


## सार संक्षेप

### ब्रिटेन के नए विदेश मंत्री डेविड लैमी दिल्ली पहुंचे



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के नए विदेश मंत्री डेविड लैमी बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। उनकी इस महीने की शुरुआत में पदभार संभालने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा है। इस दौरान, श्री लैमी द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और एफटीए पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी यह यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेगी।

### 'कुंभ के लिए बड़ी संख्या में चलेंगी स्पेशल ट्रेन'




**लखनऊ।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि अगले साल प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के मौके पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बड़ी तादाद में स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना पर उनका विभाग गंभीरता से विचार कर रहा है। श्री वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उत्तर, उत्तर-मध्य और उत्तर-पूर्व रेल की वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पत्रकारों को बजटीय प्रावधानों की जानकारी दी।

### जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा के लिए कंट्रोल रूम के नंबर किए जारी




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। आम लोगों और कांवड़ियों के लिए कंट्रोल रूम के नंबर जारी कर दिए गए हैं। राजचौपला मोदीनगर कंट्रोल रूम नंबर 01232-297750, गंगनहर, मुरादनगर कंट्रोल रूम नंबर 01232-297676, मेरठ रोड तिराहा कंट्रोल रूम नंबर 0120-2985159 व जिला मुख्यालय कंट्रोल रूम नंबर 0120-2986988 है।

### त्रिपुरा में छह और बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**अगरतला।** पड़ोसी देश बांग्लादेश से त्रिपुरा में अवैध घुसपैठ बेरोकटोक जारी है। इसी कड़ी में सुरक्षा बलों ने छह और बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। जीआरपी के जवानों ने इन्हें गिरफ्तार किया।

### नेशनल हाइवे के किनारे लगाए जाएंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन



**नई दिल्ली।** भारत में नेशनल हाइवे के किनारे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़कर 5,293 हो गई है। वहीं, सरकार ने अब 7,432 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का टारगेट रखा है, जिसमें से 5,833 हाइवे के किनारे लगाए जाएंगे।

# नेपाल में विमान दुर्घटना, 18 लोगों की मौत

■ सौर्य एयरलाइंस के विमान में 19 लोग सवार थे
■ त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई दुर्घटना



**काठमांडू,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक विमान के रनवे से फिसलने के कारण हुई दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि विमान रनवे से फिसल गया और हवाई अड्डे के अंदर विस्फोट की आवाज सुनी गयी है। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता हंस राज पांडे ने कहा दुर्घटनास्थल पर 18 शव बरामद किए गए। श्री पांडे ने कहा कि दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद हवाई अड्डे को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया है। श्री पांडे ने कहा कि पोखरा शहर जा रहे सौर्य एयरलाइंस के विमान में 19 लोग सवार थे और वे सभी एयरलाइन के कर्मचारी थे।

**केवल पायलट जीवित बचा**

हवाई अड्डे के प्रवक्ता सुभाष झा ने बताया कि विमान 'सी चेक' या फिर मरम्मत एवं जांच के लिए पोखरा जा रहा था। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना में केवल पायलट जीवित बचा है जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की जाएगी। एयरलाइन द्वारा जारी यात्री सूचना के अनुसार विमान में एक विदेशी यात्री भी सवार था।

**हादसे का एक वीडियो सामने आया**

हादसे का एक वीडियो सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि विमान ने रनवे से उड़ान भरी, तब तक सब कुछ ठीक नजर आ रहा था। लेकिन कुछ ही मिनट में विमान का संतुलन बिगड़ गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान एक ओर झुक गया, विमान के दाईं ओर झुकने के कुछ ही पल में ये रनवे से कुछ दूरी पर गिर गया। जमीन से टकराते ही आग लग गई।

### किसान नेताओं से बोले राहुल गांधी

# न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी किसानों का हक



■ इंडिया गठबंधन किसानों को ये हक दिलाकर रहेगा
■ सरकार पर दबाव बनाने का दिया आश्वासन
■ किसान नेताओं ने राहुल से की है मुलाकात

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से संसद में उनके चैंबर में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी किसानों का अधिकार है और इंडिया गठबंधन यह सुनिश्चित करेगा कि यह उन्हें मिले। उन्होंने किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि वह इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगियों के साथ इस मुद्दे को उठाएंगे और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के कार्यान्वयन के लिए सरकार पर दबाव डालेंगे।

**किसानों को संसद में प्रवेश देने में की अनाकानी**

राहुल गांधी ने संसद में अपने कार्यालय में बैठक के लिए किसान नेताओं को आमंत्रित किया था। शुरुआत में किसानों को संसद परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया था। जब किसानों से मिलने के लिए राहुल गांधी ने बाहर आने की बात कही तो अंततः किसान नेताओं को संसद परिसर के अंदर जाने की अनुमति दी गई, जहां उन्होंने राहुल गांधी के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश के अलावा पंजाब और हरियाणा से पार्टी के सांसद भी मौजूद थे। बैठक में शामिल होने वाले किसान नेताओं में जगजीत सिंह, लखविंदर सिंह, शांता कुमार, अभिमन्यु, नल्लानाला वेंकटेश्वर राव, पांडियन रामलिंगम, तेजवीर सिंह, सरवन सिंह पंढेर, सुरजीत सिंह, रमनदीप सिंह मान, गुरमनीत सिंह और अमरजीत सिंह शामिल थे। किसान नेताओं ने राहुल के आश्वासन पर संतोष और विश्वास व्यक्त जताया।

## अभी नहीं खुलेगा शंभू बॉर्डर

### बैरिकेडिंग पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतंत्र समिति बनाने का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत करने के लिए निष्पक्ष व्यक्तियों की एक समिति बनाने का सुझाव दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने हरियाणा सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए किसानों के विरोध प्रदर्शन के मुद्दे को हल करने के तरीके और साधन खोजने पर जोर दिया। पीठ ने कहा कि पंजाब और हरियाणा सरकारों को किसानों से बात करके मुद्दों का समाधान निकालना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि समिति का गठन ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को लेकर किया जाना चाहिए, ताकि किसानों और अन्य हितधारकों से बातचीत करके उनकी मांगों का न्यायसंगत और सभी के हित वाला एक व्यवहारिक समाधान निकाला जा सके।

### संसद परिसर में इंडिया गठबंधन का विरोध प्रदर्शन

# बजट में विपक्ष शासित राज्यों के साथ भेदभाव हुआ

■ प्रदर्शन में गठबंधन के सभी बड़े नेता मौजूद रहे ■ बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार को सौगात दी गई

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट मंगलवार को पेश किया। इस बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार को सौगात दी गई। विपक्ष ने लामबंद हो इसे पक्षपात पूर्ण रवैया करार दिया है।

पूर्ण बजट 2024 में अन्य राज्यों की अनदेखी को लेकर इंडिया गठबंधन ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संसद परिसर में बुधवार को इंडी गठबंधन के नेताओं ने बजट में भेदभाव किए जाने को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में कांग्रेस की संसदीय दल प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्षी दलों के कई नेता मौजूद रहे। इन्होंने हाथों में डिमांड करती तख्तियां पकड़ रखी थीं। जिसमें लिखा था कि एनडीए ने इंडिया को नजरअंदाज किया। भारतीय राज्यों को उनका हक दें।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, इस बजट से कोई खुश नहीं है। ये सिर्फ सरकार बचाओ बजट है। यह बजट सिर्फ अपने सहयोगियों को संतुष्ट करने के लिए है।'




## बजट को लेकर संसद में भी हंगामा

### सीतारमण के खिलाफ शेम-शेम के नारे लगाए

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन में भी बजट को लेकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल में राज्यसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं ने वॉकआउट किया। वे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ शेम-शेम का नारा लगाते हुए सदन से बाहर चले गए। चर्चा के दौरान राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति से कहा- माताजी (वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण) बोलने में एक्सपर्ट हैं। इस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बोले- वो माताजी नहीं, आपकी बेटी की उम्र के बराबर हैं।

**बजट से 90 फीसदी देश गायब**

इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने कहा- इस बजट से 90 फीसदी देश गायब है। सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश को खुश किया गया है, क्योंकि यहां के मुख्यमंत्रियों के भरोसे केंद्र की सरकार चल रही है। यह मोदी सरकार बचाओ बजट है।

इस बजट से कोई खुश नहीं है। ये सिर्फ सरकार बचाओ बजट है। यह बजट सिर्फ अपने सहयोगियों को संतुष्ट करने के लिए है: मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

भाजपा ने बजट में 140 देशवासियों को राहत देने के बजाय अपने सहयोगी दलों को साधने का काम किया है: अभिषेक बनर्जी, टीएमसी

बजट में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है: निर्मला सीमारमण, वित्त मंत्री

पिछले दस सालों में सरकार ने महाराष्ट्र और मुंबई को नोच डाला है, लूट लिया है। लेकिन हर बजट में महाराष्ट्र को निराशा हाथ लगी: उद्धव ठाकरे, शिवसेना यूबीटी

**नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होगी कांग्रेस**

कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनको इसमें डीएमके का भी साथ मिला। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु की अनदेखी की गई है।

# जम्मू-कश्मीर में 24 घंटे में दो जवान शहीद



■ कुपवाड़ा गोलीबारी में घायल अधिकारी ने अस्पताल में तोड़ा दम
■ मुठभेड़ में एक आतंकी भी हुआ ढेर
■ संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाया

**जम्मू,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। लोलाब कुपवाड़ा में गोलीबारी के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए सेना के एक गैर-कमीशन अधिकारी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी के दौरान घायल हुए सेना के एनसीओ ने दम तोड़ दिया। इस मुठभेड़ में एक आतंकी भी मारा गया है।

मंगलवार को कोवुत के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आज सुबह, छिपे हुए आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया, जिससे मुठभेड़ हुई। रक्षाधिकारियो ने बताया कि जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में बुधवार सुबह सेना-आतंकियों के बीच गोलीबारी में एक और जवान शहीद हो गया है। नान कमीशंड आफिसर दिलावर सिंह बुधवार सुबह गोलीबारी में घायल हुए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। एनकाउंटर में सेना ने एक आतंकी को मार गिराया है।

इससे पहले मंगलवार को पुंछ में एनकाउंटर हुआ था, जिसमें लांस नायक सुभाष कुमार शहीद हुए थे। सेना ने बताया कि उन्हें कोवुत में मंगलवार को 2-3 आतंकियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। इसी दौरान आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की, जिसके बाद एनकाउंटर शुरू हुआ। देर रात को दोनों ओर से गोलीबारी तेज हुई। इसी दौरान दिलावर सिंह को गोली लगी थी, जो बाद में शहीद हो गए। एनकाउंटर बुधवार सुबह भी जारी है। सुबह जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया।

# बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास



■ महागठबंधन ने हंगामे के बाद कर दिया वॉक आउट
■ तीन से लेकर 10 साल तक की सजा होगी

**जम्मू,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास हो गया। अब पेपरलीक केस में शामिल आरोपियों पर नॉन बेलेवल धाराएं लगाई जाएंगी। इतना ही नहीं तीन से 10 साल तक की सजा और 10 लाख से एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगेगा। यह कानून बिहार सरकार की ओर से ली जाने वाली सारी परीक्षाओं पर लागू होगा। दरअसल, बिहार सरकार पेपर लीक को घोषित करने जा रही है। पेपरलीक करने वालों पर नॉन बेलेवल धाराएं लगेंगी। तीन से लेकर 10 साल तक की सजा होगी और 10 लाख से एक करोड़ रुपए तक जुर्माना लगेगा। मालूम हो कि हाल ही में हुए नीट-यूजी पेपर लीक मामले ने सबको चौंका दिया है। इस पेपर लीक मामले के तार दिल्ली, बिहार सहित कई राज्यों तक जुड़े हैं। बिहार से कई लोगों की गिरफ्तारी इस मामले में हो चुकी है। बिहार विधानसभा में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विधेयक का प्रस्ताव रखा, जो पास हो गया। उन्होंने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आम तौर पर ऐसी परीक्षाएं नामांकन और सरकारी सेवाओं के लिए आयोजित होती हैं।

# मध्य प्रदेश में जोरदार बारिश ने बढ़ाई लोगों की मुसीबतें



कई परिवार बारिश के पानी में घिरे

**भोपाल,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से में सक्रिय मानसून के चलते जोरदार और झमाझम बारिश का दौर जारी है। इस बारिश ने कई इलाकों में मुसीबत बढ़ा दी है। आवागमन बाधित हो रहा है और कई परिवार बारिश के पानी में घिर गए हैं। इतना ही नहीं, नदी नालों से लेकर बांध का जलस्तर भी बढ़ गया है। राज्य में मानसून सक्रिय है और मौसम विभाग ने भी प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी कर रखा है। बरगी, तिघरा, इंदिरा सागर सहित कई अन्य बांधों का भी जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

**खोज** *भारत के चंद्रयान-1 ने भी पानी के संकेतों का पता लगाया था*

# अब चीन के चांग ई-5 मिशन ने चंद्रमा पर खोजा पानी

**बीजिंग, 24 जुलाई (एजेंसियां)। चीनी वैज्ञानिकों ने चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणुओं की खोज की है। इसे एक ऐसी खोज माना जा रहा है, जो चंद्रमा के विकास के बारे में हमारी समझ को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है। यह खोज 2020 में चीन के चांग ई-5 मिशन द्वारा वापस लाए गए चंद्र मिट्टी के नमूनों पर किए गए अध्ययनों पर आधारित थी।**

यह लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को चुनौती देती है कि चंद्रमा पूरी तरह से सूखा है और पानी केवल बर्फ के रूप में मौजूद है। इसे अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि चीन ने चंद्रमा की मिट्टी को नासा के साथ साझा करने से इनकार किया है। यह वही नासा है, जिसने 2020 तक चंद्रमा पर पानी की मौजूदगी से इनकार किया था। दशकों पहले, अमेरिकी अपोलो अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा के नमूने वापस लाए थे, जिनमें पानी के कोई संकेत नहीं थे। इससे वैज्ञानिकों ने निष्कर्ष निकाला कि चंद्रमा की मिट्टी पूरी तरह से सूखी थी। इस निष्कर्ष का समर्थन नासा ने किया, जिसने दावा किया कि चंद्रमा की सतह पर पानी की कमी है। हालांकि, प्रौद्योगिकी में प्रगति और आगे के अन्वेषणों ने धीरे-धीरे इस धारणा को चुनौती देना शुरू कर दिया है। 2009 में, भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने हाइड्रेटेड खनिजों के संकेतों का पता लगाया, जो चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में पानी के अणुओं की उपस्थिति का संकेत देते हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम था, लेकिन 2020 तक नासा ने इन्फ्रारेड एस्ट्रोनॉमी के लिए स्ट्रेटोस्फेरिक वेधशाला से डेटा का उपयोग करके चंद्रमा की सूर्य की रोशनी वाली सतह पर पानी की खोज की घोषणा नहीं की थी। ये निष्कर्ष मुख्य रूप से रिमोट सेंसिंग और माइक्रोएनालिसिस तकनीकों पर आधारित थे, जिससे पता चला कि पानी हाइड्रोजन और ऑक्सीजन अणुओं के रूप में मौजूद हो सकता है। चांग ई-5 मिशन, जिसने 2020 में चंद्रमा के निकटवर्ती भाग से चंद्र नमूने प्राप्त किए, ने पानी की उपस्थिति की जांच करने का एक नया अवसर प्रदान किया है।



■ नासा ने चंद्रमा पर पानी की मौजूदगी से किया था इनकार

# देश

**उवाच**

“अगर बजट में कोई भेदभाव नहीं है तो एक बार फिर से शब्दकोष में जाकर भेदभाव शब्द का अर्थ जांचना होगा। बजट में स्पष्ट रूप से भेदभाव नजर आ रहा है। यह एक ऐसा बजट है जो मौजूदा एनडीए सरकार की मजबूरियों का संकेत है।

**–मनीष तिवारी, कांग्रेस सांसद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 29.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 29.0 |

# कुर्सी बचाने, मित्रों पर लुटाने वाला बजट : कांग्रेस

## संसद में विपक्ष ने केंद्रीय आम बजट के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने बुधवार को वर्ष 2024-25 के बजट को 'कुर्सी बचाने' के लिए 'मित्रों' पर मेहरबान बजट करार दिया जबकि भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के बजट का आकार चार गुना कर दिया है और देश के सर्वांगीण विकास की रफ्तार बढ़ा दी है। आम बजट 2024-25 पर लोकसभा में चर्चा आरंभ करते हुए कांग्रेस की कुमारी सैलजा ने कहा कि इस साल का बजट कुछ पर मेहरबान है तो कुछ तो दरबान बनाने वाला है। जिन पर मेहरबानी की है उन्हें दिल खोल कर दिया है और बाकियों को दरवाजे पर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कृषि बजट का आकार घटा दिया है। जो कृषि बजट दो दशक पहले जीडीपी का 4.97 प्रतिशत था जो अब 2.74 प्रतिशत रह गया है। कृषि उपज का न्यूनतम मूल्य तय करते समय स्वामीनाथन का फार्मूला भूल गए हैं। हमारे समय गेहूं की एमएसपी 119 प्रतिशत बढ़ाई गई लेकिन मोदी सरकार ने गेहूं की एमएसपी 47 प्रतिशत और धान की एमएमपी 50 प्रतिशत बढ़ाई। सैलजा ने कहा कि ये पूंजीपतियों के मित्र हैं और किसानों के दुख को नहीं समझते। हमारी सरकार ने 72 हजार करोड़ रुपए का किसानों का ऋण माफ किया था और मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ रुपए का उद्योगपतियों का ऋण माफ किया है। आज हर किसान पर 35 लाख रुपए का कर्ज है। मौजूदा सरकार ने किसान को मजबूर और मजदूर बना दिया है।



**इस साल का बजट कुछ पर मेहरबान है तो कुछ तो दरबान बनाने वाला है जिन पर मेहरबानी की है उन्हें दिल खोल कर दिया है और बाकियों को दरवाजे पर खड़ा कर दिया है : कुमारी सैलजा**

### केंद्रीय बजट जन विरोधी : अभिषेक बनर्जी

कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी ने बजट को जन विरोधी बताया और कहा कि भाजपा पिछले 10 साल के दौरान भेदभाव तथा अभिमान की राजनीति करती रही है लेकिन अब वक्त बदल गया है। देश की जनता ने लोकतंत्र के भाजपा के स्टाइल को नामंजूर किया है इसलिए मेजे बजाकर हो हल्ला करने वालों की संख्या घटी है। अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता में आई भाजपा ने लोगों के साथ अन्याय किया और उनका शोषण किया है। उन्होंने महंगाई को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। गैस, सब्जियां और अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम आम लोगों की पहुंच से बहुत ऊपर हैं। भाजपा सरकार में दलितों के साथ अत्याचार हो रहा है और यह बात सामाजिक न्याय मंत्रालय के आंकड़ों में दी गई है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में दलितों के साथ बड़ी संख्या में अत्याचार होने का डाटा है।

### बजट में बिहार के लिए झुनझुना : मीसा भारती

आरजेडी सांसद मीसा भारती ने कहा कि बिहार को मिला क्या है। कहीं न कहीं उन्हें एक झुनझुना और लॉलीपॉप देकर पीएम के सर पर लटक रही तलवार को टाला गया है। इसमें मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है। युवाओं के लिए कुछ नहीं है रोजगार पर कोई बात नहीं हुई है। बहुत सी योजनाएं जिसकी इन्होंने घोषणा की है वो पहले से चल रही है, बस उसे नए तरीके से पैक कर प्रस्तुत किया गया है। बिहार में चुनाव है इसलिए हमें और जनता को लगता है कि यह चुनावी घोषणाएं साबित होंगी। समाजवादी पार्टी के बीरेंद्र सिंह ने बजट का विरोध किया और कहा कि किसानों की आय बढाने की जरूरत है और इससे ही उनकी स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। इसके लिए खेती की लागत कम करनी होगी और किसानों को उनके उत्पादों की सही कीमत देनी होगी। किसानों को एमएसपी का झुनझुना दिया गया है जबकि असलियत यह है कि कुछ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने अग्निवीर योजना का भी मुद्दा उठाया और कहा कि किसान और गरीब का बेटा सेना में भर्ती होता है।उनको सेना में सम्मान मिलना चाहिए। सैनिक की सारी सुविधाएं उन्हें मिलनी चाहिए जिसे मोदी सरकार ने बंद कर दिया है और उन्हें अग्निवी बना दिया गया है। अग्निवीर को शहीद होने पर शहीद का भी दर्जा नहीं दिया जाता है।

### बजट से सरकार की कमजोरी दिख रही : अखिलेश यादव



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बजट के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि इस बजट से दिखाई दे रहा है कि सरकार कितनी कमजोर है। हम सब लोग किसान के लिए उसका समर्थन मूल्य मांग रहे थे। हम लोग किसान के लिए पैकेज मांगते हैं, गरीब के लिए पैकेज मांगते हैं लेकिन इस सरकार ने किसको पैकेज दिया, जो सरकार चलवा रहे हैं। सरकार चलाने के लिए पैकेज मिल रहा है। बिहार और आंध्र प्रदेश को पैकेज मिला हम ये नहीं कहते कि पैकेज नहीं मिलना चाहिए। विकास के लिए पैसा मिले लेकिन दूसरे प्रदेशों के साथ भी भेदभाव न हो, जो एक्सप्रेसवे आप बिहार को दे रेह हैं उसे अगर यूपी से जोड़ देंगे तो देश का ज्यादा भला होगा। उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव हम स्वीकार नहीं कर सकते हैं। पैकेज इंडिया गठबंधन वाले भी तैयार रखे हैं अगर पैकेज से ही सरकार बननी है तो। अखिलेश यादव ने कहा कि समर्थन मूल्य किसान को न देकर गठबंधन के साथियों को दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश को बड़े सपने दिखाए थे, क्या मिला उत्तर प्रदेश को। डबल इंजन की सरकार है तो डबल लाभ मिलना चाहिए था, दिल्ली का लाभ लखनऊ का लाभ लेकिन लगता है कि दिल्ली अब लखनऊ की ओर नहीं देख रही है या लखनऊ वालों ने दिल्ली वालों को नाराज कर दिया और इसका परिणाम बजट में दिखाई दे रहा है। विकास बिहार जा रहा है तो उत्तर प्रदेश को क्यों छोड़ रहे हैं। बाढ़ अगर बिहार की रोकनी है तो नेपाल और उत्तर प्रदेश की बाढ़ रोके बिना आप बिहार की बाढ़ कैसे रोकेंगे। आप पहले उत्तर प्रदेश और नेपाल की बाढ़ रोके तो बिहार की बाढ़ अपने आप रुक जाएगी।

# विशेष पैकेज के नाम पर बिहार को किया जा रहा गुमराह : राजद

## अधिकांश पुरानी योजनाओं को रिपैकेजिंग कर 58 हजार करोड़ का विशेष पैकेज दिखाए जाने का लगाया आरोप

**बिहार,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, मृत्यंजय तिवारी एवं आरजू खान ने कहा कि एनडीए सरकार स्पेशल पैकेज देने के नाम पर बिहार के लोगों को गुमराह करने की कोशिश हो रही है। अधिकांश पुरानी योजनाओं को रिपैकेजिंग कर लगभग 58 हजार करोड़ का स्पेशल पैकेज दिखाया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि हकीकत तो यह है कि बिहार के एनडीए सांसदों की तुलना में कम सांसदों वाली तेलगु देशम पार्टी ने स्पेशल पैकेज के रूप में अपने आन्ध्र प्रदेश के लिए बिहार से ज्यादा राशि और कई नई योजनाएं लेने में कामयाब रहा जबकि बिहार को पुरानी योजनाओं को हीं पैकेज का हिस्सा बताकर बड़ी राशि दिखा दी गई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को एक्सप्रेस-वे दिलाने का श्रेय देते हुए राजद प्रवक्ता ने कहा कि तत्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के कार्यकाल में 2022 में हीं पूर्णिया एक्सप्रेस वे का डीपीआर तैयार करने के लिए टेंडर मांग लिया गया था। इसी प्रकार तेजस्वी यादव ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर अगस्त 2023 में हीं बक्सर -भागलपुर एक्सप्रेस वे को स्वीकृत करा लिया गया था। गया औधोगिक कोरिडोर का निर्माण मई 2023 में हीं शुरू हो चुका है और महाबोधि कोरिडोर भी एक साल पहले की योजना है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पीरपैंती (भागलपुर) में पावर प्लांट लगाने का निर्णय मोदी जी के प्रधानमंत्रित्व में सरकार बनने के पहले का है। पीरपैंती (भागलपुर), चौसा (बक्सर) और कजरा (लखीसराय) तीनों पावर प्लांट लगाने का निर्णय एक हीं समय लिया गया था। जिसे पिछले दस वर्षों से केन्द्र सरकार ठंडे बस्ते में डाले हुए था। चितरंजन गगन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2015 में जो स्पेशल पैकेज की घोषणा की थी और जदयू और भाजपा नेताओं द्वारा दावा किया जा रहा है कि बिहार को वह मिल गया है तो उन्हें बताना चाहिए कि वह दिखाई क्यों नहीं पड़ रहा है। प्रधानमंत्री जी के उस विशेष पैकेज में बोधगया में आईआईएम, भागलपुर में केन्द्रीय विवि, राजेन्द्र प्रसाद कषि विवि को केंद्रीय विवि, 676 किमी रेलवे लाइन, रक्सौल और पूर्णिया में हवाई अड्डा, सात पर्यटन सर्किट, 2775 किमी फोर लेन हाईवे, 12 रेलवे ओवरब्रिज, 22500 किमी ग्रामीण सड़क और एक लाख युवाओं के लिए मेगा स्किल विश्वविद्यालय सहित अनेकों योजनाएं शामिल थी उसका क्या हुआ।



**बिहार को पुरानी योजनाओं को हीं पैकेज का हिस्सा बताकर बड़ी राशि दिखा दी गई : चित्तरंजन गगन**

### बिहार की जनता नहीं करेगी इसे माफ

राजद प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए विशेष रूप से आग्रह किया गया था। विशेष पैकेज में उसकी भी चर्चा नहीं है और मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि उनकी सारी मांगें मान ली गई। राजद प्रवक्ताओं ने कहा कि नीतीश ने बिहार की जनता के साथ जिस प्रकार से वादा खिलाफी की है, बिहार की जनता इसे माफ नहीं करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव, पार्टी के प्रदेश महासचिव निर्भय अम्बेडकर, अभिषेक कुमार, संजय यादव, मदन शर्मा, प्रमोद राम, फैयाज आलम कमाल एवं डॉ.प्रेम कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे।

# श्रीलंकाई नौसेना ने नौ मछुआरों को किया गिरफ्तार : स्टालिन

## केंद्र सरकार से सभी मछुआरों की रिहाई के लिए जल्द कदम उठाने का किया आग्रह

**चेन्नई,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने बुधवार को केंद्र सरकार को बताया कि श्रीलंकाई नौसेना ने राज्य के नौ मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है और उनकी दो नावों को भी अपने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से सभी मछुआरों और उनकी नावों की रिहाई के लिए जल्द कदम उठाने का आग्रह किया। वहीं अपने पत्र में मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने लिखा कि मैं यह बताने के लिए बाध्य हूं कि इस कैलेंडर वर्ष के दौरान 22 जुलाई 2024 तक अकेले श्रीलंकाई नेवी अधिकारियों ने हमारे 250 मछुआरों को गिरफ्तार किया है, जो कि साल 2014 के बाद से सबसे अधिक है। मछुआरों को डराने-धमकाने और गिरफ्तार करने, उनकी नावों और मछली पकड़ने के उपकरणों को जब्त करने की घटनाएं लगातार जारी हैं, जिससे मछुआरा समुदाय बेहद परेशान है। इसलिए, मैं आग्रह करता हूं कि इस स्थिति को आसान बनाने के लिए राजनयिक माध्यमों से गंभीर प्रयास शुरू किए जाएं।



**2014 के बाद से सबसे अधिक मछुआरे किए गए गिरफ्तार : स्टालिन**

### पहले भी स्टालिन ने लिखा था विदेश मंत्री को पत्र

वहीं इससे पहले भी तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि हाल के हफ्तों में श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से तमिलनाडु के मछुआरों को हिरासत में लेने की मामलों में जबरदस्त बढोत्तरी हुई है। इसके साथ ही सीएम स्टालिन ने उनसे राज्य के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए एक स्थायी समाधान खोजने के लिए आवश्यक ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया था।

# कृषि क्षेत्र के लिए बजट सकारात्मक : सभरवाल



**नई दिल्ली** 24 जुलाई (एजेंसियां)। कृषि क्षेत्र के लिए बजट में व्यापक और विकासोन्मुख दृष्टिकोण है, ये अपेक्षित था। जो इस क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए है। 2024-25 के बजट में कृषि क्षेत्र पर जोर उद्योग और उसके सहयोगी संगठनों के लिए एक स्वागत योग्य प्रोत्साहन है। इस क्षेत्र को 1.52 लाख करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिसमें धन का एक बड़ा हिस्सा दालों और तिलहन जैसी कुछ वस्तुओं के उत्पादन, भंडारण और मार्केटिंग में सुधार के लिए है। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, संदीप सभरवाल, ग्रुप सीईओ, सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट लिमिटेड कहते हैं कि इसके अतिरिक्त, सब्जी आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए, बजट में प्रमुख उपभोग केंद्रों के पास बड़े पैमाने पर उत्पादन क्लस्टर बनाने का प्रस्ताव है। इस पहल का उद्देश्य परिवहन और वितरण लागत को कम करके आपूर्ति-श्रृंखला प्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित और कुशल बनाना है। साथ ही बेहतर बुनियादी ढांचे से फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी जो वर्तमान में इस क्षेत्र की प्रमुख चिंताओं में से एक है, विशेषकर सब्जी उत्पादकों के लिए। आपूर्ति श्रृंखला दक्षता और भंडारण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए किसान-उत्पादक संगठनों (एफपीओ), सहकारी समितियों और निजी प्लेयर के साथ सहयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता आशावादी है। इन संगठनों को बढ़ावा देकर, किसान इनपुट, प्रौद्योगिकी और बाजार संपर्क तक बेहतर पहुंच प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी उत्पादकता और प्रॉफिटेबिलिटी में और सुधार हो सकता है। कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के विकास में सरकार की पहल बजट के प्रगतिशील दृष्टिकोण को दर्शाती है। हम एक डिजिटल युग में रह रहे हैं जहां 'फिजिटल' इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने की कुंजी है।

## संसद से

### जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद पूरी तरह समाप्त होगा : नित्यानंद राय

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में जम्मू कश्मीर में हाल में मुठभेड़ में 28 आतंकवादियों के मारे जाने का हवाला देते हुए कहा कि यह सरकार आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त कर दम देगी और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राय ने सदन में प्रश्नकाल में कांग्रेस के प्रमोद तिवारी के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि आतंकवादियों के साथ हाल में हुइ मुठभेड़ों में कुछ जवान भी शहीद हुए हैं, लेकिन मारे गए आंतकवादियों की संख्या ज्यादा है। यह दुर्घटना इतनी भयानक थी कि प्रभावितों के पार्थिव शरीर में नहीं मिल सके और उनका विधिवत अंतिम संस्कार भी नहीं किया जा सका।

### रास में उठी कनिष्क विमान बम विस्फोट के पीड़ितों को न्याय देने की मांग

आम आदमी पार्टी के अशोक कुमार मित्तल ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि वर्ष 1985 में कनिष्क विमान बम विस्फोट के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सक्रियता से काम किया जाना चाहिए। मित्तल ने सदन में शून्य काल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि 23 जून 1985 को अंध (अटलांटिक) महासागर के ऊपर कनिष्क विमान बम विस्फोट में 329 लोग मारे गए थे। इनमें से 82 बच्चे थे।

### मछली निर्यात में दुनिया में दूसरे स्थान पर भारत

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह ने आज राज्यसभा में कहा कि भारत प्रति वर्ष 63 हजार करोड़ रुपये का मछली निर्यात कर रहा है और देश इस मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। सिंह ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि देश में मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मछली निर्यात में अधिकांश हिस्सेदारी झींगा मछली की है। मूल्य संवर्धन किये जाने का काम किया जा रहा है।

### चांदीपुरा वायरस की रोकथाम को जल्द से जल्द कदम उठाए सरकार : गनीबेन

कांग्रेस की गनीबेन नगाजी ठाकोर ने गुजरात में फैल रहे गंभीर चांदीपुरा वायरस पर चिंता व्यक्त करते हुए लोकसभा में इसके रोकथाम के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने की सरकार से मांग की। गुजरात के बनासकांठा की सांसद गनीबेन नगाजी ठाकोर ने शून्यकाल के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र समेत राज्य के अन्य इलाक़ों में फैल रही चाँदीपुरा वायरस को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र समेत पूरे गुजरात में चांदीपुरा वायरस भयानक रूप लेता जा रहा है। गुजरात के अलग अलग जिले में अब तक 84 मामले सामने आ चुके हैं।

### डीएमके सांसद ने रेल पटरियों के किनारे बाड़ लगाने का विरोध किया

लोकसभा में तमिलनाडु के सलेम से डीएमके सांसद टी.एम. सेल्वागणपति ने सलेम के पास रेलवे पटरियों पर बाड़ लगाने पर चिंता जताई है। इससे पटरियों के किनारे रहने वाले हजारों किसानों की आजीविका प्रभावित हो रही है। संपत्ति की बाड़ लगाने के नाम पर, वे रेलवे पटरियों के किनारे रहने वाले लोगों की आजीविका को बाड़ लगा रहे हैं। रेलवे पटरियों पर बाड़ लगाने का काम मुख्य रूप से रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण को रोकने को किया जाता है व इससे जानवरों व वाहनों के प्रवेश को भी रोका जाता है।

### संवैधानिक संस्थाओं के अध्यक्ष पदों पर शीघ्र की जाएं नियुक्तियां : कीर्ति आजाद

तृणमूल कांग्रेस नेता कीर्ति आजाद ने लोकसभा में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के रिक्त अध्यक्ष के पदों पर शीघ्र नियुक्तियां किए जाने की मांग की। आजाद ने शून्य काल के दौरान कहा कि संवैधानिक दर्जा प्राप्त इन आयोगों के अध्यक्ष पदों पर नियुक्तियां क्यों नहीं की जा रही हैं, यह समझ से परे है। उन्होंने वंचित और पिछड़े वर्गों से ताल्लुक रखने वाले इन आयोगों के अध्यक्ष पदों पर जल्द से जल्द से नियुक्तियां किए जाने की मांग की।

### बच्चों को स्नातक तक मुफ्त शिक्षा दिए जाने की उठी मांग

भाजपा के अनिल फिरोजिया ने शिक्षा के अधिकार कानून के तहत बच्चों को स्नातक तक मुफ्त शिक्षा दिए जाने की मांग की। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत बच्चों को एक से आठवीं कक्षा तक ही शिक्षा दी जाती है, जिससे उनका भविष्य संवर नहीं पाता। इस कानून के तहत शिक्षा प्राप्त करने वाले अधिकतर बच्चे गरीब व वंचित वर्ग से होते हैं, अतः वे आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई के लिये फीस भर नहीं पाते और उनकी शिक्षा अधूरी ही रह जाती है। उन्होंने सरकार से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत बच्चों की शिक्षा स्नातक तक किये की मांग की।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में कुछ महीनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी : सिन्हा

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि कुछ महीनों में यहां स्थिति सामान्य हो जाएगी। सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग हैं जो जम्मू-कश्मीर की शांति और प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं और उन्हें अपने अंत के लिए तैयार रहना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पहले ही ऐसे तत्वों को जवाब दिया है और बार-बार यह साबित किया है। मुझे उम्मीद है कि कुछ महीनों के भीतर स्थिति सामान्य हो जायेगी।

### पूर्व सांसद शिशुपाल पटले का भाजपा से इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अगामी विधानसभा चुनाव से पहले पूर्वी विदर्भ में भारतीय जनता पार्टी को बुधवार को उस समय बड़ा झटका लगा जब पार्टी नेता एवं पूर्व सांसद शिशुपाल पटले ने इस्तीफा दे दिया। पटले ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को अपना त्यागपत्र भेजा है। अपने त्यागपत्र में उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी का भाजपा युग खत्म हो चुका है। वे किसानों, खेत मजदूरों व बेरोजगारों के ज्वलंत मुद्दों पर काम कर रहे थे, लेकिन राज्य सरकार व कथित सत्ता के खेल में शामिल पार्टी नेतृत्व ने उनके मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे उन्हें भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ा।

### भूटान के नरेश व प्रधानमंत्री को पटेल ने दी भावपूर्ण विदाई

**गांधीनगर।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक तथा प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर भावपूर्ण विदाई दी। राज्य के प्रोटोकॉल मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, भारत के भूटान स्थित राजदूत सुधाकर दलेला, राज्य के मुख्य सचिव राज कुमार, राज्य पुलिस महानिदेशक विकास सहाय, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव अनुराग श्रीवास्तव, अहमदाबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त अजय चौधरी, मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी ज्वलंत त्रिवेदी, अहमदाबाद जिला कलेक्टर प्रवीणा डी. के. आदि उच्चाधिकारियों ने भी इस अवसर पर वांगचुक तथा तोबगे को विदाई दी।

### कोविंद ने चारीजी महाराज की जयंती समारोह का किया उद्घाटन

**हैदराबाद।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को तेलंगाना के हैदराबाद शहर के बाहरी इलाके कान्हा शांति वनम में हार्टफुलनेस मेडिटेशन के अग्रणी शिक्षकों में से एक पूज्य चारीजी महाराज की 97वीं जयंती समारोह का उद्घाटन किया। समारोह की शुरुआत में हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक दाजी (कमलेश डी पटेल) के नेतृत्व में एक शांत ध्यान सत्र के साथ हुई।

**चिंता** *जम्मू-कश्मीर में भीषण गर्मी व कम बारिश ने बढ़ाई चिंता*

# जलाशयों में पानी की कमी से बिजली उत्पादन 15 फीसदी गिरा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में भीषण गर्मी और कम बारिश के कारण जलाशयों में पानी के कम होने से बिजली उत्पादन में 15 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। अगर ऐसा ही रहा तो आगे और अधिक अभूतपूर्व बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है।

जम्मू-कश्मीर में कुल बिजली उत्पादन, जो मुख्य रूप से जलविद्युत परियोजनाओं से आता है, वर्तमान में 1000 मेगावाट से भी कम है, जबकि इस क्षेत्र में गर्मियों के मौसम में अधिकतम उत्पादन 1200 मेगावाट होता है। विशेषज्ञों का कहना था कि बारिश की कमी के कारण जम्मू-कश्मीर में जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक नदियां और जल आपूर्ति सूख रही है। उन्होंने दावा किया कि अगर भीषण गर्मी और सूखा जारी रहा तो यह समस्याएँ और भी बढ़ सकती हैं। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मुख्तार अहमद ने बताया कि कश्मीर में जुलाई महीने में अब तक लगभग 70 प्रतिशत कम बारिश हुई है।



■ **गर्मी व सूखा जारी रहने से समस्याओं में और वृद्धि की जताई संभावना**

वादी में सामान्य 64 मिलीमीटर की तुलना में 10 मिलीमीटर से भी कम बारिश हुई। इसके परिणामस्वरूप जल संकट पैदा हो गया है और घरेलू आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। वे कहते थे कि अगर सूखा जारी रहा तो इसका असर कृषि और बागवानी क्षेत्रों पर भी पड़ेगा। अहमद का कहना था कि इस साल सूखे जैसी स्थिति कश्मीर में जलविद्युत उत्पादकों के लिए भी समस्या पैदा करेगी क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। बिजली विकास विभाग (पीडीडी) के प्रधान सचिव एच राजेश प्रसाद ने स्वीकार किया कि बिजली उत्पादन में कमी आई है, लेकिन उन्होंने कहा कि विभाग बिजली वितरण में मामूली बदलाव के कारण प्रबंधन कर रहा है। प्रसाद का कहना था कि झेलम और सिंध नदियों पर बिजली संयंत्रों में कुछ कमी आ रही है क्योंकि हमें घरेलू और कृषि जरूरतों के लिए कुछ पानी डायवर्ट करना पड़ता है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि चिनाब नदी पर बगलिहार बिजली परियोजना अब पूरी क्षमता से काम कर रही है और प्रमुख जरूरत को पूरा कर रही है। गौरतलब है कि सोमवार को मौसम विभाग ने दावा किया था कि बारिश की कमी के कारण झेलम नदी में जल स्तर में 30 प्रतिशत की कमी आई है। प्रधान सचिव ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में बिजली उत्पादन बारिश से नहीं बल्कि ग्लेशियरों से होता है, इसलिए ग्लेशियरों के प्रभावित होने पर हमें गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल हम आरामदायक स्थिति में हैं, लेकिन अगर गर्मी जारी रही तो हमारे लिए आगे कठिन समय होगा।

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# कैपिटल ज़ोन

## केंद्रीय आम बजट बेहद निराशाजनक : आप

### राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने बजट 2024 को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉक्टर संदीप पाठक ने बजट 2024 को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। वहीं, उन्होंने मंगलवार को दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में उठाए गए मुद्दों पर भी जानकारी दी। संदीप पाठक ने कहा कि इस बार का बजट बेहद निराशाजनक रहा है। इस बजट में सरकार ने न तो रोजगार पर ध्यान दिया है, ना ही युवाओं और किसानों के लिए कुछ किया है। केंद्र सरकार ने इस बजट में दिल्ली और पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार किया है। इंडिया गठबंधन की बैठक में नीति आयोग की बैठक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सेहत का मुद्दा भी उठा। नीति आयोग की बैठक में केंद्र सरकार की तरफ से निमंत्रण तो दिया जाता है लेकिन उस बैठक में कुछ नहीं निकलता है। बैठक में बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं पर लागू एक भी नहीं होती। इस बार के बजट से केंद्र सरकार का विजन साफ दिखाई दे रहा है। केन्द्र सरकार छोटी मानसिकता के साथ काम कर रही है। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आगे कहा कि आज सरकार को जगाने की जरूरत है। आप एक विशाल देश के प्रधानमंत्री हैं, इतने महान देश के प्रधानमंत्री होने के बाद इतनी



■ बजट में दिल्ली और पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का लगाया आरोप

छोटी विचारधारा से आप बजट बनाओगे तो देश आगे कैसे बढ़ेगा। इंडिया गठबंधन की बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जाहिर की गई। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। उनका शुगर लेवल बार-बार कम हो रहा है। उनका शुगर लेवल 50 से भी नीचे गिरता जा रहा है। इस तरीके से रात में शुगर लेवल कम होना किसी भी व्यक्ति की जान के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इसपर एलजी साहब चिट्ठी लिखकर कहते हैं कि आप यह नहीं खा रहे है, वह नहीं खा रहे हैं। एक इंसान की जान का सवाल है और

**मोदी सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व किसानों से कोई मतलब नहीं है : संदीप पाठक**

आप इस तरह की घटिया मजाक कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल हुए विपक्ष के सभी नेताओं ने इसपर चिंता जाहिर की है और कहा कि अरविंद केजरीवाल जी की जान के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

**सरकार के इस बजट का कोई लक्ष्य नहीं**

बजट पर संदीप पाठक ने कहा कि सरकार के इस बजट का कोई लक्ष्य नहीं है। आप 10 साल से सरकार चला रहे हो तो आपके पास एक रोडमैप तो होना चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि किस क्षेत्र को बढ़ावा देना है। आज बेरोजगारी दर 7.2 से बढ़कर 9त्न हो गई है। आपका कॉर्पोरेट मुनाफा तो बढ़ गया है लेकिन रोजगार नहीं बढ़ पाया है। किसानों को एमएसपी की गारंटी तो बहुत दूर की बात है आपने फर्टिलाइजर की सब्सिडी में 36 फीसदी की कमी कर दी है। भाजपा सरकार देश के किसानों से बेहद नफरत करती है। आप कॉर्पोरेट के बारे में तो सोच रहे हो लेकिन आपने किसान और युवाओं के बारे में एक बार भी नहीं सोचा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र से आपको कोई मतलब नहीं है।

**आयुष्मान भारत भी अन्य योजनाओं की तरह एक जुमला बनकर रह गई : पाठक**

आप राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आगे कहा कि आयुष्मान भारत भी अन्य योजनाओं की तरह एक जुमला बनकर रह गया है। आयुष्मान भारत के लिए आप 7000 करोड़ का बजट रखते हो जबकि अकेले दिल्ली सरकार का हेल्थ बजट 9000 करोड रुपए है। यह किस तरह का भद्दा मजाक केंद्र सरकार देश के लोगों के साथ कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और किसानों से इन्हें कोई मतलब नहीं है, इन्हें बस अपनी कुर्सी बचानी है। जो केंद्र सरकार के राजनीतिक दोस्त हैं उन राज्यों को बजट में सबसे ऊपर रखा गया है। आपने गठबंधन होने के बाद ही क्यों उन राज्यों के बारे में सोचा। इससे पहले आपने उन राज्यों के बारे में कुछ क्यों नहीं किया। दिल्ली और पंजाब के साथ आपने भेदभाव किया है क्योंकि यहां पर आपके साथियों की सरकार नहीं है। अपने दिल्ली और पंजाब के हिस्से का पैसा रोक रखा है।

## सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया देश विदेश में चेप्टर का विस्तार का विस्तार करेगी

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया गाजियाबाद, फरीदाबाद, बनारस




के चेप्टर का 27-28 जूलाई 2024 को लखनऊ में राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में अपना विस्तार करेगी। इसकी जानकारी सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन दास लढ़ानी एवम सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव चंद्रभान लाल चनदानी ने पत्रकार वार्ता में दिया। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया दिल्ली-एनसीआर के अध्यक्ष अशोक लालवानी ने बताया सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया सिंधी का अंतरराष्ट्रीय संस्था है इसलिए इसका जल्द ही नेपाल, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्पेन, इत्यादि में विस्तार किया जाएगा।

## किशन गंज आरयूबी की हालत बहुत दयनीय : जय प्रकाश

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व मेयर जय प्रकाश ने बुधवार को किशन गंज आरयूडी से संबंधित मुद्दों को लेकर एमसीडी कमिश्नर अश्वनी कुमार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि किशन गंज आरयूबी की हालत बहुत दयनीय है। उन्होंने बताया कि उत्तरी दिल्ली के मेयर के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, किशन गंज आरयूबी के कुछ हिस्सों को सार्वजनिक उपयोग के लिए खोला गया था। किशनगंज आरयूबी में 4 बॉक्स हैं और आज की स्थिति में, 4 बॉक्स में से केवल 2 ही काम कर रहे हैं। हालांकि तीसरे से यातायात चल रहा था, लेकिन अब यह भी काम नहीं कर रहा है और चौथे बॉक्स पर अतिक्रमणकर्ता के साथ मुकदमा चल रहा है और रेलवे द्वारा अभी तक इसका निपटारा नहीं किया गया है। जय प्रकाश ने कहा कि आरयूबी को पहली नजर में देखने से ही पता चलता है कि इसका रख रखाव ठीक से नहीं किया गया है। क्षेत्र में हल्की बारिश होने पर चालू बॉक्स में पानी भर जाता है और पुल बंगश और आजाद मार्केट तक यातायात अवरुद्ध हो जाता है। उन्होंने आयुक्त से मामले में निर्देश जारी करने का अनुरोध किया ताकि जलभराव की समस्या का समाधान किया जा सके।


■ पूर्व महापौर ने एमसीडी आयुक्त से की मुलाकात
■ समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**सार संक्षेप**

### अपने प्रोबायोटिक बेवरेज पोर्टफोलियो में याकुल्ट ने किया विस्तार




**नई दिल्ली।** दुनिया के जाने-माने प्रोबायोटिक ब्रांड याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने बुधवार को याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर लॉन्च किया। इस अवसर पर बॉलीवुड स्टार सान्या मल्होत्रा, मंत्री और भारत में जापान के दूतावास के मिशन के उप-प्रमुख ताकाशी आरियोशी, याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर ईजी अमानो और याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की विज्ञान और नियामक मामलों की प्रमुख डॉ. नीरजा हजेला मौजूद थीं। याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर जाने-माने याकुल्ट के जैसा ही एक प्रोडक्ट है। इस नए प्रोडक्ट में असली और पहले वाले याकुल्ट के समान वही अपने जैसा एक प्रोबायोटिक, 650 करोड़ लेक्टोबैसिलस कैसी शिरोटा शिरोटा स्ट्रेन उपलब्ध है। याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर के बारे में, याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर इजी अमानो ने कहा कि याकुल्ट में, हमारा मुख्य सिद्धांत अपने अनूठे प्रोबायोटिक स्ट्रेन लैक्टोबैसिलस कैसी शिरोटा स्ट्रेन का उपयोग करके दुनिया भर के ग्राहकों के पेट की सेहत को बेहतर बनाना है। बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या ने कहा मैं इस में अपने पेट को ठीक-ठाक रखने के लिए प्रोबायोटिक्स की अपनी रोज़मर्रा की ख़ुराक लेती हूं और याकुल्ट लंबे समय से मेरे खाने का एक ज़रूरी हिस्सा रहा है।

### यातायात पुलिस के हाथ आया स्पाइडर

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को सोशल मीडिया पर एक शिकायत मिली थी कि स्पाइडर-मैन की ड्रेस पहनकर एक शख्स एक कार के बोनट पर बैठकर वीडियो बना रहा है। शख्स की पहचना 20 साल के आदित्य के रूप में हुई है, जो नजफगढ़ का रहने वाला है। वहीं कार ड्राइवर 19 साल का गौरव सिंह है जो महावीर एनक्लेव में रहता है। पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए 26 हजार का चालान काटा है। पुलिस ने खतरनाक ड्राइविंग, बिना पीयूसी और सीट बेल्ट नहीं पहनने पर भी चालान कटा है।

### एसुस ने दिल्ली में अपने नए पेगासस स्टोर लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** देश भर में ब्रेंड की रिटेल उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में विशेष कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की प्रमुख टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने आज दिल्ली में पेगासस स्टोर की शुरुआत करने की घोषणा की है। 496 वर्ग फुट में फैला हुआ यह नवीनतम पेगासस स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रंखला पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स, जैसे- वीवोबुक्स, ज़ेनबुक्स, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ शामिल हैं। उक्त स्टोर के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, अर्नोल्ड सु, वाइस प्रेसिडेंट गेमिंग और कंज्यूमर सेगमेंट, एसुस इंडिया, ने कहा कि हम भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद गर्वित महसूस कर रहे हैं।

## आठ आईएएस अधिकारियों के हुए तबादले

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अलग-अलग विभागों में कार्यरत आठ आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, आईएएस अधिकारी चंचल यादव को एलजी ने गृह सचिव के पद पर तैनात किया है। खास बात है कि इन आठ अधिकारियों में से छह आईएएस अधिकारी वे हैं जो दिल्ली सरकार में तबादला होकर तो आ गए थे, लेकिन उन्हें अभी तक किसी विभाग में पोस्टिंग नहीं मिली थी। एलजी के आदेश के बाद दिल्ली सरकार के सेवा विभाग ने तबादले के आदेश और इन अधिकारियों की कहां-कहां पोस्टिंग हुई है, यह जारी कर दिया है। दिल्ली सरकार में 1996 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ए अनबरसु को लोक निर्माण विभाग में प्रिंसिपल सेक्रेटरी के साथ-साथ दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में सीईओ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी निखिल कुमार भूमि एवं


■ चंचल यादव को एलजी ने गृह सचिव के पद पर किया तैनात

संपदा विभाग में सचिव पद पर तैनात होंगे। इसी तरह चंचल यादव सेक्रेटरी होम की जिम्मेदारी संभालेंगी। आरती लाल शर्मा (2010 बैच की आईएएस अधिकारी है) की डीडीए में पोस्टिंग हुई है। 2010 बैच के आईएएस अधिकारी जितेंद्र यादव को एमसीडी में अतिरिक्त एडिशनल कमिश्नर के तौर पर पोस्टिंग की गई है। वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी रवि झा नई दिल्ली के डिप्टी कमिश्नर की भूमिका निभाएंगे। दानिक्स अधिकारी मराठे ओंकार गोपाल की

**इंतजार में बैठे अधिकारियों को मिला विभाग**

जानकारी के अनुसार, इस सूची में ऐसे छह आईएएस अधिकारी शामिल हैं, जो लंबे समय से अपनी पोस्टिंग के इंतजार में खाली बैठे थे। उन्हें भी अलग-अलग विभागों में भेजा गया है। आईएएस अधिकारी ए अनबरसु को लोक निर्माण विभाग में प्रिंसिपल सेक्रेटरी के साथ-साथ दिल्ली जल बोर्ड में सीईओ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

एमसीडी में पोस्टिंग की गई है। इसके अलावा, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में सेक्रेटरी की जिम्मेदारी संभाल रहे कृष्ण मोहन उप्पू जो 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं वह एक्साइज कमिश्नर के तौर पर अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे थे, अब उन्हें इससे मुक्त कर दिया गया है।



■ बुधवार सुबह भारी बारिश के बाद दिल्ली के जखीरा अंडरपास पर हुए जलभराव में जल क्रीड़ा करते बच्चे। अंडरपास पर जलभराव से कई वहान भी फंस गए। फोटो : इम्तियाज खान

## डिवाइन ब्रिक्स ने अपने एसोसिएट्स को पुरस्कार स्वरूप फ्लैट्स प्रदान किए

### कार्यक्रम में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने की शिरकत

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। डिवाइन ब्रिक्स रियल एस्टेट ने कोविड के बाद हुए मुनाफे का जश्न अपने एसोसिएट्स को 200 फ्लैट्स देने के साथ मनाया। यह अभूतपूर्व कदम सराहनीय है, बता दें कि कंपनी ने कोविड-19 महामारी के बाद 180 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि की, इसका जश्न मनाना तो लाजमी था। बता दें कि यह उपलब्धि कंपनी के ग्रोथ को अच्छा मुनाफा और बढ़ावा देने वाली है। डिवाइन ब्रिक्स ने अवॉर्ड



सेरेमनी में जानी मानी अभिनेत्री उर्वशी रौतेला को भी शामिल किया, उन्होंने ही एसोसिएट्स को चाबियाँ दी। यह यादगार जश्न कंपनी के मुख्यालय में आयोजित किया गया था, बता दें कि यह कदम डिवाइन ब्रिक्स रियल एस्टेट ने अपनी टीम की कड़ी मेहनत, डेडीकेशन और वफादारी को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। डिवाइन ब्रिक्स रियल एस्टेट के फाउंडर और डायरेक्टर महेंद्र सिंह ने भी अपनी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने मिशन व विजन को भी साझा किया।

## बजट पर विपक्ष के पास कहने को कुछ नहीं : प्रवीण

### बजट में पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश व अन्य राज्यों को भी दी गई जगह

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु। दिल्ली के चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बजट 2024-25 को लेकर विपक्ष पर निशाना भी साधा। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि विपक्ष के पास बजट को लेकर कहने को कुछ नहीं है। बजट में पहली बार कई महत्वपूर्ण प्रावधान लाए गए हैं। बजट में चार महत्वपूर्ण बिंदु इम्प्लॉयमेंट, एमएसएमई, स्किल डेवलपमेंट और मीडिल क्लास को केंद्र में रखा गया है। केवल आलोचना के लिए आलोचना करना विपक्ष की आदत बन गई है। उनकी बातों में कोई दम नहीं है। उनको अपनी आदत सुधारनी चाहिए। विपक्ष द्वारा आरोप लगाया गया है कि बजट 2024-25 में सिर्फ दो राज्यों को ध्यान दिया गया है, इसको लेकर भाजपा सांसद ने कहा कि ये गलत है। बजट में पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों को भी जगह दी गई है। जितनी भी



घोषणाएं बजट के अंदर हुई हैं, उनका लाभ पूरे देश को होने वाला है। ऐसे में विपक्ष द्वारा ये कहना कि सिर्फ एक और दो राज्यों को बजट का पैसा दिया गया, वो बिल्कुल गलत है।

**केजरीवाल सरकार केवल आरोप लगाने वाली सरकार**

दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार केवल आरोप लगाने वाली सरकार है। उन्होंने पिछले 9 वर्षों में दिल्ली के लिए कोई प्रोग्राम नहीं किया, कोई नई पहल नहीं की। वो पूरी तरह से फेल साबित हुए हैं। इसलिए वो केंद्र सरकार पर आरोप लगाकर अपनी राजनीति करना चाहते हैं, लेकिन दिल्ली की जनता ने इसको अच्छे से समझ लिया है।

### निगम पार्षद प्रीति गुप्ता के घौंडा वार्ड में हुआ 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ' समारोह



**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तर पूर्वी जिला घौंडा वार्ड 231 की निगम पार्षद प्रीति गुप्ता के क्षेत्र अरविंद नगर के शिव मंदिर धर्मशाला में 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ समारोह' का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत एक भव्य कलश यात्रा द्वारा घौंडा क्षेत्र में निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रवासी भी इस कलश यात्रा में सम्मिलित रहे। यह श्रीमद्भागवत कथा 22 जुलाई सोमवार से 28 जुलाई, 2024 रविवार तक रहेगी। सभी लोग श्रीमद्भागवत कथा (व्यास जी) पं राहुल कृष्ण भारद्वाज जी के मुखाबिंद द्वारा श्रवण कर सकेंगे।

**तैयारी** *कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर कवायद तेज*

## शिविरों को नजदीकी डिस्पेंसरी से जोड़ा

**नई दिल्ली, 24 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार ने अपने सभी कांवड़ शिविरों को नजदीकी डिस्पेंसरी से जोड़ा है। यहां कैट्स एंबुलेंस की भी तैनाती की गई है। दिल्ली सरकार ने कांवड यात्रा के दौरान हर हालत से निपटने के लिए जिला प्रशासन को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। दूसरी तरफ सरकार की सभी शिविर वाटरप्रूफ हैं। इसमें हर जरूरी सुविधा का इंतजाम है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने बुधवार इसकी जानकारी दी।**

इससे पहले उन्होंने दिल्ली सरकार की तरफ से कश्मीरी गेट स्थित अग्रसेन पार्क में लगाए गए कांवड शिविर का दौरा किया। दिल्ली के बड़े कांवड शिविरों में से एक इस शिविर की क्षमता करीब 20,000 की है। इसमें महिला व पुरुष कांवड़ियों के विश्राम के लिए अलग-अलग इंतजाम है। वहीं, खाने के लिए बड़ा डाइनिंग हॉल भी है। आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 185 कांवड़ शिविर लगाए गए हैं। इसमें कांवड़ रखने के लिए विशेष स्टैंड बनाए गए हैं। साथ में वाटरप्रूफ टेंट, रहने-सोने की व्यवस्था, पानी, शौचालय सहित दूसरे इंतजाम हैं। हर कांवड़ शिविर


■ अग्रसेन पार्क में आतिशी ने किया कांवड शिविर का दौरा
■ महिला व पुरुष कांवड़ियों के किए गए अलग-अलग इंतजाम

में मेडिकल सुविधाएं हैं। कोशिश यही है कि शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। आतिशी ने कहा कि इस साल भी सभी शिविरों में 24 घंटे मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे, ताकि लंबी दूरी तय कर आ रहे कांवड़ियों का जरूरत पड़ने पर तुरंत उपचार दिया जा सके। कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए स्थानीय डिस्पेंसरियों को शिविरों से जोड़ा गया है।

किसी भी आपात स्थिति के लिए कैट्स एंबुलेंस को जोड़ा गया है। अस्पतालों को कांवड़ियों के इलाज के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हालत से निपटने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट पर रहे। कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए हर जरूरी कदम सुनिश्चित किया जाए।

## बर्फ से निर्मित शिवलिंग के किए दर्शन

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। नई दिल्ली में गीता भवन में सावन के पहले सोमवार को बर्फ से विशाल शिव लिंग बनाया गया इस अवसर पर लाइफ कैरी ऑन के अध्यक्ष सुनील पराशर ने दर्शन किए जहां मन्दिर के प्रमुख पुजारी ने बताया कि हर सावन पर भव्यता के साथ बर्फ का शिवलिंग बनता है जहां सर पर चांदी के शिव जी की मूर्ति होती है दर्शनों के लिए भगत दूर दूर से यहां के भोले के दर्शन कर अपनी मन्नत मांगते हैं जो पूरी होती है जो सचे दिल से माँगता है मीडिया परसोना सुनील पराशर ने कहा कि इस शिवलिंग की भव्यता देखते ही बनती हैं लगता है भगवान शिव साक्षात आपको दर्शन दे रहे है एक शगुन सा मिलता है दर्शन कर, इन पवित्र दिनों मे भोले सबकी मनोकामना पूरी करते है।




**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना– ई – टेंडरिग द्वारा निविदा आमंत्रण
(ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-1259- 1252-MB Date 23.07.2024 | सहायक अधि. अभि. पुल/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में मुरादाबाद – सहारनपुर खंड के पुल संख्या 1252 UP (10X22.40m),1252 DN(10X23.20m), 1259 UP(8X45.75), 1259 DN(16X21.65m) पर साइड पाथवे प्रदान करने का कार्य । | Rs. 33911072.05/- | Rs. 319600/- | 8 (आठ) महीने | दिनांक 16.08.2024 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |

नोटः उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2241/24

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "नया गाजियाबाद टाउनशिप दिल्ली-मेरठ मार्ग पर दुहाई, भिक्कनपुर और मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना के आसपास बसाया जाएगा। इस सम्बंध में जीडीए की आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित करके शासन को भेजा जाएगा : **अतुल वत्स,जीडीए उपाध्यक्ष**

## जीडीए बसाएगा नया गाजियाबाद टाउनशिप, तैयार हुई प्लानिंग



- मेट्रो, रैपिड रेल के आसपास बसेगी अत्याधुनिक टाउनशिप
- किसानों की सहमति से ली जाएगी पांच सौ हेक्टयर भूमि-अतुल वत्स

**गाजियाबाद,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने नया गाजियाबाद नाम से एक अत्याधुनिक टाउनशिप बसाने के अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली है। यह टाउनशिप नमो भारत ट्रैन (आरआरटीएस) व मेट्रो के आसपास बसाई जाएगी। जिसका उद्देश्य यह है कि निकट भविष्य में वहां रहने वाले लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। राजनगर के राजकुंज की तर्ज पर पांच सौ हेक्टेयर भूमि पर यह टाउनशिप बसाई जाएगी।

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स में बुधवार को बताया कि नया गाजियाबाद टाउनशिप दिल्ली-मेरठ मार्ग पर दुहाई, भिक्कनपुर और मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना के आसपास बसाया जाएगा। इस सम्बंध में जीडीए की आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित करके शासन को भेजा जाएगा। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत नए शहरों को बसाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से भूमि खरीदने पर 50 प्रतिशत की धनराशि दी जा रही है। इसके लिए बकायदा शासनादेश भी जारी किया जा चुका है।

इस योजना के तहत जीडीए के तत्कालीन उपाध्यक्ष ने शासन को कोई प्रस्ताव नहीं भेजा था। अब जीडीए उपाध्यक्ष ने इसमें रूची लेते हुए योजना का पूरा खाका तैयार कर लिया है। इस योजना के अंतर्गत अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, खुर्जा- बुलंदशहर विकास प्राधिकरण समेत कई प्राधिकरणों को नया शहर बसाने के लिए किश्तों में धनराशि मिल चुकी है। इसके तहत गोरखपुर को 2000 करोड़ रुपए व अलीगढ़ विकास प्राधिकरण को करीब 350 करोड़ रुपए और खुर्जा-बुलंदशहर विकास प्राधिकरण को करीब 170 करोड़ रुपए किश्तों में दिए जा चुके हैं।

उपाध्यक्ष ने बताया कि नई टाउनशिप में बसाने के लिए साइबर सिटी, कमर्शल केंद्र के अलावा कई प्लानिंग की जाएंगी। साथ ही नमो भारत ट्रेन के स्टेशनों से 10 से 15 मिनट की दूरी के आसपास नया शहर में लोग प्लॉट खरीद सकेंगे। इससे पहले ही कॉरिडोर के पास ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवेलपमेंट (टीओडी) जोन बनाकर मॉल, मल्टीप्लेक्स, रेस्तरां खोले जाने की योजना को मंजूरी दी जा चुकी है। इसे और विस्तार देते हुए नया गाजियाबाद टाउनशिपकी योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टाउनशिप के लिए गांव की जमीन अधिग्रहण की जाएगी उसके लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाएगा और किसने की आपकी सहमति के बाद जमीन को अधिग्रहण किया जाएगा। इस योजना से गाजियाबाद मेरठ समेत आसपास के लोगों को अपना कारोबार चलाने या रहने समेत अनेक सुविधाएं मिल सकेगी।

## छह महीनें में 558 सड़क हादसों में 227 लोगों ने गंवाई जान

- 2020 से लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे
- जनपद में 36 अवैध कट सबसे बड़े कारण

**नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा में जनवरी से जून 2024 तक 558 सड़क हादसे हुए। जिसमें 227 लोगों ने अपनी जान गवाई। 460 लोग घायल हुए। इसकी एक बड़ी वजह नोएडा में बने 36 अवैध कट व ब्लैक स्पॉट है। इनको बंद करने या दुरस्त करने के लिए कहा गया। डीएम ने परिवहन विभाग, यातायात पुलिस , तीनों प्राधिकरण को जनपद में बने अवैध स्टैंड, अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए कहा। अभियान चलाकर अवैध पार्किंग, ओवरस्पीड, ओवरलोड वाहन, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पूरा नोएडा सिटी सर्विलांस सिस्टम पर है। यहां सड़को पर 1046 कैमरों से 24 घंटे मानिटरिंग की जा रही है। इसी से चालान भी किए जा रहे है। बावजूद इसके महज छह महीने में यहां 558 सड़क हादसों में 227 लोगों ने जान गवां दी। दरअसल विगत पांच सालों का आकड़ा देखे तो 2020 में 12 महीनों में 380 लोगों की मौत हुई। इसी क्रम में 2021 में 368 , 2022 में 437 और 2023 में 470 लोग सड़क हादसे का शिकार हुए। जबकि नोएडा में ट्रैफिक विभाग के साथ नोएडा ट्रैफिक सेल दोनों ही काम कर रहे है। इसके बाद भी लगातार सड़क हादसों में बढ़ोतरी हो रही है। ये गंभीर विषय है।

### हादसों की मुख्य वजह 36 अवैध कट

- बिसरख से चार मूर्ति मार्ग पर एसीई गोलचक्कर के पास
- कैप्टन शशि कांत शर्मा रास्ते पर होशियारपुर मार्केट के सामने फुटपाथ
- नोएडा एक्सप्रेस वे पर सेक्टर-142 एडवांट के पास सर्विस रोड से एक्सप्रेस वे पर
- एनएच-91 बादलपुर पर आनंद अस्पताल, श्री राम अस्पताल, वाइन शॉनप के सामने, पीएनबी बैंक छपरौला, पोस्ट ऑफिस छपरौला, त्यागी पंप, कुमार होटल, करतार नागर, नेशनल होटल, बादलपुर कट।
- एनएच-91 बादलपुर पर चौधरी काला वैष्णव कट, सादोपुर कट, होंडा इंडियन ऑयल, हरिश चंद्र का बाग कट, रबड़ गोदाम कट, इंडियन ऑयल कट।
- एनएल-91 दादरी बालाजी एन्कलेव के सामने, नवीन सब्जी मंडी के सामने, बड़पुरा गेट के सामने , रेड चीफ शो रूम यामहा कट, गुर्जर कालोनी के सामने, इस्लामिया मदरसा के सामने, नई बील के सामने।
- एनएच-91 दादरी कोट गांव के पहले रास्ते के सामने, शाहजी स्वीट्य रेस्टोरेंट के सामने, नवीन अस्पताल के सामने, सिंघल स्वीट्स के सामने, राव जी मार्केट के सामने, एस्कोट कालोनी के सामने।

### पहले जानते है सड़क दुर्घटना का पांच साल का आंकड़ा

| साल | सड़क हादसे | मृतकों की संख्या | घायलों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2020 | 740 | 380 | 520 |
| 2021 | 798 | 368 | 559 |
| 2022 | 1122 | 437 | 856 |
| 2023 | 1176 | 470 | 858 |
| 2024 जून | 558 | 227 | 460 |

### इस तरह से रोके जाएंगे हादसे

- डीएम ने जनपद के सभी स्कूलों में अभियान चलाकर देखे की कोई भी बस बिना फिटनेस के सड़क पर न उतरे ।
- प्राधिकरणों एवं लोक निर्माण विभाग जनपद में टूटी हुई सड़कों के मरम्मत कार्य करे।
- ओवरलोड गाड़ी एवं यातायात का उल्लंघन करने वालों वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।
- जिलाधिकारी द्वारा मार्गों में घूमने वाले आवारा पशुओं पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।
- परिवहन विभाग को अनाधिकृत वाहनों को बंद किया जाए साथ एक डंपिंग यार्ड बनाया जाए।
- लोगों में यातायात के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जाए।

## सार संक्षेप

### 12 घंटे बिजली गुल रहने से खोड़ा वासी परेशान

**खोड़ा।** निकाय क्षेत्र के सरस्वती विहार में 12 घंटे बिजली गुल रहने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने बताया कि सरस्वती विहार में सुबह सात बजे अचानक बिजली गुल हो गई। लोग दो तीन घंटे तक बिजली के आने का इंतजार करते रहे। बाद में विद्युत निगम के अधिकारियों से भी संपर्क करने का प्रयास करते रहे। लेकिन फोन नही रिसीव किया गया।बिजली के गुल होने से लोगो को निजी बोर से पानी नहीं निकलने के कारण नहाने और कपड़े धोने के लिए निजी टैंकरों से टंकियों में पानी खरीदकर भरवाना पड़ा। विद्युत निगम के उपखंड अधिकारी दुतीय प्रेम चंद मौर्य का कहना है कि बिजली कटौती का मामला संज्ञान में नहीं है। चेक करवाने के उपरांत तुरंत ठीक करवाने का इंतजाम किया जाएगा।

### मंदिर जाने के लिए निकली दो किशोरियां लापता

**नोएडा।** मंदिर जाने के लिए घर से निकली दो किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। एक किशोरी के पिता ने पड़ोस के युवक पर दोनों को अगवा करने का आरोप लगाया है। जिस पड़ोसी युवक के साथ दोनों किशोरियां गई थीं उसका भी मोबाइल बंद आ रहा है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरियों की सकुशल बरामदगी के लिए फेज वन पुलिस ने एक टीम गठित कर दी है।

### 15 वर्षीय छात्रा लापता

**नोएडा।** सर्फाबाद गांव से एक 15 वर्षीय छात्रा लापता है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-113 थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सर्फाबाद गांव निवासी गज्जी यादव के मकान में किराए पर रहता है। पीड़ित के अनुसार 20 जुलाई से उनकी 15 वर्षीय बेटी घर से लापता है। पुलिस ने किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए टीम गठित कर दी है।

### आयकर विभाग ने मनाया 165वां आयकर दिवस




**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित आयकर विभाग में 165वां आयकर दिवस मनाया गया। इस मौके पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने विकसित भारत का संकल्प लिया। आयकर विभाग नोएडा ने प्रधान आयकर आयुक्त मीनाक्षी झा गोस्वामी के तत्वावधान में ये दिवस मनाया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रधान आयकर आयुक्त सहित आयकर आयुक्त अपील गिरीश बाली एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जीडीए ने कावंड़ मार्ग पर कराई सफाई, बिजली के खंभों पर चढ़ाई पन्नी

**गाजियाबाद,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। हरिद्वार सड़क मार्ग से आने वाले कांवड़िएं गाजियाबाद से होकर विभिन्न स्थानों के लिए प्रस्थान करते हैं। इस



कांवड़ यात्रा के दौरान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अनुरक्षित की जा रही योजनाओं में आने वाले कांवड़ मार्गों में सुरक्षा की दृष्टि से कांवड़ मार्ग को ठीक कराने व झाड़ियों की साफ-सफाई के साथ सड़क किनारे लगे पेड़ों की डालियां की कटाई-छटाई एवं विद्युत पोल्स को नियमानुसार लेमिनेट कराई है।

जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मेरठ रोड स्थित मनन धाम मंदिर से मधुबन बापूधाम योजना में स्थित गोल चक्कर तक समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई।

प्राधिकरण द्वारा कांवड़ मार्गों पर आने वाले विद्युत पोल्स पर लेमिनेशन के साथ-साथ अन्य कार्यो को पूर्ण करते हुए मार्ग की साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जा रही है। यह भी निर्देशित किया गया कि कांवड़ियों को असुविधा न हो, कांवड़ मार्गों पर सतत निगरानी रखते हुए भ्रमण कर समस्त व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।



## सुबह हुई बारिश के बाद दिन भर रही उमस

**27 जुलाई तक रुक-रुक कर बारिश के आसार, 36 डिग्री रहेगा अधिकतम तापमान**

**नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। बुधवार सुबह तेज बारिश हुई। कई स्थानों पर तेज तो कई स्थानों पर बूंदा-बांदी से ही लोगों को संतोष करना पड़ा। हालांकि इस बीच उमस और चिलचिलाती गर्मी से लोगों को राहत मिली। लेकिन बारिश के बाद लोगों को भीषण उमस का सामना करना पड़ा। अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक जाएगा और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आईएमडी के मुताबिक आगामी 27 जुलाई को बारिश के आसार है। एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी होगी। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि नोएडा में जरा सी बारिश से सड़कों पर जल जमाव हो जाता है। नोएडा में हवा में नमी की मात्रा 97 प्रतिशत और हवा की रफ्तार 10 किमी प्रतिघंटा रिकार्ड की गई।

### सड़क पर बह रहा नाले का पानी, मुख्य मार्ग रहता है बाधित

**खोड़ा।** नाले का पानी सड़कों पर बहने की वजह से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। गुर्जर गेट से अंबेडकर पार्क तक दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित नाले की ऊंचाई कम होने की वजह से पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहता है। प्रकाश नगर धर्म विहार मंगल बाजार न्यू अजंता पार्क संगम विहार आदि क्षेत्रों में रिहायशी लोगो के मकान ऊंचाई पर है।इन सभी क्षेत्रों की नालियों का पानी की निकासी बड़े नाले से होकर हिंडन नहर में की जाती है। सैकड़ों नालियों का पानी नाले में गिरने की वजह से नाला ओवरफ्लो होकर बहने लगता है।

## रजिस्ट्री के लिए बकाया पैसा जमा करे बिल्डर

**नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। सेक्टर-76 स्थित स्काईटेक माट्रोट सोसाइटी में रजिस्ट्री कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर को पैसा जमा करने के लिए कहा है। इससे पहले एस्क्रो एकाउंट खोलने के निर्देश दिए हैं। पैसा आने पर प्राधिकरण उसी अनुपात में रजिस्ट्री की मंजूरी देगा।

स्काईट्रेक माट्रोट सोसाइटी पर नोएडा प्राधिकरण के करीब 24 करोड़ रुपए बकाया हैं। इस सोसाइटी में करीब 716 फ्लैट हैं जिनमें से 480 फ्लैट की रजिस्ट्री हो चुकी है जबकि 246 फ्लैट की रजिस्ट्री होनी बाकी है। बकाया होने के कारण प्राधिकरण फ्लैट की रजिस्ट्री की अनुमति नहीं दे रहा है।

सोसाइटी में रह रहे लोग लगातार रजिस्ट्री की मांग बिल्डर व प्राधिकरण से कर रहे थे। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण, बिल्डर व एओए के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। बैठक में प्राधिकरण ने बिल्डर को निर्देश दिए कि वह जल्द बकाया जमा करे। बकाया जमा करने से पहले एस्क्रो एकाउंट खुलवाए जिससे की सोसाइटी में कोई संपत्ति बिकती है तो उसका पैसा एकाउंट में आए। इससे तय अनुपात में प्राधिकरण का बकाया मिलना शुरू हो जाएगा। अमिताभकांत समिति के पैकेज के तहत कुल बकाए 24 करोड़ में से 25 प्रतिशत के तहत 6 करोड़ रुपए बिल्डर को देने होंगे। इसके साथ ही प्राधिकरण जमा पैसों के अनुपात में फ्लैट की रजिस्ट्री की मंजूरी देना शुरू कर देगा।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल से बुजुर्ग महिला पहुंची घर

- हरिद्वार से पहुंच गई थी हरियाणा के लोहारू
- नोएडा के समाजसेवी ने की मदद, दिल्ली से पहुंचाया झांसी

**नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। झांसी की रहने वाली करीब 100 साल की एक महिला हरिद्वार पहुंचने के बाद रास्ता भट गई। वापस झांसी पहुंचने के बजाय (हरियाणा) भिवानी जिले के लोहारू पहुंच गई। गनीमत रही कि उन्हें ट्रेन में नोएडा के एक समाजसेवी मिल गए। समाजसेवी लोगों ने बुजुर्ग महिला को पहले दिल्ली लेकर आए। यहां से झांसी की ट्रेन में बैठाया साथ ही वीडियो बनाकर वायरल किया। जिसके बाद झांसी स्टेशन पर 80 से ज्यादा समाजसेवी और बुजुर्ग महिला का बेटा पहुंचे और



सकुशल महिला घर पहुंची।

नोएडा के उद्यमी अनुज गुप्ता ने बताया कि वह अपने मित्र कुलदीप गुप्ता, वरुण अग्रवाल, राजेश बंसल, शंकर रंगवाला और प्रखर गुप्ता के साथ सालासर बालाजी से लौट रहे थे। वह रतनगढ़ से चले थे, लौहारू से करीब 100 साल की बुजुर्ग महिला ट्रेन में चढ़ी और उनकी सीट के पास आकर बैठ गई। परेशान लग रही थी महिला से जब उनके बारे में और बच्चों के साथ उनके गंतव्य के बारे में पूछा तो काफी देर बाद रोते हुए बताया कि वह हरिद्वार गई थीं। वहां लक्ष्मण झूला के पास उनकी साड़ी और रुपए सहित अन्य सामान चोरी हो गया। वहां से वह किसी तरह से हरिद्वार से निकली, तो वह रास्ता भटक गई और झांसी पहुंचने की बजाय लौहारू पहुंच गईं। वे घर का नाम, पता व बच्चों के नाम भी नहीं बता सकीं, लेकिन उन्होंने झांसी जाने की जिद की। उन्होंने कहा कि झांसी पहुंचने के बाद वही घर तक पहुंच जाएंगी। बुजुर्ग के साथ सराय रोहिल्ला पहुंचने के बाद अनुज गुप्ता अपने मित्रों के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचे। वहां रेलवे स्टाफ द्वारा किसी प्रकार की मदद न मिलने पर झांसी जा रही ट्रेन में सेकेंड एसी की तत्काल टिकट कराई।

## पहले पत्नी फिर दो दिन बाद पति ने लगाई फांसी

**तीन साल पहले की थी लव मैरिज, डेढ़ साल का है बेटा, नोएडा पुलिस कर रही जांच**

**नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा में पहले पत्नी ने फांसी लगाकर सुसाइड किया। उसके दो दिन बाद पति ने भी फांसी लगा ली। उसकी भी मौत हो गई। घटना 23 जुलाई देर रात की है। पुलिस को जानकारी मिली। मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि दोनों की तीन साल पहले लव मैरिज हुई थी। दंपति की डेढ़ साल का बेटा है। वो परिजनों के पास है। इस मामले में पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है।

एसीपी -2 अरविंद कुमार ने बताया कि सेक्टर 22 में झोलू पंडित के मकान में 23 साल के कृष्ण कुमार अपनी पत्नी तारा कुमारी के साथ किराए पर रहता था। दोनों ने तीन साल पहले लव मैरिज की थी। दोनों मूल रूप से हरदोई जिले के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि 21 जुलाई को तारा कुमारी ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके दो दिन बाद ही कृष्ण कुमार ने फांसी लगा ली। कृष्ण कुमार तनाव में था और काफी दुखी था।

### पत्नी को अस्पताल लेकर गया

21 जुलाई को जब पत्नी तारा ने फांसी लगाई। उसके बाद उसे कृष्ण कुमार सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल लेकर गया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरो ने तारा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की जानकारी दी। इसके दो दिन बाद ही कृष्ण कुमार ने फांसी लगा ली। वो सेक्टर-22 में ही किराए के मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि दंपति के एक डेढ़ साल का बेटा है। 3 दिन में इस बच्चे का सिर से मां और बाप का साया उठ गया। घटना के बाद से दोनों के परिजन बच्चे को गोद में लेकर रो रहे हैं। परिजनों का कहना है कि दोनों को ऐसा कदम उठाने से पहले एक बार बच्चे के बारे में भी सोचना था।

## नोएडा प्राधिकरण के लिए किसानों को मुआवजा देना हो रहा मुश्किल

- जमीन पर अतिक्रमण कैसे प्राधिकरण दे किसानों को मुआवजा राशि
- अतिक्रमण हटाने के लिए दिया था 24 जुलाई तक का समय

**नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नोएडा प्राधिकरण के लिए किसानों को मुआवजा देना मुश्किल हो रहा है। इसकी बड़ी वजह किसानों की जमीन पर अतिक्रमण होना है। दरसअल ये पूरा मामना नोएडा के गिझौड़ गांव से जुड़ा है। यहां के 43 किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी कि उनको 214 रुपए प्रति वर्ग मीटर नहीं बल्कि 306 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से मुआवजा दिया जाए। इसके लिए उन्होंने कई अन्य फैसलों को आधार बनाया।

कोर्ट ने किसानों के पक्ष में फैसला सुनाया और प्राधिकरण को मुआवजा देने का आदेश दिया। प्राधिकरण ने 43 किसानों की जमीन को वैरीफाइ किया। जिसमें 4 केस करीब 8 से 9 ऐसे किसान मिले जिनकी जमीन पर 2000 वर्गमीटर के आसपास अतिक्रमण मिला। प्राधिकरण ने बाकी किसानों को बढ़ी दर से मुआवजा दिया। लेकिन अतिक्रमण होने की वजह से इन किसानों को अब तक मुआवजा नहीं दिया जा सका। प्राधिकरण का मत है जब कि किसान जमीन से अवैध निर्माण नहीं हटाते मुआवजा नहीं दिया जा सकता।

इस मामले को लेकर हाल ही में नोएडा प्राधिकरण और किसानों के बीच बैठक हुई। जिसमें किसानों ने स्पष्ट कहा कि प्राधिकरण की नियत मुआवजा देने की नहीं है। वे जबरन दबाव बना रहे है। जबकि हमारी आबादी को बने हुए 30 साल से ज्यादा हो गए। इस पर सहमति की बनी थर्ड पार्टी से पैमाइश कराई जाए। इस मामले की जांच एसडीएम स्तर पर की गई। इस जांच रिपोर्ट में भी चारों केस में अतिक्रमण सामने आया। बता दे ये आदेश अप्रैल 2024 में आया था। जिसके बाद प्राधिकरण की टीम नपाई करने के लिए गिझौड़ गांव गई थी। वहां किसानों के विरोध के चलते प्राधिकरण अधिकारियों को वापस आना पड़ा था। मामला फिर से तूल पकड़ रहा है। ऐसे में बुधवार को पुलिस विभाग की ओर से एक बैठक किसानो और प्राधिकरण अधिकारियों के साथ की गई। लेकिन अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि जमीन पर बने अतिक्रमण को कैसे हटाया जाए।

### 2000 वर्ग मीटर के आसपास है जमीन

जिन चार केस की बात हो रही है। उन किसानों में किसी ने 222 वर्ग मीटर, 50 वर्ग मीटर, 78 वर्ग मीटर , 389 वर्ग मीटर और 900 वर्ग मीटर तक जमीन पर अतिक्रमण किया है।

## 'आप' समेत कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने बसपा का दामन थामा




**गाजियाबाद,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। नेताओं ने बुधवार को बहुजन समाज पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी तथा मूल सांसद अली ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

गिरीश चंद्र पूर्व सांसद, राजकुमार गौतम पूर्व मंत्री, दारा सिंह प्रजापति प्रभारी पश्चिम कुलदीप कुमार मेघनंद मेरठ मंडल कोऑर्डिनेटर गंगा शरण बबलू पूर्व जॉन कोऑर्डिनेटर के नेतृत्व में आज बहुजन समाज पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में पंकज शर्मा आम आदमी पार्टी प्रदीप कुमार, मंडल सचिव व्यापार प्रकोष्ठ शालिनी शर्मा पूर्व प्रत्याशी पार्षद सोनू आनंद महानगर अध्यक्ष, सौरभ कंवरपाल, मनोज प्रजापति, उमेश सिंह सतीश कुमार गौतम लोकेंद्र मनीष तलवार कृष्ण मथुर गुलिस्ता अखिलेश भटनागर पुष्पेंद्र शर्मा प्रवीण कुमार कमल सिंह सतपाल सिंह अजय कुमार एडवोकेट विकास कुमार रईस मलिक प्रदेश प्रभारी आज समाज पार्टी प्रेमचंद भारती आदि शामिल थे।

## शास्त्री नगर व गोविंदपुरम के नाला सफाई में बाधक बने रेम्पों को तोड़ने की मांग

**नगर आयुक्त से मिले क्षेत्रवासी व आरडब्ल्यूए पदाधिकारी**



**गाजियाबाद,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। कवि नगर जोन के अंतर्गत आने वाले शास्त्री नगर तथा गोविंदपुरम के क्षेत्रवासी तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मिले तथा क्षेत्र में संयुक्त रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाने का अनुरोध किया। उन्होंने एक ज्ञापन भी नगर आयुक्त को सौंपा। उन्होंने नाला सफाई में बाधक बने रेम्पो को हटाने की मांग की जिस पर नगर आयुक्त द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी को संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए तथा नालों के साथ-साथ नालियों की सफाई भी करने के लिए कहा गया। नियम अनुसार आवश्यकता को देखते हुए घरों के आगे बने हुए बड़े-बड़े रैंप को हटाने के लिए भी निर्देश दिए।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि स्वच्छता अभियान को लेकर लगातार एसबीएम टीम में अन्य स्वास्थ्य विभाग की टीम जन-जन को मोटिवेट कर रहे हैं। शहर की सफाई से शहर वासियों को ही लाभ होगा तथा स्वच्छ शहर स्वस्थ नागरिक का नारा घर-घर तक पहुंच रहा है।

उवाच

जल शक्ति अभियान के तहत भूजल स्तर को बढ़ाने एवं वर्षा जल संचयन हेतु जो आपके द्वारा दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनका संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित कराते हुए, जनपद में जल शक्ति अभियान को सफल बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी : **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**



# जल शक्ति अभियान को सफल बनाने को लेकर केंद्रीय नोडल अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## रेन वाटर संचयन में तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका, तालाबों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण पर दिया जाए विशेष बल

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। भूजल स्तर को बढ़ाने एवं वर्षा के जल को संचयन करने को लेकर केंद्रीय नोडल अधिकारी-संयुक्त सचिव पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार विकास आंनद ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल शक्ति अभियान (कैच द रेन-2024) को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, जल संरक्षण करना हमारी अहम जिम्मेदारी है, इसलिए संबंधित विभागों के अधिकारगण आपसी समन्वय बनाते हुए जनपद के भूजल स्तर को बढ़ाने एवं मानसून सत्र के दौरान वर्षा जल को संचयन करने हेतु जल शक्ति अभियान (कैच द रेन-2024) के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करें।



जिले में जल संरक्षण को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर कार्य प्रगति पर चल रहा है : मनीष कुमार वर्मा, डीएम

बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा केंद्रीय नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि जिले में जल संरक्षण को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर कार्य प्रगति पर चल रहा है। साथ ही जन चौपाल, गोष्ठियों, जल संरक्षण के संबंध में रैलियां, स्कूल-कॉलेज में चित्रकला, वाद विवाद, जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण हेतु जागरूक करते हुए उनको जल की महत्व से अवगत भी कराया जा रहा है। सहायक अभियंता लघु सिंचाई हिमांशु गौतम द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से केंद्रीय नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि किस प्रकार से जनपद में भूजल स्तर को बढ़ाने एवं वर्ष के जल को संचयन हेतु कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही हैं।

जिलाधिकारी ने केंद्रीय नोडल अधिकारी को आश्वस्त किया कि जल शक्ति अभियान के तहत भूजल स्तर को बढ़ाने एवं वर्षा जल संचयन हेतु जो आपके द्वारा दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनका संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित कराते हुए, जनपद में जल शक्ति अभियान को सफल बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला विकास अधिकारी प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, जिला भूगर्भ अधिकारी अंकिता राय, प्राधिकरण तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मामूली विवाद में युवक को चाकू से गोदकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के श्रीराम कॉलोनी में रहने वाले एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि एक व्यक्ति से दो दिन पहले कहासुनी होने पर उसका झगड़ा हुआ था। इसी बात के चलते आरोपी ने चाकू से हमला किया है।



घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक श्री राम एंक्लेव कॉलोनी में आरिस परिवार के साथ रहता है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले उसका गौतम नाम के एक व्यक्ति से मामूली कहासुनी होने पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद मामला शांत हो गया था। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार की शाम वह अपने घर की तरफ जा रहा था। इसी बीच रास्ते में आरोपी गौतम ने उसे रास्ते में रोक लिया और चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने पीड़ित के पैर और जांघ पर चाकू मारा है। इसके बाद आरोपी उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका ईलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी कहना है गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा एयरपोर्ट को रेलवे कॉरिडोर से जोड़ने के लिए यीडा ने दी सहमति

- संशोधन के साथ किशोरपुर गांव से दस किमी अंडरग्राउंड होगा रेलवे कॉरिडोर
- यमुना प्राधिकरण मास्टर प्लान 2041 में रेलवे कॉरिडोर को करेगा शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा में बना रहे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को मुंबई-नई और कोलकाता-नई दिल्ली रेल लाइन से जोड़ने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने रेलवे मंत्रालय को सहमति दे दी है। सहमति के दौरान यीडा ने किशोरपुर गांव के पास एलिवेटेड लाइन बनाने पर आपत्ति जाहिर किया। एलिवेटेड लाइन से बनने से यमुना प्राधिकरण के कुछ सेक्टर के बीच से होकर जा रही थी। यीडा ने किशोरपुर से जेवर एयरपोर्ट तक 10 किमी लंबा भूमिगत रेलवे कॉरिडोर बनाने का सुझाव दिया। जिसे रेलवे मंत्रालय की तरफसे सहमति जाहिर करते हुए इसे डीपीआर में शामिल किया।



यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर के गांवों को मिलाकर 2041 का मास्टर प्लान तैयार कर रहा है। मास्टर प्लान के सुपर इंपोज में 10 किमी लंबा भूमिगत रेलवे कॉरिडोर को दर्शाया जाएगा। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग में बन रही ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन सेंटर के पास रेलवे का स्टेशन बनाया जाएगा। रेलवे मंत्रालय अपने डीपीआर में इसे शामिल करेगा : शैलेंद्र भाटिया, नोडल अधिकारी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

### नोएडा को जोड़ने के लिए 61 किमी में बनेंगा रेलवे कॉरिडोर

जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को मुंबई-नई दिल्ली और कोलकाता-नई दिल्ली रेल लाइन को जोड़ने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण और केंद्रीय रेल मंत्रालय के बीच पहले सहमति बन गई थी। जिसका डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट रेलवे मंत्रालय तैयार कर रहा है। एयरपोर्ट को नए रेलवे लिंक की कुल लंबाई 61 किलोमीटर होगी। इसमें कुल सात रेलवे स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पहला हरियाणा के पलवल स्टेशन से आगे रूंधी के गांव पास बनाया जाएगा। इसके बाद दूसरा रेलवे स्टेशन चांदहट में बनाया जाएगा। इसके बाद रेलवे लाइन हरियाणा पार कर उत्तर प्रदेश पहुंचेगी।

उत्तर प्रदेश में जो पहला रेलवे स्टेशन होगा वह ज़ेवर खादर में बनेगा। इसके बाद पलवल से 33 किलोमीटर की दूर जेवर एयरपोर्ट पर बनेगा। इसके बाद जहांगीरपुर, फिर इसके बीघेपुर और आखिरी रेलवे स्टेशन चोला में बनेगा।

### देश का पहला अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन होगा

नोएडा का जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास बनने वाला रेलवे स्टेशन देश का पहला अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन होगा। दस किमी लंबा एयरपोर्ट स्टेशन तक भूमिगत रेलव कॉरिडोर बनाया जाएगा। एयरपोर्ट से रेल कनेक्टिविटी के लिए रेलवे स्टेशन को जेवर एयरपोर्ट के पैसेंजर टर्मिनल के नीचे बनाया जाएगा। बता दें एयरपोर्ट के पैसेंजर टर्मिनल के नीचे रेलवे स्टेशन अबतक सिर्फ दुनिया में चार जगह टोक्यो, बर्लिन, न्यूयॉर्क और पेरिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में है।

## सभी परिषदीय विद्यालयों को मॉडल विद्यालय के रूप में किया जाए विकसित : जिलाधिकारी

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की योजनाओं को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित की गई जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई।

जिला टास्क फोर्स समिति के अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का करे निरीक्षण

बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा विभाग के वर्तमान तक के कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत में अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के समस्त विद्यालयों के कार्यकल्प कार्यों में तेजी लाते हुए सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई की जाए एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिन विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य चल रहा है, निरंतर उनके मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स समिति के सभी अधिकारियों के द्वारा प्रतिदिन विद्यालयों में पहुंचकर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त परिषदीय विद्यालयों को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए। विद्यालयों में सी.एस.आर. के जिलाधिकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शत् प्रतिशत छात्राओं का आधार वेरीफाई कराए जाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। शत प्रतिशत परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को डीबीटी के माध्यम से प्रेषित की जाने वाली धनराशि समय से उपलब्ध करा दी जाए, ताकि समय से ही उनके द्वारा यूनिफॉर्म, जूता व मौजा खरीदा जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, डायट प्राचार्य राज सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान सभा ने बादलपुर को जोड़ने वाली 60 मी. चौड़ी सड़क का कराया सर्वे

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट और लाइन पार के गांवो के लोगों की दशकों पुरानी मांग को लेकर किसान सभा ने अपने धरने के दौरान 130 मीटर सड़क से लेकर बादलपुर होते हुए ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाली 60 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण के मुद्दे को उठाया था, उसी क्रम में बुधवार फिर से किसान सभा के जिला महासचिव जगबीर नंबरदार ने प्राधिकरण के अधिकारियों को बुलाकर सड़क के निर्माण में तेजी लाने के लिए मौका मुआयना कराया।



प्राधिकरण के अधिकारियों के सम्मुख उन्होंने सुझाव भी रखा की सादोपुर और बादलपुर गांव की जमीन 15 वर्ष पूर्व प्राधिकरण ने खरीदी हुई है अगर यह सड़क अच्छेजा गांव के बजाय इन दोनों गांव के रकबो से होकर निकले जो कि प्राधिकरण की अपनी जमीन है तो सहूलियत के हिसाब से सड़क का निर्माण जल्द होगा और प्राधिकरण को किसानों के विरोध का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि सुगम यातायात उपलब्ध कराना प्राधिकरण का दायित्व है और अच्छी सड़कों का फायदा प्राधिकरण को स्वयं भी पहुंचता है। अगर अच्छी सड़के प्राधिकरण उपलब्ध कराएगा तो इस क्षेत्र में निवेशकों की संख्या बढ़ेगी।

साथ में रोहित मत्ते गुर्जर, सुरेंद्र पंडित, रोहताश बैसोया, अरुण बैसोया, पप्पू प्रधान, महाराज सिंह नागर, अजय प्रधान,ओमकार नागर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## बहन से प्रेम विवाह से नाराज होकर चार वर्ष बाद बहनोई पर किया जानलेवा हमला

- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी

**जेवर,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। गाज़ियाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने साले पर प्रेम विवाह से नाराज होकर साथियों के साथ मिलकर ईट पत्थरो, लाठी डंडे व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।



पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। कौशाम्बी गाजियाबाद के रहने वाले हेमंत कुमार शर्मा ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसने अक्टूबर 2020 को जेवर क्षेत्र के गांव कररोल के मूल निवासी व घडोली दिल्ली में रहने वाले हरीराज मीना की पुत्री प्रतिभा मीना से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद प्रतिभा मीना के सभी स्वजन राजमंद हो गए लेकिन उसका भाई रजामंद नही हुआ। आरोप है कि 21जुलाई को पीड़ित हेमंत कुमार शर्मा अपने किसी कार्य से जेवर क्षेत्र के गांव रामपुर बांगर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते मे उसके साले शिवम ने आकाश व अन्य लोगो के साथ मिलकर लाठी डंडे, लोहे की रॉड व ईट पत्थरो से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे दिल्ली एम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमले में पीड़ित के हाथों व सिर में दो दो फ्रैक्चर तथा सिर में कई टांके आए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिस व एनपीसीएल की टीम को ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे तक बनाया बंधक

**दनकौर,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के अस्तौली गांव में बुधवार को बिजली चोरी की शिकायत पर गांव में पहुंची एनपीसीएल की टीम और उनकी सुरक्षा के लिए गए पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे तक बंधक बनाए रखा। आरोप है कि करीब 100 ग्रामीणों ने अधिकारियों की गाड़ियों को ट्रैक्टरों से ओवरटेक कर चौराहे पर रोक लिया। बाद में एनपीसीएल की टीम के अधिकारियों द्वारा विनती करने के बाद उन्हें रिहा किया गया। आरोप है कि इस दौरान एक कर्मचारी के साथ मारपीट भी की गई और उनकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया। बाद में कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।



- मारपीट व गाड़ी में तोड़फोड़ का आरोप
- आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। एनपीसीएल में बतौर अस्सिटेंट इंजीनियर तैनात राहुल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि अभियान के तहत दनकौर क्षेत्र के अस्तौली गांव में बिजली चोरी की जांच के लिए टीम पहुंची थी। टीम में तीन पुलिसकर्मियों समेत एनपीसीएल के 16 अधिकारी और कर्मचारी थे। तीनों पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के लिए पुलिस लाइन से साथ लिया गया था। उनका कहना है कि जांच में पाया गया कि गांव में अधिकांश लोगों द्वारा बिजली चोरी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी कर लोगों द्वारा समर्सीबल और एसी समेत अन्य उपकरण चलाए जा रहे थे। अधिकारियों द्वारा जांच किए जाने से नाराज ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध करते हुए अभद्रता शुरू कर दी। धीरे धीरे ग्रामीणों की संख्या बढ़ती गई जिसके चलते एनपीसीएल के कर्मचारी और अधिकारी अपनी गाड़ियों में सवार होकर चल दिए। आरोप है कि गांव के एक चौराहे पर ग्रामीणों ने गाड़ियों के सामने ट्रैक्टर लगाकर रोक लिया और गाड़ियों से बाहर निकालकर सभी को बंधक बना लिया। आरोप है कि तोड़फोड़ कर एक गाड़ी क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि करीब 100 से अधिक ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान सुपर वाइजर रवीश कुमार की पिटाई भी कर दी गई। घटना के बाद कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पीड़ित अधिकारी दनकौर कोतवाली भी पहुंचे और पुलिस से लिखित शिकायत की गई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपियो के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


NAME CHANGE

I, Harish Kumar S/o Y D Sharma R/o E-369A, Beta-1, Ryan International School, Greater Noida U.P. have changed my name to Harish Kumar Sharma for all future purposes.


## आबादी निस्तारण व मुआवजा बढ़ोतरी की मांग

**रबूपुरा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। क्षेत्र के आकलपुर गांव एक पंचायत का आयोजन कर प्राधिकरण के खिलाफ हुंकार भरी है। जिसमें आस पास के आकलपुर, भीकनपुर, म्याना, कलूपुरा, जोंनचाना, मकसूदपुर, तिरथली, मारहरा आदि गांव से किसान शामिल हुए। मुकेश प्रधान के आवास पर हुई सभा में किसानों ने अपनी आबादी निस्तारण तथा मुआवजे में बढ़ोतरी की मांग करते हुए कहा कि अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो स्थानीय किसानों के एक महापंचायत कर व्यापक आंदोलन किया जाएगा और किसी भी कीमत पर जमीन नहीं देंगे। इसके लिए गांव गांव जनसंपर्क कर किसानों को जागरूक करेंगे।



इस दौरान करतार सिंह, योगेंद्र त्यागी, भोलू, ज्ञानेंद्र सिंह, महेंद्र त्यागी, सतीश, वीरपाल, मामचंद आदि लोग मौजूद रहे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हर रोज हो रहे हैं नए आविष्कार, रहे अपडेट : डॉ. रविन्द्र सिन्हा

### आईआईएमटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में दो दिवसीय नेशनल कॉफ्रेंस शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में दो दिवसीय नेशनल कॉफ्रेंस की बुधवार को शुरुआत हुई। जिसमें आईसीएस-सेमीकंडक्टर इंडिया 2024 विषय पर देश-विदेश के अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. रविंद्र कुमार सिन्हा व प्राइम गेस्ट ऑफ के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट आफसाइंस, बेंगलुरु के रूप में प्रोफेसर मयंक श्रीवास्तव का स्वागत आईआईएमटी कॉलेज समूह के एमडी डॉ. मयंक अग्रवाल और मैनेजमेंट कॉलेज के डॉयरेक्टर डॉ. अभिन्न बख्शी भटनागर ने किया। इस बीच प्रोफेसर डॉ. रविंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हर रोज नए आविष्कार हो रहे हैं इसलिए हमें नई तकनीक से लगातार अपडेट रहने की जरूरत है।



वहीं प्रोफेसर मयंक श्रीवास्तव ने सेमीकंडक्टर के विषय में बताया कि सेमीकंडक्टर से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण, दूरसंचार, उद्योग और ऑटोमोटिव क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। लेकिन इससे संबंधित चुनौतियों में कुशल पेशेवरों बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता होगी। इस दौरान 15 से अधिक शोध पत्र पेश किए गए। साथ ही कॉफ्रेंस में रूस और जर्मनी से आए डेलिगेट्स ने भी भाग लिया। इस मौके पर डायरेक्टर गवर्नमेंट अफेयर्स अप्लाइड मटेरियल के डॉ अश्विनी अग्रवाल, एडवाइजर स्ट्रेटजी कायन्स सेमीकंडक्टर के डॉ. सनी मल्होत्रा, वीपी ग्रुप सीआईओ-जेबीएम के रंगनाथन अय्यर, डॉ. अश्विनी अग्रवाल-निदेशक, सामान्य मामले, अनुप्रयुक्त सामग्री, एक्सेंचर इंडिया के एमडी मनहर एम शर्मा, एसोसिएट निदेशक अनुराग गुलाटी आदि शामिल हुए।

## बच्चों को राष्ट्रीय संग्रहालय का भ्रमण करने का मिला अवसर

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, स्वर्ण नगरी के बच्चों को राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली शैक्षिक भ्रमण के लिए ले जाया गया। विद्यार्थियों के शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारत के ऐतिहासिक परिदृश्य में पारंपरिक शिल्प, सभ्यता और संस्कृति के महत्वके बारे में शिक्षित करना था और भारतीय इतिहास में सभ्यता और संस्कृति के योगदान पर ध्यान केंद्रण करना था। संग्रहालय के भ्रमण से विद्यार्थियों ने जाना कि कैसे वास्तव में, संग्रहालय पुरानी कलाकृतियों, मूर्तियों, वस्तुओं, इतिहास आदि का भंडार होते हैं, इनको देखकर हम इतिहास का गहन ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। संग्रहालयों में विभिन्न कलात्मक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक या वैज्ञानिक महत्व की कृतियों और अन्य वस्तुओं का संग्रह की जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों को इस भ्रमण में जाकर बहुत ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त हुई और विषय के प्रति उनकी रूचि में वृद्धि हुई। प्रधानाचार्या ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्रों को वास्तविक ज्ञान की अनुभूति प्राप्त होती है और शिक्षा के प्रति रुचि जागृत होती है, हमारा विद्यालय ऐसे ही तरह-तरह के शैक्षिक भ्रमण करवाता रहता है।



## गाड़ी की टक्कर से घायल युवक की हुई मौत

**दनकौर,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर करीब 10 दिन पहले एक तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। घायल का उसी दिन से अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।


सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता भाटी ने स्वंय को किसान विकास सभा, ग्राम व पोस्ट रबूपुरा रूरल, गौतमबुद्धनगर का अध्यक्ष बताते हुए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व आलेख प्रस्तुत किये है। आलेखों के अनुसार सर्वश्री श्रीमती सीमा भाटी उपाध्यक्ष, विपिन सिंह महासचिव, आस मौहम्मद सचिव, करन ठाकुर कोषाध्यक्ष, दीपक गुप्ता प्रवक्ता, श्रीमती मिथलेश देवी, सूरज कुमार, मुफीद खान, श्रीमती गिथलेश देवी, अरविन्द नगर, पवन कुमार रावत एंव धर्मवीर सिंह सदस्त दर्शाये गये है।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसाइटीज रजिस्ट्रीकरण की धारा-3 (1) के परन्तुके के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

आज्ञा से,
डिप्टी रजिस्ट्रार,
फर्म्स, सोसाइटीज एंव चिट्स, गाजियाबाद

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 25 जुलाई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## राजनैतिक हथियार बनता केन्द्रीय बजट

बुधवार को लोकसभा में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 का बजट जहां एक ओर देश के मुट्ठी भर लोगों को खुशी और ज्यादातर वर्गों के लिये निराशा लेकर आया है, वैसे ही गिनती के राज्यों को खुश करने वाला जबकि अधिकतर को नाखुश करने वाला साबित हुआ है। सरकार बनाने में मददगार रहे दो राज्यों- बिहार और आंध्रप्रदेश की झोलियों को जिस तरह से केन्द्र सरकार ने भरा है, उससे अनेक राज्यों का मायूस होना स्वाभाविक है। इस बजट में जिस प्रकार से सरकार ने भेदभाव बरता है उससे राज्यों में फूट पड़ने की आशंका है; और उसका सबसे बुरा पहलू यह है कि वह देश की संघीय व्यवस्था पर गहरी चोट है। पिछले 10 वर्षों से देश पर शासन कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मुख्य सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने अनेक कृत्यों से जिस तरह भारत के संघीय ढांचे की नींव को हिलाकर रख दिया है, उसी श्रृंखला की एक कड़ी के रूप में इस बजट को देखा जाना चाहिये। इसका सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यदि बजट का इस्तेमाल कर राज्यों का राजनैतिक समर्थन जुटाने की परम्परा चल पड़ी तो केन्द्रीय राजस्व का बंटवारा अलग-अलग राज्यों की ज़रूरतों के आधार पर नहीं बल्कि सियासी उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये किया जाने लगेगा। यह व्यवस्था वंचित रह गये राज्यों में असंतोष को जन्म देगा।

उल्लेखनीय है कि आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी (टीडीपी) के 16 और बिहार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के 12 सांसदों (लोकसभा सदस्य) के बल पर मोदी सरकार टिकी हुई है। पहले से ही अंदेशा था कि अपने समर्थन के एवज में इन दोनों ही पार्टियों के नेता, क्रमश: चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार (अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री) केंद्र की बांहें मरोड़कर कीमत वसूल करेंगे। इन दोनों नेताओं की अपने-अपने प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग रही है। मांग तो ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की भी थी लेकिन वहां अब भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार बन गयी है इसलिये वह मसला कम से कम वहां तो खत्म हो गया है। इस बजट में टीडीपी और जेडीयू के प्रति केन्द्र का खास अनुराग झलका है। चंद्रबाबू नायडू ने जिस विशेष राज्य का दर्जा न मिलने के कारण 2018 में भाजपा का साथ छोड़कर नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस को टा-टा कर दिया था, इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में फिर से उसका दामन थामा था। तभी से नायडू की मांग थी कि आंध्रप्रदेश से अलग होकर तेलंगाना राज्य के बन जाने से उन्हें अपनी राजधानी बनाने की ज़रूरत है। इसके लिये 15000 करोड़ रुपये उन्हें दिये गये। उनका खुश होना स्वाभाविक है।

दूसरी खुशी नीतीश बाबू को मिली है। चुनाव के ऐन पहले विपक्षी गठबन्धन इंडिया को छोड़कर एनडीए में 17 महीने बाद वापसी करने वाले नीतीश कुमार को भी पुरस्कार मिला है- 59 हजार करोड़ रुपए का। इसका बड़ा हिस्सा बिहार में आने वाली बाढ़ पर नियंत्रण करने सम्बन्धी उपायों पर खर्च होंगे। हालांकि इसकी हवा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव (सांसद) ने यह कहकर निकाल दी है कि जब तक नेपाल और उप्र से बिहार को जाने वाली नदियों की बाढ़ को नियंत्रित नहीं किया जाता, तब तक बिहार की नदियों की बाढ़ को नियंत्रित कर पाना असम्भव है। जिस तरह से चंद्रबाबू अब विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की बात भूल गये हैं, वैसे ही नीतीश कुमार भी इससे इतने गदगद हैं कि वे पत्रकारों से कह रहे हैं कि, 'वे तो पहले से कह रहे थे कि उन्हें या तो विशेष राज्य का दर्जा मिले या विशेष पैकेज। केन्द्र ने यह राशि तो दे ही दी है।' हालांकि वे भूल रहे हैं कि इससे बड़ी राशि का ऐलान तो मोदी राज्य की अपनी प्रचार सभाओं में करते रहे थे। बहरहाल, यह भी सच है कि यह राशि राज्य द्वारा केन्द्र की देखरेख और निर्देश पर ही खर्च करनी होगी। जो भी हो, यह आवंटन नीतीश को अपना चेहरा छिपाने और इंडिया छोड़कर एनडीए में शामिल होने के फैसले को सही ठहराने के लिये काफी है।

केन्द्रीय बजट एक साझा सम्पत्ति होती है जिसके जरिये पूंजी का वितरण भेदभाव से रहित होना चाहिये। उसका पैमाना इस आधार पर नहीं होना चाहिये कि कौन से राज्यों में अपनी पार्टी की सरकार है या सहयोगी दलों की है या फिर विरोधी दलों की है अथवा किससे समर्थन मिलेगा या किससे नहीं मिलेगा। सेन्ट्रल पूल का पैसा अलग-अलग राज्यों से आता है और वह पूरे देश के सम्मिलित पुरुषार्थ का परिणाम होता है। राज्यों की ज़रूरतों के आधार पर वह राज्यों को दिया जाता है। इस पक्षपात से न केवल विरोधी पार्टी की सरकारों वाले प्रदेशों में असंतोष फैलेगा बल्कि केन्द्र के साथ उनकी एकजुटता में भी कमी आयेगी। यह देश की एकता के लिये घातक होगा। इस भेदभावपूर्ण बजट की पहली प्रतिक्रियास्वरूप यह सामने आया है कि 27 जुलाई को आयोजित नीति आयोग की बैठक का चार राज्यों ने बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, तेलंगाना के. रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के सिद्धारमैया और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू बैठक में नहीं जायेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी जायेंगी लेकिन वे सवाल पूछने की तैयारी से जा रही हैं। बजट से राजनैतिक हितों को साधने का खेल संघवाद और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है। यह इसलिये बहुत घातक है कि यदि इसे परम्परा बना दिया गया तो बजट एक राजनैतिक हथियार बन जायेगा।

# रजिया सुल्तान से राबड़ी देवी तक एक जैसी कहानी

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

**इस देश में एक महिला प्रधानमंत्री हो चुकी हैं, अभी एक महिला राष्ट्रपति हैं, इससे पहले भी एक महिला राष्ट्रपति हो चुकी हैं। अंतरिक्ष से लेकर सेना, पुलिस, चिकित्सा, न्याय क्षेत्र, पत्रकारिता, उद्योग हर जगह महिलाएं अपनी काबिलियत का लोहा मनवाती रही हैं। लेकिन इस बात का हवाला देकर यह कहना कि देश में महिला सशक्तिकरण हो रहा है और महिलाओं को अब बराबरी का दर्जा मिलने लगा है, खुद को छलावे में रखने से अधिक और कुछ नहीं है।**

अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो', बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भरे सदन में राजद विधायक रेखा देवी के लिए ऐसा कहा। इससे पहले कल नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के सांसद ललन सिंह ने राबड़ी देवी के बारे में कहा कि उन्हें हस्ताक्षर करना तो ढंग से आता नहीं, वो बजट क्या समझेंगी।

दिल्ली सल्तनत पर 1236 से 1240 के बीच शासन करने वाली रजिया सुल्तान के लिए कहा जाता था कि उनमें सारी खूबियां थीं, सिवाए एक के, कि वह महिला थी। हिंदुस्तान 1236 से 2024 में आ गया, लेकिन महिलाओं के लिए हिकारत भरी सोच अब भी वैसी ही है। क्या फर्क पड़ता है कि इस देश में एक महिला प्रधानमंत्री हो चुकी हैं, अभी एक महिला राष्ट्रपति हैं, इससे पहले भी एक महिला राष्ट्रपति हो चुकी हैं। अंतरिक्ष से लेकर सेना, पुलिस, चिकित्सा, न्याय क्षेत्र, पत्रकारिता, उद्योग हर जगह महिलाएं अपनी काबिलियत का लोहा मनवाती रही हैं। लेकिन इस बात का हवाला देकर यह कहना कि देश में महिला सशक्तिकरण हो रहा है और महिलाओं को अब बराबरी का दर्जा मिलने लगा है, खुद को छलावे में रखने से अधिक और कुछ नहीं है। अगर महिलाएं अपने लिए बनाए दायरों से निकल कर बाहर आ रही हैं और उनके लिए असंभव, अछूते समझे जाने वाले क्षेत्रों में भी काम कर रही हैं, तो इसके पीछे या तो उनकी कोई मजबूरी होती है या परिवार का अभूतपूर्व सहयोग और प्रगतिशील सोच का असर होता है। इसका अर्थ ये बिल्कुल नहीं है कि देश में महिलाओं के लिए सोच बदल चुकी है। मानसिकता में अब भी लैंगिक भेदभाव कूट-कूट कर भरा हुआ है, जिसके उदाहरण उपरोक्त बयानों से समझे जा सकते हैं।

देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सात बार बजट पेश करके रिकार्ड बना लिया है। उनके बजट का सटीक और तार्किक विश्लेषण करने वालों में कई महिलाएं भी शामिल होंगी, जिन्हें अर्थशास्त्र की गहरी समझ होगी। लेकिन क्या इसका यह अर्थ है कि राबड़ी देवी को इस बारे में बोलने का कोई हक नहीं है, क्योंकि ललन सिंह के हिसाब से उन्हें हस्ताक्षर करने ठीक से नहीं आते तो वे बजट पर भी नहीं बोल सकती। क्या ललन सिंह नरेन्द्र मोदी के बारे में भी ऐसी ही बात कह सकते हैं, क्योंकि श्री मोदी हस्ताक्षर अच्छे से कर लें, लेकिन अर्थशास्त्र के ज्ञाता तो वे नहीं हैं। उनकी डिग्री भी एंटायर पॉलिटिकल साइंस की है, अर्थशास्त्र की नहीं है। फिर भी वे शिक्षकों से लेकर वैज्ञानिकों, बुनकरों से लेकर उद्योगपतियों सबको समझाइश देते रहते हैं। राबड़ी देवी को और देश के तमाम नागरिकों को बजट पर बोलने का उतना ही हक है जितना ललन सिंह या नरेन्द्र मोदी को है। क्योंकि बजट देश के आम नागरिकों के लिए बनता है और उनके ही धन से बनता है, इसलिए अपने विचार रखने का अधिकार भी है। ललन सिंह को अगर राबड़ी देवी के विचारों को खारिज करना ही था तो अपने तर्क सामने रखते। लेकिन उनका पौरुषवादी अहंकार यहां आड़े आ गया कि एक महिला, जो उनके हिसाब से पर्याप्त शिक्षित भी नहीं है और ऊपर से पूर्व मुख्यमंत्री, चार बार की विधायक और विधानपरिषद की सदस्य हैं, वो कैसे बजट पर अपनी राय दे सकती हैं।

कुछ ऐसी ही तकलीफ नीतीश कुमार को भी हो गई, जब राजद विधायक रेखा देवी को उन्होंने केवल इसलिए चुप कराना चाहा, क्योंकि वे एक महिला हैं। जाति जनगणना के मुद्दे पर रेखा देवी अपनी बात रख रही थीं और नीतीश कुमार को बोलने नहीं दे रही थीं, तो गुस्से में आकर नीतीश कुमार ने कहा कि बोल रही हो, फालतू बात। इन लोगों ने किसी महिला को आगे बढ़ाया है क्या ? पांचवीं के बाद मैंने महिलाओं को पढ़ाया है। इसलिए कह रहे हैं, चुपचाप सुनो। लेकिन नीतीश कुमार इस बात को भूल गए कि रेखा देवी को मसौढ़ी की जनता ने विधानसभा में इसलिए नहीं भेजा कि वो चुपचाप सरकार की बात सुनती रहें, बल्कि जनता की ओर से आवाज उठाएं इसलिए भेजा है। नीतीश कुमार यहां महिला होने के नाम पर रेखा देवी को चुप कराने लगे और ये भूल गए कि वे खुद जनता की आवाज दबा रहे हैं।

अगर जदयू अभी इंडिया गठबंधन का साथी होता तो राष्ट्रीय महिला आयोग के स्वत: संज्ञान लिए नोटिस नीतीश कुमार और ललन सिंह को पहुंच जाते। लेकिन जदयू के कारण भाजपा की सरकार सत्ता में बनी हुई है, तो एक तरह से जदयू को भी महिलाओं के अपमान की खुली छूट मिल ही गई है। याद कीजिए कि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाणी और विचार महिलाओं के लिए किस तरह के रहे हैं। राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन की मुंबई की रैली में शक्ति शब्द का जिक्र भाजपा को घेरने के लिए किया तो नरेन्द्र मोदी ने इसे मातृ शक्ति से जोड़ कर कहा कि मैं आखिरी सांस तक शक्ति के सम्मान के लिए लड़ूंगा। लेकिन इसी चुनाव में मंगलसूत्र बेचने से लेकर विपक्षी दलों के मुजरा करने की बात कहकर उन्होंने साबित कर दिया कि उनकी नजर में महिलाओं का ओहदा क्या है। सोनिया गांधी के लिए श्री मोदी कांग्रेस की विधवा और सुनंदा पुष्कर के लिए पचास लाख की गर्लफ्रेंड जैसी ओछी टिप्पणी कर ही चुके हैं। प.बंगाल जाकर संदेशखोली की महिलाओं के दर्द का जिक्र करने वाले नरेन्द्र मोदी आज तक मणिपुर नहीं गए, न ही वहां की पीड़ित महिलाओं की कोई सुध उन्होंने ली। महिला पहलवानों को भी उन्होंने उनके हाल पर छोड़ दिया है कि वे अपने इंसाफ की लड़ाई खुद लड़ें।

दरअसल नरेन्द्र मोदी, नीतीश कुमार, ललन सिंह ये केवल चेहरा और नाम हैं, इनके बयानों और विचारों में समाज की असलियत का प्रतिबिंब दिखाई दे रहा है। जिसमें ऊपरी तौर पर बात महिला बराबरी और सम्मान की होती है, लेकिन भीतर ही भीतर एक सड़ी-गली सोच पसरी हुई है, जिसमें महिला को किसी भी हद तक जाकर प्रताड़ित किया जा सकता है। फिर चाहे वह सरेआम निर्वस्त्र कर के जुलूस निकालना हो या जिंदा गाड़ना हो।

सलीम-अनारकली की काल्पनिक कहानी में यह बताया गया है कि शहंशाह अकबर ने हुकूमत की खातिर अनारकली को दीवार में जिंदा चुनवा दिया। फिल्म मुगले आजम में इसका प्रभावशाली चित्रण है, फिल्म में दिखाया गया है कि दीवार के दूसरी ओर से अनारकली को निकाल लिया जाता है, यानी यहां अकबर का उदार रूप दिखा दिया गया। फिल्म है, तो उसमें कल्पनाओं का खेल किया जा सकता है। लेकिन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने शासन में दो महिलाओं को जिंदा दफनाने की कोशिश पर क्या कहेंगे, किस तरह अपना उदारवादी चेहरा, लाड़ली बहनों के काबिल भाई का चेहरा प्रस्तुत कर पाएंगे।

रीवा जिले में ममता और आशा पांडेय नाम की दो महिलाओं को जमीन विवाद के कारण दबंगों ने जमीन में जिंदा दफना ही दिया था, क्योंकि इन दोनों देवरानी-जेठानी ने उनकी जमीन से होकर गुजरने वाली सड़क का विरोध किया। घर में कोई पुरुष मौजूद नहीं था और इन दोनों ने विरोध करने का साहस दिखाया तो पुरुषों ने भी अपनी ताकत दोनों को जमीन में गाड़ने में दिखा दी। इस घटना का वीडियो बना और वायरल हुआ तो उन दोनों की जान बचाई गई और अभी उनका इलाज चल रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शासन में आदिवासी के सिर पर पेशाब करने का शर्मनाक कृत्य सामने आया था तो अपनी छवि बचाने के लिए शिवराज सिंह चौहान ने उस आदिवासी को घर बुलाकर उसके पैर धोए। अब मोहन यादव की बारी छवि बचाने की है। क्या इस रक्षा बंधन पर इन दोनों महिलाओं से मुख्यमंत्री राखी बंधवाएंगे और उन्हें रक्षा का वचन देंगे, ये देखना होगा।

# केन्द्रीय बजट 2024-25 में राष्ट्रीय संसाधनों का ज़बरदस्त दुरुपयोग

■ के रवींद्रन

**अल्पमत के जनादेश के साथ शासन करने की अनिवार्यताओं को दर्शाते हुए एक रणनीतिक पैंतरेबाज़ी में सीतारमण ने एक ऐसा दस्तावेज़ पेश किया जिसे राजनीतिक बजट कहा जा सकता है, एक ऐसा दस्तावेज़ जो आर्थिक प्रबंधन की पारंपरिक अनिवार्यताओं की तुलना में गठबंधन राजनीति की अनिवार्यताओं के लिए अधिक अनुकूल है।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में अपने बजट पटल बड़े आत्मविश्वास के साथ आईं, जो यह एक प्रतीकात्मक इशारा था कि वह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक परिवर्तनकारी संघीय बजट के रूप में लोगों द्वारा प्रत्याशित प्रावधानों के साथ आई हैं। फिर भी, 23 जुलाई को राष्ट्र के सामने जो कुछ सामने आया, वह कोई पारंपरिक आर्थिक खाका नहीं था, बल्कि एक नाजुक गठबंधन बजट था, जिसे अलग-अलग राजनीतिक गठबंधनों को खुश करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था।

अल्पमत के जनादेश के साथ शासन करने की अनिवार्यताओं को दर्शाते हुए एक रणनीतिक पैंतरेबाज़ी में सीतारमण ने एक ऐसा दस्तावेज़ पेश किया जिसे राजनीतिक बजट कहा जा सकता है, एक ऐसा दस्तावेज़ जो आर्थिक प्रबंधन की पारंपरिक अनिवार्यताओं की तुलना में गठबंधन राजनीति की अनिवार्यताओं के लिए अधिक अनुकूल है। फिर सबसे दुखद बात यह कि उन्हें इस बात पर भी शर्मिंदगी महसूस नहीं हुई कि उनके खेल कौशल को बजट बनाने के अन्यथा गंभीर कार्य के लिए स्पष्ट विचलन के रूप में देखा जायेगा।

बिहार और आंध्र प्रदेश की क्षेत्रीय शक्तियों द्वारा समर्थित अल्पमत भाजपा सरकार की पृष्ठभूमि के आलोक में बजट की रूपरेखा में समझौते और समायोजन के अमिट निशान थे, जहां संख्याएं अक्सर सिद्धांतों या विवेक से अधिक नीति निर्धारित करती हैं।

मुद्रास्फीति को रोकने के लिए अपेक्षित उपायों की चूक ने व्यापक आर्थिक स्थिरता को खतरे में डाले बिना क्षेत्रीय सहयोगियों को संतुष्ट करने के लिए आवश्यक नाजुक संतुलन को रेखांकित किया- एक चतुर आर्थिक जाल-बट्टा, जो समकालीन भारत में गठबंधन शासन की पेचीदगियों को दर्शाता है।

सीतारमण के संबोधन का मुख्यबिंदु रोजगार सृजन पर जोर था, जो एक चिरस्थायी चिंता रही है, जो आर्थिक झटकों से और बढ़ गई है। भाजपा की चुनावी असफलताओं के बाद पार्टी के चुनाव-पश्चात विचार-विमर्श में यह तथ्य सामने आया। फिर भी, सरकार की रोजगार सृजन के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता के बावजूद ठोस, लक्ष्य-विशिष्ट प्रस्तावों की अनुपस्थिति स्पष्ट थी। रोजगार सृजन के लिए एक मजबूत रोडमैप की अनुपस्थिति और अल्प-रोजगार और बेरोजगारी से जूझ रहे लाखों लोगों के लिए बुलंद बयानबाजी को मूर्त परिणामों में बदलने में सक्षम ठोस उपायों की कमी इतनी स्पष्ट थी कि इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता था।

बजट का विशुद्ध रूप से आर्थिक गणना के बजाय राजनीतिक गणना की ओर झुकाव क्षेत्रीय भागीदारों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गई राजकोषीय प्राथमिकताओं के परस्पर क्रिया द्वारा रेखांकित किया गया था। सत्ता पर भाजपा की कमजोर पकड़ के लिए महत्वपूर्ण नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू बजटीय विचार-विमर्श में प्रमुखता से उभरे, उनकी रणनीतिक अनिवार्यताएं अक्सर आर्थिक विवेक की सार्वभौमिक मांगों पर भारी पड़ीं। संसाधन आवंटन की रूपरेखा इन क्षेत्रीय क्षत्रपों की छाप को दर्शाती है, जो कि अनियंत्रित आर्थिक प्रबंधन के आदर्शवाद पर गठबंधन शासन की व्यावहारिक आवश्यकताओं के भारी पड़ने को सामने रखती है।

समावेशी विकास के प्रति सीतारमण के प्रस्ताव राजनीतिक सुविधा की अनिवार्यताओं के साथ प्रतिध्वनित होते हैं, फिर भी इस कथित प्रतिबद्धता को प्रभावित करने वाले अंतर्निहित विरोधाभासों को सामने लाते हैं। मुद्रास्फीति को रोकने के लिए ठोस उपायों की अनुपस्थिति- जो कि आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे आम आदमी के लिए एक मुख्य डर है- राजनीति और अर्थशास्त्र के बीच असंगत तालमेल को ही रेखांकित करती है। इसने अल्पकालिक राजनीतिक अनिवार्यताओं और स्थायी आर्थिक प्रबंधन की मांगों के बीच तनाव को उजागर किया- एक विसंगति जिसने राजकोषीय विवेक के मामलों में सरकार की व्यापक विश्वसनीयता को कमजोर करने के साथ-साथ केंद्रीय बजट के निर्माण में संवैधानिक औचित्य के निर्देशों को कमजोर करने का खतरा उत्पन्न कर दिया है।

निर्मला सीतारमण का 2024-25 का बजट आलोचना और निराशा का तूफान खड़ा करने के लिए बाध्य है, खासकर उन राज्यों से जो पारंपरिक रूप से सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ मतभेद रखते हैं। भारत के बजटीय आवंटनों में आमतौर पर निहित संघवादी लोकाचार से हटकर, उनका राजकोषीय खाका संसाधनों के न्यायसंगत वितरण को बाधित करता हुआ दिखाई दिया, जिससे केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे विपक्ष शासित राज्यों को महत्वपूर्ण आवंटनों से स्पष्ट रूप से वंचित रहना पड़ा। विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के लिए किसी भी सार्थक स्वीकृति या आवंटन की अनुपस्थिति ने भारत के संवैधानिक ढांचे में निहित संघवादी सिद्धांतों से एक स्पष्ट प्रस्थान को रेखांकित किया।

ऐतिहासिक रूप से, भारत की बजटीय प्रक्रिया ने सहकारी संघवाद के सिद्धांत का पालन करते हुए, राजनीतिक संबद्धता के बावजूद, विभिन्न राज्यों की राजकोषीय आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को संतुलित करने का प्रयास किया है। हालांकि, सीतारमण की बजटीय रणनीति गठबंधन सहयोगियों को खुश करने की ओर निर्णायक रूप से झुकी हुई दिखाई दी। विपक्ष शासित राज्यों के लिए, बजट का हाशिए पर होना केवल राजकोषीय उपेक्षा से कहीं अधिक था। यह एक प्रणालीगत ढंग से वंचित करने और संघीय ढांचे की विशेषता वाली विविध आर्थिक अनिवार्यताओं के प्रति उपेक्षा का प्रतीक था। केरल और तमिलनाडु जैसे राज्य, जो अपने मजबूत आर्थिक योगदान और विशिष्ट विकासात्मक चुनौतियों के लिए जाने जाते थे, खुद को हाशिये पर पाते हैं। राजकोषीय चर्चा में, उनकी तत्काल ज़रूरतें गठबंधन राजनीति की अनिवार्यताओं के सामने दब गईं।

सामाजिक कल्याण और मानव विकास सूचकांकों पर ज़ोर देने के लिए मशहूर केरल में बजट की उपेक्षा ने गहरी छाप छोड़ी। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए लक्षित आवंटन की अनुपस्थिति ने केंद्र की राजकोषीय प्राथमिकताओं और ज़मीनी हकीकतों के बीच एक अलगाव को रेखांकित किया। पर्यटन और प्रेषण जैसे क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भर अर्थव्यवस्था के साथ, केरल को पर्याप्त बजटीय प्रावधानों से बाहर रखा जाना उभरती वैश्विक चुनौतियों के सामने लचीलापन बढ़ाने और सतत विकास को बढ़ावा देने के एक चूके हुए अवसर का प्रतिनिधित्व करता है।

इसी तरह, तमिलनाडु ने भी अपने दुर्जेय औद्योगिक आधार और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान के साथ-खुद को हाशिए पर पाया। राज्य की विकास संबंधी आकांक्षाएं, विशेष रूप से विनिर्माण, कृषि और शहरी बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में, कहीं और राजनीतिक समायोजन की ज़रूरतों के कारण हाशिए पर चली गईं। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने और कृषि लचीलापन बढ़ाने के लिए लक्षित निवेश की कमी ने एक अदूरदर्शी राजकोषीय दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जिसने दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता पर अल्पकालिक राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता दी।

कर्नाटक, एक अन्य राज्य जो एक विपक्षी दल द्वारा शासित है, में असंतोष की प्रतिध्वनियां स्पष्ट थीं। एक प्रमुख आर्थिक केंद्र और तकनीकी महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति के बावजूद, बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल नवाचार और सतत शहरीकरण के लिए कर्नाटक की आकांक्षाओं को बजटीय चर्चा में जगह नहीं मिली।

सीतारमण की बजटीय रणनीति के नतीजे राजकोषीय आवंटन तक ही सीमित नहीं रहकर बहुत आगे तक फैलेंगे तथा वे राज्य शासन के गलियारों में गूंजेंगे, जिससे विपक्षी नेताओं और नीति निर्माताओं के बीच आक्रोश और आशंकाएं पैदा होंगी। विपक्ष शासित राज्यों की कथित उपेक्षा मौजूदा भ्रंशरेख को और गहरा करने तथा क्षेत्रीय शिकायतों को और बढ़ाने का खतरा उत्पन्न करेगी, जो संभावित रूप से भारत के विकास के लिए आवश्यक सहयोगी भावना को कमजोर करती है।



## ललित सुरजन की कलम से

### खुशी के पैमाने पर भारत

*'1991 से लेकर आज तक भारत एलपीजी के फार्मूले पर चल रहा है। इस बीच सरकार भले ही किसी की भी रही हो। फर्क इतना है कि अटलबिहारी वाजपेयी की सरकार जनमत का थोड़ा बहुत आदर करती थी इसलिए उसे अपने आर्थिक निर्णयों में संशोधन करने में संकोच नहीं होता था। यशवंत सिन्हा को इसीलिए रोल बैक मिनिस्टर कहकर पुकारा जाने लगा था याने वह मंत्री जो अपने निर्णय हर समय वापस ले ले।यूपीए के दस साल के दौरान अगर मनमोहन सरकार पूंजीमुखी निर्णय लेती थी तो सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद उन पर या तो अंकुश लगाती थी या ऐसी नीतियां प्रवर्तित करती थी जो लोकोन्मुखी हों। किसानों की सत्तर हजार करोड़ की ऋण माफी एक ऐसा बड़ा उदाहरण था। वर्तमान मोदी सरकार की सोच बिल्कुल भिन्न है। इस सरकार को वायदे करना बहुत आता है, लेकिन निभाना नहीं। इसे न जनमत की परवाह है और न संसदीय परंपराओं की। बिना बहस के बजट पारित करना इस सरकार की अहम्मन्यता का बड़ा उदाहरण है। वित्त मंत्री से आम जनता की कौन कहे, व्यापारी और उद्योगपति भी त्रस्त हैं।'*

**(देशबन्धु में 22 मार्च 2018 को प्रकाशित)**

## पावन प्रसंग

### साधना का प्रयोजन

साधना का उद्देश्य किसी के सामने गिड़गिड़ाना, झोली पसारना या नाक-रगड़ना नहीं है। दीनता न आत्मा को शोभनीय है और न परमात्मा को प्रिय है। परमात्मा न खुशामद का भूखा है और न ही उसे प्रशंसा की आवश्यकता। उसकी महानता अपने आप में अपनी प्रशंसा है। मनुष्यों की वाणी न उसमें कुछ वृद्धि कर सकती है और न कमी। अपने ही बालक के मुख से प्रशंसा कराना किसी मनुष्य को भी अच्छा नहीं लगता, फिर परमात्मा को कैसे अच्छा लग सकता है ? मांगना बुरी बात है। चोरी से भी बुरी। चोर दुस्साहस करता है और खतरा मोल लेता है, तब कहीं कुछ पाता है पर भिखारी उतना भी तो नहीं करता। वह बिना कुछ किए ही पाना चाहता है। संसार के अपंग और असमर्थ भी स्वाभिमानी होते हैं। कोढ़ी और अंधे भी कुछ कर लेते हैं। समाज उन्हें कर्तृत्व के साधन तो देता है, पर मुफ्त में बिठाकर नहीं खिलाता। इसमें देने वाले की उदारता भले ही हो, पर लेने वाले को ऋण के भार से दबना पड़ता है और दीन बनकर समग्र स्वाभिमान का हनन करना पड़ता है। यह हानि उस लाभ से बुरी है, जो किसी दान से कुछ प्राप्त करके उपलब्ध किया जाता है।

साधना निश्चित रूप से याचना नहीं है। वह विशुद्ध रूप से आत्मपरिष्कार जीवन शोधन और पात्रता के विकास की सुनियोजित प्रक्रिया है। तपश्चर्या की आग में हम अपने कलुष-कषाय को जलाते हैं। कर्मफल से छुटकारे की कुमार्गगामी दुष्प्रवृत्ति से छुटकारा पाने की वही चेष्टा है। कर्मफल अपने हाथ में नहीं। तीर छोड़ने से पहले अपने हाथ में था, छूट गया तो अपना कार्य करेगा। कर्मफल की व्यवस्था सृष्टि का कठोर और अपरिवर्तनीय नियम है। उसे यदि ईश्वर बदलने लगे तो फिर उसे अपनी सारी क्रम व्यवस्था ही बदलनी पड़ेगी। सच्चा न्यायाधीश अपने बेटे को भी अपराध का दंड देकर न्याय की रक्षा करता है। ईश्वर के न्यायालय में भक्त-अभक्त का अंतर नहीं। भक्ति के दूसरे परिणाम हो सकते हैं, पर उसका प्रयोजन यह नहीं हो सकता कि उस न्यायशील परमेश्वर को अन्याय या पक्षपात करने के लिए विवश किया जाए।

भक्ति हमें भविष्य में दुष्कर्म न करने की प्रेरणा देती है। अपने स्वभाव में फंसे हुए अविवेक और अनाचार उन्मूलन में सहायता करती है। निष्पाप और निर्मल बनकर हम प्रारब्ध कर्मों को भी धैर्य और शांतिपूर्वक साहस और संतोष के साथ सहन कर सकने में समर्थ हो सकते हैं और इस प्रकार प्रारब्ध भोग की आधी व्यथा हलकी कर सकते हैं। दुष्कर्मों और कुविचारों को तिलांजलि देकर अपना भविष्य तो उज्जवल कर ही सकते हैं। साधना का यह लाभ भी कम महत्वपूर्ण नहीं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### शहरी गरीबी क्षेत्र में भी रोजगार जरूरी

पिछले हफ्ते राजस्थान सरकार ने 2024-25 का अपना बजट पेश किया. हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद राज्य की नई सरकार का यह पहला पूर्णकालिक बजट है. इसमें अगले पांच वर्षों की रूपरेखा के आधार पर नौकरी और आजीविका समेत अन्य बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। बजट में अगले पांच साल में सरकारी और निजी क्षेत्र में करीब दस लाख नई नौकरियां देने की घोषणा की गई है। दरअसल राजस्थान देश के उन पांच राज्यों में शामिल है जहां बेरोजगारी दर बहुत अधिक है। केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मुताबिक राजस्थान में इस समय बेरोजगारी की दर करीब 20.6 फीसदी है। न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बल्कि शहर में रहने वाले स्लम बस्तियों में भी आजीविका के बहुत कम साधन उपलब्ध हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से बेहद कमजोर परिवारों के पास आजीविका के नाम पर मौसमी रोजगार उपलब्ध होते हैं।

राजस्थान के कई ऐसे शहरी क्षेत्र हैं जहां आबाद स्लम बस्तियों में लोगों के पास रोजगार नहीं है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल यह बस्ती शहर से करीब 10 किमी दूर गुर्जर की थड़ी इलाके में आबाद है। लगभग 500 से अधिक लोगों की आबादी वाले इस बस्ती में लोहार, मिरासी, रद्दी बेचने वाले, फ़कीर, शादी ब्याह में ढोल बजाने वाले, बांस से सामान बनाने वाले बागरिया समुदाय और दिहाड़ी मज़दूरी का काम करने वालों की संख्या अधिक है। इस बस्ती में साक्षरता की दर काफी कम है। जिसके पीछे कई कारण मौजूद हैं लेकिन इसकी वजह से नई पीढ़ी न तो उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकी है और न ही उनके पास रोजगार के कोई विशेष साधन उपलब्ध हो सके हैं। इस बस्ती में आबाद बागरिया समुदाय के लोग बांस से बने सामान तैयार कर उन्हें बाजार में बेचते हैं। ज्यादातर यह लोग उससे झाड़ू बनाने का काम करते हैं लेकिन इस काम में उन्हें बहुत कम आमदनी होती है। परंतु पीढ़ी दर पीढ़ी यह समुदाय इसी काम में पारंगत होने के कारण रोजगार के अन्य साधनों से दूर है। इस संबंध में 55 वर्षीय विष्णु बागरिया कहते हैं कि उनका समुदाय घुमंतू है। कहीं भी स्थायी ठिकाना नहीं होता है। जगह-जगह घूम कर वह झाड़ू बनाने और बेचने का काम करते हैं। वह बताते हैं कि उनके परिवार में चार सदस्य हैं और सभी मिलकर झाड़ू बनाने का काम करते हैं। वह सभी एक दिन में 50 से 75 झाड़ू तैयार कर लेते हैं जिसे परिवार की महिलाएं बेचने का काम करती हैं। वह बताते हैं कि कई बड़े व्यापारी उनसे झाड़ू खरीदने आते हैं लेकिन एक झाड़ू का हमें केवल दस रुपए ही देते हैं, जबकि वही झाड़ू वह अपने स्टोर पर 40 से 50 रुपए में बेचते हैं। वहीं 22 वर्षीय कमला बागरिया कहती हैं कि झाड़ू बनाने के लिए बांस और अन्य सामान लाने का काम घर के पुरुष करते हैं, जिसके बाद घर के सभी सदस्य दिन भर बैठ कर इसे तैयार करने का काम करते हैं।

**सुनीता बैरवा, जयपुर, राजस्थान**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## यूक्रेन ने मार्शल लॉ की अवधि नवंबर तक बढ़ाई

**कीव।** सांसद यारोस्लाव जेलेजन्याक ने बताया कि यूक्रेन की संसद ने देश में मार्शल लॉ को 9 नवंबर तक बढ़ा दिया है। यारोस्लाव जेलेजन्याक ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मार्शल लॉ की अवधि बढ़ाने का समर्थन 450 में से 339 सांसदों ने किया। संसद ने जनसंख्या के सामान्य सैन्य लामबंदी को 90 दिनों के लिए बढ़ाने संबंधी एक अलग विधेयक को भी मंजूरी दे दी है।



# उत्तर पश्चिमी चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 से ज्यादा लोग प्रभावित



**लान्झू,** 24 जुलाई (एजेंजिसयां)। उत्तर पश्चिमी चीन के गांसू प्रांत के लोंगनान शहर में मूसलाधार बारिश से बुधवार सुबह तीन बजे तक 13,400 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए, जबकि 5,622 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोंगनान मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से बुधवार तक लोंगनान में 251 मिमी तक की भारी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण पहाड़ियों की धार, भूस्खलन और अन्य आपदाओं ने 14 राजमार्गों को बंद कर दिया और आवासीय घरों और खेतों को नुकसान पहुंचाया। वर्तमान में, 14 बाधित सड़कों में से चार की सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई है और 24 10केवी लाइनों में से 13 को बहाल कर दिया गया है। लोंगनान में स्थानीय अधिकारियों ने बाढ़ के लिए स्तर की आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की है, जो तीसरा उच्चतम स्तर है। संबंधित विभाग और कर्मी 24 घंटे तैयार हैं और आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं।

■ भारी बारिश से घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा

## चीन ने तूफान गेमी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) ने बुधवार सुबह तूफान गेमी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जिसके कारण देश के दक्षिणी क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने और भारी बारिश होने का अनुमान है। इस वर्ष का तीसरा तूफान गेमी बुधवार सुबह पांच बजे ताइवान के यिलान काउंटी से 260 किमी दक्षिण पूर्व में स्थित था। एनएमसी ने कहा कि इसके 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और धीरे-धीरे शक्तिशाली होने का अनुमान है। तूफान के बुधवार रात मध्य और उत्तरी ताइवान के तट पर पहुंचने की आशंका है। द्वीप को पार करने के बाद, गुरुवार दोपहर और रात के बीच फ़ुज़ियान के फुडिंग और जिनजियांग के बीच तट पर दूसरी बार भूस्खलन होने का अनुमान है।एनएमसी के अनुसार, तूफान उत्तर की ओर चीन के अंतर्देशीय क्षेत्रों की ओर बढ़ेगा, इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम होगी।

## कांगो में एडीएफ विद्रोहियों के हमले में 35 की मौत

**गोमा,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के पूर्व में एक प्रांत उत्तरी किवु में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) के विद्रोहियों ने मंगलवार से बुधवार तक कम से कम 35 लोगों की हत्या कर दी। सूत्रों के अनुसार, यह हमला लुबेरो क्षेत्र के ओमबेले गांव में हुआ। सूत्रों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। कई नागरिक बंधक बनाए गए हैं या लापता हैं। सूत्रों ने बताया कि जले हुए घरों में पीड़ितों की तलाश बुधवार सुबह से ही जारी है। एडीएफ की स्थापना 1990 के दशक में युगांडा में कई विपक्षी आंदोलनों के समय की गई थी। युगांडा की सेना से पराजित एडीएफ विद्रोही पूर्वी कांगों में सक्रिय हैं, जहां कांगो और युगांडा की सेना 2021 से एडीएफ के खिलाफ संयुक्त अभियान चला रही है। एडीएफ अब इस्लामिक स्टेट से जुड़ा हुआ है।

■ जले हुए घरों में पीड़ितों की तलाश जारी



## सुडोकू 6626

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | 2 | | |
| 4 | 8 | 1 | | | | | 7 | |
| 2 | | | 5 | 1 | | | 6 | |
| | | | 4 | | | | | 2 |
| | | 5 | | | | 6 | | |
| 6 | | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | 3 | 1 | | | 7 |
| | 7 | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | 2 | 8 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 25 जुलाई , 2024 श्रावण कृष्ण पक्ष 4**

### राशिफल

मेष - आज आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा है। शादी योग्य युवाओं को जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम भी सरलता से संपन्न होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन - विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद- प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क - आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। दोपहर के बाद विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

सिंह - स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने- फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी।

कन्या - आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

तुला - अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन काम और अन्य रचनात्मक काम करने में आगे बढ़ेंगे। विचारों में आते शीघ्र परिवर्तन से मानसिक रूप से आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। संभवत: यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं।

वृश्चिक - आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव से जिद्दीपन छोड़कर आगे बढेंगे, तो अनेक समस्याओं का निराकरण होता दिखेगा। नए वस्त्र और सौंदर्य की चीजें खरीदने में आपकी रुचि बनेगी।

धनु - शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ किसी छोटी यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों और स्वजनों के साथ अच्छे समय का आनंद ले पाएंगे।

मकर - आज आप अधिक वाद-विवाद न करें। धार्मिक काम और उपासना के पीछे धन खर्च हो सकता है। परिजनों के साथ किसी बात पर वाद-विवाद हो सकता है। दोपहर के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभ - आज आपका मन खुश रहेगा। आध्यात्मिकता से मन को शांत रखने की कोशिश करेंगे। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने में ही आपकी भलाई है। वाणी पर संयम रखें। किसी अनावश्यक काम में धन खर्च हो सकता है।

मीन - आज किसी के साथ भी धन संबंधी कोई व्यवहार ना करें। दिन की शुरुआत में मन को एकाग्र रखने में दिक्कत आएगी। आज खर्च पर संयम रखें। स्वजनों से विवाद हो सकता है, इससे आपका मन उदास रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फिलीपींस में गेमी तूफान से आई बाढ़ के बाद आपदा की स्थिति घोषित

**मनीला,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। फिलीपीन्स की राजधानी मनिला में तूफान गेमी और दक्षिण पश्चिम मानसून से विभिन्न हिस्सों में आयी बाढ़ के बाद यहां आपदा की स्थिति घोषित कर दी गयी है। मेट्रो मनीला काउंसिल ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी। काउंसिल ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में सात फीट गहराई तक फैली व्यापक बाढ़ के कारण सरकार ने मनीला खाड़ी और नदियों के पास से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और स्कूलों और कार्यालयों को बंद कर दिया है। पुलिस ने कहा कि तूफ़ान के कारण कम से कम आठ लोग मारे गए। मनीला के दक्षिण में बटांगस प्रांत के एगोनसिलो शहर में भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई। बटांगस प्रांत के नासुग्बो शहर में तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण गिरे पेड़ से दबकर 46 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि मनीला शहर में बिजली का झटका लगने से एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मनीला के उत्तर में पंपंगा प्रांत के एंजिल्स शहर में भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई। और मनीला के पश्चिम में बातान प्रांत में दो लोग कथित तौर पर लापता थे। बाढ़ के कारण कुछ इलाकों में बिजली भी गुल हो गयी है। फिलीपींस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि लूज़ॉन के कई हवाई अड्डों ने खराब मौसम के कारण परिचालन निलंबित कर दिया है। निनॉय एक्विनो अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा टर्मिनल चार की सेवा बाढ़ के कारण निलंबित है। फिलीपींस के राज्य मौसम ब्यूरो, पगासा ने कहा कि गेमी में बुधवार को भारी बारिश जारी रहेगी और बाढ़ और बारिश से भूस्खलन होने के आसार है। इसमें कहा गया है कि गेमी द्वारा बढ़ाए गए दक्षिण-पश्चिम मानसून से शुक्रवार तक लूजोन के कई क्षेत्रों में मध्यम से तीव्र वर्षा होगी, साथ ही मध्य फिलीपींस में विसायस क्षेत्र और दक्षिणी फिलीपींस में उत्तरी मिंडानाओ में भी बारिश होगी।


■ बाढ़ के कारण सरकार ने मनीला खाड़ी और नदियों के पास से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया



## पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की बाढ़ की चेतावनी

**इस्लामाबाद,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देश के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। एनडीएमए के राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने कहा कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से मानसून की बारिश पाकिस्तान के ऊपरी क्षेत्रों में प्रवेश कर गई है, जिसके कारण 27 जुलाई तक देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। बयान में कहा गया कि दक्षिणी सिंध, पूर्वी पंजाब और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों के कुछ हिस्सों में तूफान, तेज हवाएं और बारिश होने का अनुमान है। प्राधिकरण ने कहा कि बारिश के कारण शहरी इलाकों में अचानक बाढ़ आने और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन होने की आशंका है। एनडीएमए ने संबंधित प्रांतीय अधिकारियों को बाढ़ और भूस्खलन के संभावित प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने का निर्देश दिया है। बयान में कहा गया कि आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को सतर्क कर दिया गया है और किसी भी संभावित आपातस्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

## वर्ग पहेली 6626




**बायें से दायें:-**

१ वह पात्र जिसमें शवदाह के बाद मृतक की हड्डियों को रखा जाता है
१. अव्यवस्था,, गोलमाल, घपला
६. पढ़ा-लिखा,साक्षर
७. बुद्धिमान
८. बंदीगृह
१०. सौदे आदि में मध्यस्थता करने वाला
११. प्रज्जवलित होना, जोर से जल उठना, क्रुद्ध होना. चौंकना, बिदकना
१३. जीत, फतह
१४. हरगिज
१५. बंधुत्व
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. कमल
२१. कामयाबी
२४. सूर्य किरण

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिनके पास कुछ न हो, अति निर्धन, वह वस्तु जिसका कोई मूल्य न हो
२. असह्य, अधिक मेहनत वाला काम (उपमा)
३. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
४. बीता हुआ समय
५. उपद्रव, दंगा १ (उर्दू)
९. 'टाईम कीपर
११. हित, कल्याण, अच्छा
१२. भैंस का नर बच्चा
१३. जंगल, वन
१४. दया, अनुकंपा
१५. किस्मतवर
१६. चायलूस
१८. सिर्फ, मात्र
१९. चंद्रमा, चंद्रमा का धब्बा
२०. चिपकने का गुण
२३. करतल ध्वनि

## वर्ग पहेली-6625



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## मॉस्को में कार विस्फोट, दो लोग घायल

**मॉस्को,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। रूस की राजधानी मॉस्को में एक कार में विस्फोट में दो लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। तास समाचार एजेंसी ने रूसी गृह मंत्रालय की प्रवक्ता इरिना वोल्क के हवाले से कहा कि उत्तरी मॉस्को में एक आवासीय इमारत के प्रांगण में खड़ी कार में रखी अज्ञात वस्तु के कारण विस्फोट हुआ था। रूस के मुख्य जांच विभाग की जांच समिति ने कहा कि मॉस्को में सिन्याविंस्काया स्ट्रीट पर हुई घटना के संबंध में, एक आपराधिक मामला शुरू किया गया है उन्होंने बताया कि घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और कार मालिक तथा एक यात्री घायल हो गए। जांचकर्ता और फोरेंसिक विशेषज्ञ फिलहाल घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। चिकित्सा और विस्फोटक परीक्षणों सहित मामले की विस्तृत जांच की जाएगी।

## लिथुआनिया के संसदीय चुनाव में उतरेंगे 19 दल, 18 निर्दलीय उम्मीदवार भी ठोकेंगे ताल

**विल्नियस,** 24 जुलाई (एजेंसियां) लिथुआनिया के केंद्रीय चुनाव आयोग (वीआरके) के अनुसार, इस साल अक्टूबर में होने वाले लिथुआनियाई संसद के चुनाव में 19 राजनीतिक दल हिस्सा लेंगे। चुनाव के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि समाप्त हो गई है। चुनाव में केवल पंजीकृत राजनीतिक अभियान के प्रतिभागी ही चुनाव में भाग ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार, राजनीतिक दलों द्वारा मनोनीत 179 उम्मीदवार और 18 निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनावी प्रक्रिया के तहत पंजीकृत किया गया है। इसके अलावा तीन नई पार्टियां पहली बार संसदीय चुनाव लड़ रही हैं। इनमें डेमोक्रेट्स फॉर लिथुआनिया, डॉन ऑफ द नेमुनास और लिथुआनियाई क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी शामिल है। अक्टूबर में होने वाला चुनाव संवैधानिक संशोधनों के बाद होने वाला पहला चुनाव है। इसमें 21 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को संसद के चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई है। बाल्टिक न्यूज सर्विस (बीएनएस) ने मंगलवार को बताया कि पहले उम्मीदवारों की उम्र कम से कम 25 साल थी। संसदीय चुनाव के लिए सभी संभावित उम्मीदवारों को 9 अगस्त तक अपने आवेदन दस्तावेज समेत जमा करने होंगे। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों को निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से कम से कम 1,000 हस्ताक्षर लेने होंगे। लिथुआनिया 13 और 27 अक्टूबर को दो चरणों में अपने 141 सांसदों का चुनाव करेगा।

■ चुनाव में केवल पंजीकृत राजनीतिक अभियान के प्रतिभागी ही चुनाव में भाग ले सकते हैं



## आज का इतिहास

1547- फ्रांस के हेनरी द्वितीय को ताज पहनाया गया।
1585- एम्सटर्डम ने 45 रोमन कैथोलिक पर प्रतिबंध लगाया
1689- फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1813- भारत में पहली बार नौका दौड़ प्रतियोगिता कलकत्ता में आयोजित।
1814- नियाग्रा फॉल्स के युद्ध में अमेरिका ने ब्रिटेन को हराया।
1837- इलेक्ट्रिक टेलिग्राफ के इस्तेमाल का पहली बार सफलता पूर्वक प्रदर्शन।
1854- वाल्टर हंट को पहले पेपर शर्ट कॉलर का अमेरिकी पेटेंट हासिल हुआ।
1929- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा 'भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी' के प्रमुख नेता सोमनाथ चटर्जी का जन्म।
1943- इटली के तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी गिरफ्तार, इटली के प्रमुख के पद से बर्खास्त।
1948- आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर रिकॉर्ड बनाया।
1963- अमेरिका, रूस और ब्रिटेन ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए।
1978- दुनिया की पहली आईवीएफ शिशु लुई ब्राउन का इंग्लैंड के ओल्डहैम शहर में जन्म।
1987- रंगास्वामी वेंकटरमन भारत के आठवें राष्ट्रपति बने।
1994- जॉर्डन और इजरायल के बीच 46 वर्ष से चल रहा युद्ध समाप्त।
1997- आर नारायणन भारत के 10वें राष्ट्रपति बने।
2000- एयर फ्रांस का एक कॉनकार्ड विमान उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त होकर एक होटल पर गिरा। हादसे में 109 विमान यात्रियों के अलावा होटल में मौजूद चार लोग भी जान गंवा बैठे।

**संबोधित** *माओ निंग ने बताया, मॉस्को-कीव संघर्ष एजेंडे में शीर्ष पर था*

## रूस के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार है यूक्रेन: चीन

**बीजिंग, 24 जुलाई (एजेंसियां)। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात के दौरान कहा कि यूक्रेन रूस के साथ संघर्ष समाप्त करने और एक न्यायपूर्ण तथा स्थायी शांति के लिए बातचीत के लिए तैयार है। चीनी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। बुधवार को यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शीर्ष यूक्रेनी राजनयिक की चीन यात्रा के एजेंडे के बारे में जानकारी साझा की।**

फरवरी 2022 में संघर्ष की शुरुआत के बाद यह वांग के साथ उनकी पहली वार्ता है। माओ ने बताया कि मॉस्को-कीव संघर्ष एजेंडे में शीर्ष पर था। कुलेबा ने कहा कि यूक्रेन रूस के साथ वार्ता और समझौता करने के लिए तैयार है। माओ ने कहा कि वार्ता तर्कसंगत और ठोस होनी चाहिए जिसका उद्देश्य न्यायपूर्ण और स्थायी शांति हासिल करना हो। कुलेबा की चीन यात्रा ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस सप्ताह की शुरुआत में वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से कहा था कि वह जल्द से जल्द संघर्ष समाप्त करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने रूस के साथ बातचीत के लिए तत्परता का संकेत दिया था। उनका रुख उनके 2022 के रुख के विपरीत था जिसमें मॉस्को में मौजूदा नेतृत्व के साथ सभी वार्ताओं को खारिज कर दिया गया था और फिर उनके शांति फॉर्मूले को रूसी नेतृत्व ने भ्रमपूर्ण बताकर खारिज कर दिया था। जून में यूक्रेन ने स्विट्जरलैंड में शांति शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, जिसमें जेलेंस्की के फॉर्मूले के कई बिंदुओं पर चर्चा की गई थी। हालांकि इसमें मॉस्को को आमंत्रित नहीं किया गया था और बीजिंग ने भी इस कार्यक्रम से दूरी बनाई थी।



### परमाणु हथियार संपन्न देश आपस में परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करें : चीन

**बीजिंग।** परमाणु अप्रसार संधि के 11वें समीक्षा सम्मेलन की दूसरी तैयारी बैठक स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित हुई। इस मौके पर चीनी प्रतिनिधि ने सामान्य बहस के दौरान कहा कि रणनीतिक जोखिम कम करने के लिए चीन ने परमाणु हथियार संपन्न पांच देशों से वार्ता के जरिए आपस में परमाणु हथियार का पहले इस्तेमाल नहीं करने का समझौता संपन्न करने या संबंधित राजनीतिक वक्तव्य जारी करने की पहल की।

## दुनिया को जानें

### परंपरागत कला और चीनी भाषा व शिक्षा आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे चीन-भारत

**बीजिंग,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। चीन से जुड़े आर्ट और कल्चर को समझने के लिए पश्चिम बंगाल से एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल हाल में चीन के युन्नान प्रांत के खुनमिंग शहर पहुंचा। इस टीम में आर्ट, कल्चर, शिक्षा, भाषाओं में हिंदी, बांग्ला और चीनी भाषा की समझ रखने वाले अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवा प्रतिनिधि शामिल थे। यात्रा के दौरान, भारतीय दल ने युन्नान विश्वविद्यालय, युन्नान जातीय विश्वविद्यालय, युन्नान कला कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के साथ कला और भाषा की अंतरराष्ट्रीय शिक्षा आदि विषयों पर बातचीत की। दोनों पक्षों ने परंपरागत कला और चीनी भाषा की शिक्षा आदि क्षेत्रों में सहयोग और गहरा करने की इच्छा प्रकट की। भारतीय दल ने युन्नान के एक संस्कृति और क्रिएटिव पार्क और युन्नान विश्वविद्यालय का दौरा भी किया। मौके पर भारतीय प्रतिनिधियों के लिए रंगीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग 100 चीनी कलाकारों ने प्रदर्शन किया, जो कि नृत्य के माध्यम से प्रकृति व मानव जीवन को दर्शाया गया था, तथा इसके महत्व को बताया गया था। युन्नान विश्वविद्यालय चीन के युन्नान प्रांत के खुनमिंग शहर में स्थित एक विश्वविद्यालय है।

# प्रादेशिकी

## 5-जी नेटवर्क को हिमाचल के सभी जिलों में लांच कर दिया गया : चन्द्रशेखर

**धर्मशाला।** केन्द्रीय संचार राज्य मन्त्री डॉक्टर पी सी चन्द्रशेखर ने काँगड़ा के लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भारद्वाज के एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि 5-जी नेटवर्क को हिमाचल प्रदेश के सभी ज़िलों में लांच कर दिया गया है। यह जानकारी श्री चन्द्रशेखर ने श्री राजीव भारद्वाज के तारांकित प्रश्न के उत्तर में दी। उन्होंने बताया कि 5-जी नेटवर्क के अन्तर्गत अब तक हिमाचल में 4,101 बेस ट्रान्सीवर स्टेशन स्थापित किये गए हैं । उन्होंने बताया कि 5-जी नेटवर्क की सुविधा इस समय देश के 750 जिलों और 8000 कस्बों में प्रदान की गई है तथा इसके अन्तर्गत देश में अब तक कुल 4.4 लाख 5-जी बेस ट्रान्सीवर स्टेशन स्थापित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि 4-जी के मुकाबले 5 जी नेटवर्क के माध्यम से उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। डॉ चन्द्रशेखर ने बताया कि 5-जी नेटवर्क के लांच करने के 19 महीने के छोटे से अंतराल में अब तक पुरे देश में 17 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता इस सेवा का उपयोग कर रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने कंगना को 21 अगस्त तक याचिका पर जवाब देने के आदेश जारी किए

- कंगना रनौत के चुनाव को हाई कोर्ट में दी गई है चुनौती
- किन्नौर निवासी लायक राम नेगी ने दायर की याचिका

**शिमला,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर उन्हें नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने प्रतिवादी कंगना रनौत को 21 अगस्त तक याचिका का जवाब देने के आदेश जारी किए। न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ ने जिला किन्नौर निवासी लायक राम नेगी द्वारा दायर चुनाव याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के पश्चात यह आदेश जारी किए। प्रार्थी ने लोकसभा चुनाव में अपने नामांकन पत्र को अनुचित तरीके से अस्वीकृत करने का आरोप लगाते हुए उक्त सीट के लिए हुए लोक सभा चुनाव को रद्द करने की मांग की है। प्रार्थी ने इस मामले में चुनाव आयोग के रिटर्निंग ऑफिसर जिलाधीश मंडी को भी प्रतिवादी बनाया है।

प्रार्थी के अनुसार उसने 14 मई 2024 को लोक सभा चुनाव के लिए मंडी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। प्रार्थी का कहना है कि वन विभाग से असामयिक सेवानिवृत होने पर उसने निर्वाचन अधिकारी के




समक्ष वन विभाग से जारी जरूरी नो ड्यू सर्टिफिकेट नामांकन पत्र के साथ सौंपे। नामांकन के दौरान प्रार्थी को कहा गया कि स्वतंत्र रूप से संबंधित विभागों द्वारा सरकारी आवास को लेकर जारी बिजली,पानी और टेलीफोन के नो ड्यू सर्टिफिकेट भी देने होंगे। उसे यह प्रमाणपत्र देने के लिए अगले दिन तक का समय दिया गया। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जानी थी। प्रार्थी के अनुसार 15 मई को उसने विभिन्न विभागों द्वारा जारी बिजली, पानी और टेलीफोन के नो ड्यू सर्टिफिकेट रिटर्निंग ऑफिसर को सौंपे परंतु उन्होंने यह दस्तावेज लेने से इंकार करते हुए उसे बताया गया कि प्रार्थी के नामांकन में उपरोक्त नो ड्यू सर्टिफिकेट न लगना एक बड़ी त्रुटि है जिसे अब दूर नहीं किया जा सकता और बताया गया कि प्रार्थी का नामांकन अस्वीकार कर दिया गया है। प्रार्थी के अनुसार नामांकन अस्वीकार होने के कारण वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ पाया। प्रार्थी के अनुसार यह कोई बड़ी त्रुटि नहीं थी जिस कारण उसका नामांकन अस्वीकार कर दिया जाता। प्रार्थी का कहना है कि यदि उसे चुनाव लडने का अवसर प्रदान किया जाता तो संभवत: वह लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब हो जाता। प्रार्थी ने मंडी सीट के लिए हुए लोकसभा चुनाव को रद्द करने की गुहार लगाई है ताकि पुन: इस सीट के लिए चुनाव हो सके।

## शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हो रहे काम: मुख्यमंत्री

■ अमरनाथ तिवारी

- मुख्यमंत्री ने किया शानदार रिजल्ट देने वाले विद्यालयों को सम्मानित

**देहरादून,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तराखंड में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के साथ ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सरकार हर साल सम्मानित करती है। इसी क्रम में बुधवार को शिक्षा विभाग कार्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण समारोह 2024' का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी ने प्रदेश के तमाम छात्रों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। साथ ही राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के नवनिर्मित भवन और छात्रावास का लोकार्पण और तमाम सरकारी विद्यालयों में 442 स्मार्ट क्लास रूम भी शुरू किया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण समारोह में साल 2024 में 12वीं स्तर पर सर्वाधिक परीक्षा फल देने वाले टॉप थ्री विद्यालयों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में 10वीं स्तर पर भी सर्वाधिक परीक्षा फल देने वाले टॉप थ्री विद्यालयों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही साल 2024 में हुई हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश भर में प्रथम से दस स्थान प्राप्त करने वाले कुल 21 छात्र- छात्राओं और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश भर में प्रथम से दस स्थान प्राप्त करने वाले कुल 23 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।



छात्रों को पुरस्कार देते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

पं दीन दयाल उपाध्याय राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरुस्कार वितरण समारोह में साल 2023 में 10वीं और 12वीं स्तर पर सर्वाधिक परीक्षाफल देने वाले टॉप थ्री विद्यालयों को सर्वाधिक परीक्षाफल देने के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही साल 2023 में हुई हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश भर में प्रथम से पांच स्थान प्राप्त करने वाले कुल 13 छात्र- छात्राएं और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश भर में प्रथम से पांच स्थान प्राप्त करने वाले कुल 6 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का दिन उत्तराखंड शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही जो शिक्षा को बढ़ाने के लिए एक समूह के रूप में काम कर रहा है उन सभी को बधाई है। सीएम ने कहा कि लोगों को सम्मानित कर ऐसा लग रहा है कि वो खुद सम्मानित हो रहे हैं। ये सम्मान बच्चों के कड़ी मेहनत का फल है। बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। इसके लिए शिक्षा मंत्री ने भारत सरकार से तमाम कार्यों के लिए बजट स्वीकृत कराकर लाए हैं। सीएम धामी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश के तमाम विद्यालयों में 442 स्मार्ट क्लास शुरू हो रहे हैं। जिसका छात्र-छात्राओं को काफी फायदा मिलेगा। प्रदेश के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉप पांच बच्चों को देश भ्रमण कराया जाएगा। राज्य के चिन्हित 529 स्कूलों को क्लस्टर ऑफ एक्सीलेंस के तहत विकसित किया जाएगा। सीएम ने अध्यापकों से कहा कि वे बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ नैतिक शिक्षा का भी ज्ञान दें। सीएम ने कहा कि इस सम्मान से छात्र-छात्राओं को जहां एक ओर प्रेरणा मिलेगी।

### धामी ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। बाबा केदार का जलाभिषेक कर मंदिर दर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री ने यात्रा व्यवस्थाओं एवं पुनर्निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया।इस दौरान बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति एवं तीर्थ पुरोहितों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया और केदारनाथ यात्रा के संबंध में जानकारी दी।इस दौरान बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ , पुजारी शिवशंकर लिंग,समन्वयक आरसी तिवारी एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रमोद बगवाड़ी, प्रदीप सेमवाल, कुलदीप धर्म्वाण, ललित त्रिवेदी सहित तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे।केदारनाथ धाम पहुंचने पर मंदिर समिति के सदस्यों एवं तीर्थ पुरोहितों द्वारा किए गए स्वागत के लिए सीएम धामी ने भी सभी का आभार व्यक्त किया।

## कावड़ियों के हुड़दंग पर डीजीपी सख्त, दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

- हंगामा मचाने वाले कावड़िएं शिव भक्त नहीं हो सकते

**देहरादून,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। कावड़ यात्रा का आगाज 22 जुलाई से हो चुका है। रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा जल लेने विभिन्न राज्यों व क्षेत्रों से हरिद्वार पहुंच रहे हैं, लेकिन उनमें से कुछ श्रद्धालु उत्पात मचाकर यात्रा में विघ्न डालने का काम कर रहे हैं। इस तरह की तमाम घटनाओं का डीजीपी अभिनव कुमार ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को दिशा-निर्देश जारी किए गये है कि कोई भी शिव भक्त इस तरह का उत्पात मचाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा है कि उत्तराखंड शांति प्रिय प्रदेश है। यदि आस्था के नाम पर कुछ लोग यहां उत्पात मचाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिस क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेंद्र डोभाल ने भी सभी शिव भक्तों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी कांवड़ यात्री के साथ कोई घटना होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस उस पर तत्काल कार्यवाई करेगी, लेकिन कोई शिव भक्त के रूप में कानून हाथ में लेता है तो उनके वीडियो के आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।बता दें कि



कांवड़ यात्रा को शुरू हुए अभी महज दो दिन ही हुए है, लेकिन बीते इन दो दिनों उत्तराखंड में भी ऐसी कुछ घटनाएं सामने आई है, जिनका पुलिस मुख्यालय ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। उत्पात मचाने वाले कावड़ियों को चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि हंगामा मचाने वाले कावड़िएं शिव भक्त नहीं हो सकते। ऐसे लोग यात्रा में आ रहे लोगों को बदनाम कर रहे हैं। पुलिस ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वह अपनी यात्रा में संयम बनाए।

## राजधानी दून में एक बार फिर बरसी आफत की बारिश

**देहरादून,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी दून में एक बार फिर बारिश आफत बनकर बरसी। देर रात शुरू हुई बारिश ने सुबह तक अपना कहर बरपाया। इस दौरान नदी नाले उफान पर रहे जिस कारण कई स्थानों पर जहां पुश्ते टूटे वहीं आस-पास लोगों के घरों व दुकानों में पानी घुस गया। भारी बारिश के कारण बिजली के पोल व पानी की लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गयी जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बीती देर रात शुरू हुई मूसलाधार बारिश के कारण रायपुर क्षेत्र के शांति विहार स्थित नाले में एकाएक तेज पानी आने से बरसाती पानी लोगों के घरों में घुस गया। हालांकि तेज बारिश व नाले में अचानक आये उफान के दौरान लोग अपने घरों से बाहर सड़कों पर निकल गए, वही सड़के भी जलमग्न हो गयी। रात भर लोग घर में घुसे पानी को निकालने में जुटे रहे। उधर इन क्षेत्रों में रात भर बिजली भी गुल रही जिस कारण लोगों को परेशानियों से दो चार होना पड़ा। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से लाउड स्पीकर के जरिये नदी किनारे रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की हिदायत भी दी रही थी।

**सार संक्षेप**

### शिमला में दृष्टिहीन संघ ने रोके पहिए, चक्का जाम के दौरान हाथापाई

**शिमला।** हिमाचल में 274 दिन से शिमला में धरने पर बैठे दृष्टिहीन संघ ने बुधवार को सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। इस दौरान पुलिस ने दृष्टिहीनों को सड़क से उठाने का प्रयास किया, जिसमें थोड़ी हाथापाई भी हुई। दृष्टिहीन संघ विभिन्न विभागों में खाली पड़े दृष्टिहीन कोटे की बैकलॉग पदों को एकमुश्त भरने की मांग कर रहे हैं। सरकार से कई दौर की वार्ता भी हुई, लेकिन अभी तक सकारात्मक परिणाम नहीं आए जिसके चलते दृष्टिहीन संघ ने चक्का जाम किया। दृष्टिहीन संघ के सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि लंबे अरसे से दृष्टिहीन कोटे के विभिन्न विभागों में पद खाली चल रहे हैं, लेकिन सरकार इसमें भर्तियां नहीं कर रही है।

### लाखों रुपए की 668 ग्राम अफीम सहित दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिला की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की पुलिस टीम ने दो युवकों को लाखों रुपए की 668 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान पप्पू राम पुत्र बाबूराम व अशोक कुमार पुत्र भगतराम निवासियान हाणियां जिला जोधपुर राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जगदीश राज के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान शहर सिरसा की बिश्नोई मार्केट क्षेत्र में मौजूद थी।

### सुडोकू 6626 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 |

## कांग्रेस ने हरिद्वार से शुरू की धाम प्रतिष्ठा यात्रा

- 5 अगस्त को केदारधाम में होगा समापन

**हरिद्वार,** 24 जुलाई (देशबन्धु)।धामों की प्रतिष्ठा बनाए रखने के प्रति आम नागरिकों को जागरूक बनाने के लिए कांग्रेस ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुरूप हरिद्वार हर की पैड़ी से केदारधाम के लिए यात्रा की शुरुआत कर दी है। जिसका समापन 5 अगस्त को केदारनाथ धाम में होगा।

इस अवसर पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक हितों के लिए धर्म की राजनीति करती आ रही है अब उसने उत्तराखंड के पवित्र धामों का भी बाजारीकरण और राजनीतिकरण करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के द्वारा धामों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का काम तो किया ही जा रहा है इसके साथ ही देवभूमि की संस्कृति के साथ भी खेल खेला जा रहा है। लेकिन कांग्रेस उसे इस तरह के प्रयासों में सफल नहीं होने देगी। इस अवसर पर नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सनातन धर्म के नाम पर भाजपा के नेता धामों की प्रतिष्ठा को दांव पर लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने युग युगांतर से जो धाम देवभूमि की धरोहर हैं



भाजपा नेताओं द्वारा उन धामो को भी राजनीति का मुद्दा बनाया जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उनकी यह यात्रा कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है। उनकी इस यात्रा का मकसद आम लोगों को जागरूक करना और यह बताना है कि भाजपा द्वारा सनातन धर्म और हमारे पवित्र धामों की मर्यादा को किस तरह से खंडित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आस्था और श्रद्धा से जुड़े धामों की मर्यादा को बचाने के लिए आम आदमी भी जागरूक बने। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम करने से बाज आये। उधर प्रीतम सिंह ने कहा कि हमारे धाम हमारे प्रदेश की मर्यादा और प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। भाजपा जिस तरह देश भर के धार्मिक स्थलों को लेकर राजनीति करती आई है उसका सच अब देश की जनता जान चुकी है उनका यह प्रयोग उत्तराखंड में सफल नहीं हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि सीएम धामी द्वारा दिल्ली में केदारनाथ धाम मंदिर के लिए किये गये भूमि पूजन के बाद इस मुद्दे का विरोध शुरू हुआ था हालांकि सरकार ने अब इससे अपने कदम पीछे खींच लिए हैं तथा ट्रस्ट ने भी इससे इन्कार कर दिया है लेकिन कांग्रेस इसे लेकर अभी भी उग्र रूख अख्तियार किए हुए हैं। कांग्रेस की इस केदारधाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए हैं यात्रा 5 अगस्त को केदारनाथ धाम में समाप्त होगी।

## एनबीआरसी में विश्व मस्तिष्क दिवस पर आयोजन

**गुरुग्राम,** 22 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र (एनबीआरसी) ने विश्व मस्तिष्क दिवस का आयोजन किया इसमें विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य युवा मस्तिष्कों में न्यूरोसाइंस के प्रति रुचि को बढ़ावा देना और उन्हें प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करना था। यह जानकारी केंद्र के डॉ. इंद्रजीत यादव ने दी। राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र में छात्रों को अत्याधुनिक अनुसंधान और तकनीक को देखने का अवसर मिला। उन्हें असली मानव मस्तिष्क, मानव न्यूरल स्टेम कोशिकाओं के 3डी कल्चर, मस्तिष्क विकारों के अनुसंधान और निदान के लिए अत्याधुनिक उपकरण जैसे



विश्व मस्तिष्क दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र

एमआरआई, ईईजी आदि देखने का अवसर मिला। एनबीआरसी के शोधकर्ताओं ने भी छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत की और पोस्टरों की मदद से एनबीआरसी में चल रहे वर्तमान शोध को समझाया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अर्पण बनर्जी ने मस्तिष्क स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और वैज्ञानिकों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में शैक्षिक आउटरीच की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## डेंगू को लेकर एम्स ने जारी की एडवाइजरी

## तेज बुखार में सावधान रहने के लिए किया अलर्ट

- बरसात के मौसम में तेजी से पनपते हैं एडीज मच्छर
- लक्षणों के प्रति जागरूक रहने से ही होगा डेंगू जनित बीमारी से बचाव

**ऋषिकेश,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। एम्स,ने इस जानलेवा बीमारी से बचाव के प्रति हेल्थ एडवाईजरी जारी करते हुए कहा कि अलर्ट रहिए खतरनाक बीमारी डेंगू का प्रकोप शुरू हो गया है। गर्मियों की छुट्टियां खत्म होने के बाद अब स्कूल- कॉलेज भी खुल चुके हैं। ऐसे में बच्चों को डेंगू जैसे घातक रोगों से बचाना बेहद जरूरी है। बरसात के मौसम में डेंगू फैलने का खतरा ज्यादा होता है। तेज बुखार से शुरू होने वाला यह रोग घातक वायरस के कारण शरीर के अन्य अंगों को भी संक्रमित करना शुरू कर देता है और समय पर इलाज न होने की स्थिति में मरीज की हालत गंभीर हो जाती है। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने इस बारे में बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति इन बीमारियों के लक्षणों के बारे मे सचेत रहें और बीमारी के फैलने के प्रति उचित जानकारी रखे। स्कूली बच्चों को चाहिए कि डेंगू से बचाव के लिए फुल बाजू के कपड़े जरूर पहिनें। साथ ही उन्होंने कहा कि डेंगू, एक मौसमी बीमारी है, जो भारत में मुख्य रूप से जुलाई से अक्टूबर तक अपने पैर पसारती है। मादा एडीज मच्छर के काटने से पैदा होने वाले इस रोग में शरीर के प्लेटलेट्स लगातार गिरने लगते हैं और रोगी की इम्युनिनिटी बहुत कमजोर हो जाती है। प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि छोटी आयु वाले बच्चों, डायबिटीज, अस्थमा तथा हृदय रोग वाले मरीजों में डेंगू संक्रमण का खतरा सर्वाधिक होता है। एम्स के सामुदायिक एवं फेमिली मेडिसिन विभाग के ऐडिशनल प्रोफेसर और आउटरीच सेल के नोडल ऑफिसर डा. संतोष कुमार ने बताया कि डेंगू बीमारी तब फैलती है जब एडीज मच्छर पहले से डेंगू संक्रमित व्यक्ति को काटता है। इस स्थिति में संक्रमित व्यक्ति से डेंगू का वायरस मच्छर के शरीर में प्रवेश कर जाता है। इसकी अवधि 4 से 7 दिन तक होती हैं इसके बाद यह संक्रमित मच्छर व्यक्ति को काटता हैं यह वायरस व्यक्ति के रक्तप्रवाह के जरिये शरीर मे तेजी से फैलना शुरू कर देता है। उन्होंने बताया कि का एडीज मच्छर अधिकतर ठहरे हुए साफ पानी में ही पनपता है। डेंगू का कारण एक प्रकार का वायरस है जो मच्छर से फैलता है। शरीर में प्रवेश करने के बाद डेंगू का वायरस 3-10 दिनों के भीतर लक्षण पैदा करता है। डॉ.संतोष ने बताया कि अगर शरीर मे तेज बुखार के साथ लाल रंग के चिकते या रक्तस्राव होने लगे तो यह डेंगू का रक्तस्रावी बुखार होता है। इस बीमारी को ध्यान में रखते हुए हम जागरूक रहकर अपना बचाव कर सकते हैं द्य एम्स ऋषिकेश के सोशल आउटरीच सेल ने सेवन प्लस वन इनिशेटिव प्रोग्राम के जरिये डेंगू पर नियंत्रण करने प्रभावशाली प्रोग्राम बनाया हैं जिसका नाम हैं सेवन प्लस वन प्रोग्राम हैं यह प्रोग्राम 2019 से संचालित किया गया था और तब से ऋषिकेश में डेंगू के केस में काफी नियंत्रण हुआ हैं जिसमे नगर निगम ऋषिकेश एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग हमेशा से ही मिलता रहा हैं।



### बचाव के लिए किए जा रहे कार्य

1. सेवन प्लस वन कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम अपने शहर, निगम या क्षेत्र में उन लोगों को चिन्हित कीजिए जहां पर विगत वर्ष डेंगू के अधिक मरीजों को देखा गया था तथा उन स्थानों को चिन्हित कीजिए जहां पर अधिक मच्छर होने की संभावना है। इस प्रक्रिया को उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की मैपिंग (हॉट-स्पॉट मैपिंग ) या सोशल मैपिंग कहते हैं।
2. इसके पश्चात चिन्हित जगहों में अधिक मच्छरों वाले प्रजनन स्थलों की पहचान की जाती है।
3. इस कार्यक्रम के अगले चरण में बहुउद्देशीय टीम का गठन किया जाता है, जिसमें ए.एन.एम, आशा, स्वास्थ्यकर्मी, एनजीओ, स्थानीय स्वयंसेवीयो को सम्मिलित किया जाता है तथा आशा एवं स्वास्थ्यकर्मी द्वारा इन सभी लोगों को गहन प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें मच्छर और उसके प्रजनन-चक्र को लोगों को बताया जाता है जिसकी क्रियाविधि आगे विस्तार से बतायी गई है।

### डेंगू सेवन प्लस वन के कार्यकम के मुख्य चरण

- डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करना एवं व्यवहार परिवर्तन तथा मनोवैज्ञानिक ढंग से डेंगू जेसी महामारी से लड़ने के लिए सक्षम बनाना।
- डेंगू नियंत्रण एवं बचाव के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में बहुउद्देशीय टीम का गठन करना एवं बहुउद्देशीय टीम को आशा, ए.एन.एम. व क्षेत्रीय स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा प्रशिक्षण देना।
- अपनी बस्ती, गांव और संवेदनशील क्षेत्रों में समय-समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम करना।

# प्रादेशिकी

## चोरी की बाइक व सामान सहित दो युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। जहानगंज थाना पुलिस ने स्कूल से चुराए गए सामान सहित मैदा श्यामपुर चौराहे के निकट बाइक से जाते समय दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास ग्राम मधवापुर प्राइमरी स्कूल से 15 जुलाई को चुराई गई एलइडी टीवी, रिमोट, एक बोरी गेहूं एक बोरी चावल बरामद हुई। पुलिस ने थाना जहानगंज के ग्राम नगला तरा निवासी सुमित पुत्र रामजीत एवं नगला दुर्ज निवासी शीलू पुत्र अनंगपाल से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हम चुराए गए सामान को बेचने जा रहे थे। बाइक के बारे में पूछे जाने पर बताया कि हम दोनों ने यह मोटर साइकिल इसी साल जनवरी के महीने में राजकीय वालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ से चुराई थी। बाइक चोरी का मुकदमा कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम बलिपुर याकूतगंज निवासी रजनेश पुत्र राजेन्द्र सिंह ने दर्ज कराया था।

# बजट से उत्तर प्रदेश की जनता निराश : अखिलेश

## युवाओं को सम्मान जनक रोजगार नहीं देने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने दस साल में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाई है। जनता का शोषण किया है। यह बजट नहीं चपत है। इस बजट ने लोगों को चपत लगा दिया। उन्होंने कहा कि बजट से उत्तर प्रदेश की जनता निराश है। डबल इंजन की सरकार से उत्तर प्रदेश की आस पूरी नहीं हुई। उत्तर प्रदेश में नौजवानों के पास नौकरी का संकट है। यह सरकार युवाओं को सम्मान जनक रोजगार नहीं दे सकती है। भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश पीछे छूट गया। जो उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री बनाता है उसके साथ भेदभाव हुआ। यादव ने कहा कि सरकार को जानकारी है कि कैंसर की बीमारी बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के दौरान लखनऊ में बनाये गये कैंसर इंस्टीट्यूट के लिए बजट नहीं दे रही। सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट नहीं चला पा रही है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। किसान की आय दोगुनी



**भाजपा सरकार ने दस साल में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाई है जनता का शोषण किया है यह बजट नहीं चपत है : अखिलेश यादव**

करने का कोई रोडमैप नहीं है। किसानों की फसलों में एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं मिला। मंडियों के लिए कोई बजट नहीं दिया गया।

**आपस में टकरा रही है भाजपा की डबल इंजन की सरकार**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है भाजपा की डबल इंजन की सरकार आपस में टकरा रही है। ऐसा लगता है उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने दिल्ली सरकार से बजट में कुछ मांगा ही नहीं। केंद्र की सरकार ने उत्तर प्रदेश को बजट में कुछ विशेष देना तो छोड़िए उत्तर प्रदेश का नाम तक नहीं लिया। समाजवादी सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को जहां तक बनाया था आज भी वहीं तक रह गया। अगर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को गाजीपुर बलिया से बक्सर तक जोड़ दिया जाता तो देश में भागलपुर से दिल्ली तक पूरा एक्सप्रेस-वे मार्ग मिल जाता लेकिन सरकार ने उसके लिए बजट नहीं दिया। भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया। उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चौपट है। कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों के नाम के मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए यादव ने कहा कि यह सौहाद्र की जीत है। भाजपा नफरत फैलाती है। जनता नफरत के खिलाफ एकजुट है। भाजपा अब नफरत फैलाने में सफल नहीं होगी। भाजपा का कम्युनल मुद्दा खत्म हो गया है। सम्प्रदायिकता का दिया आखिरी समय में फडफड़ा रहा है।

## भारतीय राजनीति में मजबूत विकल्प के तौर पर उभरी है सपा : राजेंद्र चौधरी

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी का दावा है कि लोकसभा चुनाव में सपा को मिली अप्रत्याशित सफलता इस बात का प्रमाण है कि उनकी पार्टी की रणनीति और नीतियों ने जनता का विश्वास जीता है और पार्टी राष्ट्रीय राजनीति में एक मजबूत विकल्प के तौर उभरी है। सपा के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय इजाफे का श्रेय पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को देते हुये चौधरी ने यूनीवार्ता से विशेष बातचीत में कहा कि उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता ने अखिलेश की विकल्प की राजनीति और रणनीति पर भरोसा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने दम पर बहुमत प्राप्त करने से महरूम कर दिया। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश की मौजूदा सियासत में सपा के सिद्धांत और नीतियां भारतीय राजनीति में मजबूत विकल्प की अवधारणा की पुष्टि कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सपा ने सबसे ज्यादा 37 लोकसभा सीटें जीतीं और उनके गठबंधन सहयोगी कांग्रेस को छह सीटें प्राप्त हुईं हालांकि जयंत चौधरी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ऐन चुनाव के मौके पर इंडिया गठबंधन से छिटककर भाजपा के साथ चला गया था। पूर्व मंत्री और उत्तराखंड के प्रभारी राजेंद्र चौधरी ने हरिद्वार जाने के दौरान उत्तर प्रदेश की मौजूदा सियासत पर लंबी बातचीत की। समाजवादी आंदोलन के अगुवा रहे 75 वर्षीय राजेंद्र चौधरी के राजनीतिक जीवन की शुरूआत भारत रत्न चौधरी चरणसिंह ने 1974 में उन्हें गाजियाबाद से विधानसभा का लोकदल का टिकट देकर की थी। चौधरी चरणसिंह ने सतपाल मलिक को बागपत से टिकट दिया था। मलिक जीत गए थे और राजेंद्र चौधरी हार गए थे।

## चोरों ने कन्या इंटर कॉलेज को बनाया निशाना

**किठौर,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। कस्बे में चोरों ने कन्या इंटर कॉलेज के शौचालय को भी नहीं बक्शा और उसका भी ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी कर ले गए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात चोर रात में कॉलेज की दीवार तोड़कर कॉलेज में घुस गए और कॉलेज के शौचालय के ताले तोड़कर शौचालय में तोड़फोड़ की शौचालय में लगी टंकी, व इंसीनरेटर मशीन चुरा कर ले गए सुबह जब कॉलेज खुला तो स्कूल स्टाफकी नजर शौचायलयों के तलों पर पड़ी इसमें शौचालय के ताले टूटे हुए थे और सामान गायब था कॉलेज की प्रधानाचार्य ने रिपोर्ट अज्ञात चोरों के खिलाफ कराई है।



## माफिया जग्गू व चन्नू यादव की संपत्ति कुर्क

**फर्रुखाबाद,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर मऊदरवाजा थानाध्यक्ष ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में माफिया देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव व उनके भाई योगेंद्र उर्फ चन्नू यादव द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। थाना मऊ दरवाजा पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट के मुताबिक मु.अ.सं. 198/24 धारा 3 (1) उप्र गैगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित गैंग लीडर देवेन्द्र सिंह उर्फ जग्गू यादव व अपने सह सदस्यो के साथ मिलकर अवैध रूप से अर्जित की गई। स्वंय व अपने परिजनों के नाम अवैध चल-अचल सम्पत्ति कीमत करीब सोलह करोड़ छत्तीस लाख नौ हजार चार सौ सत्तानवें रुपये इकसठ पैसे को थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा गैगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत माननीय जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कुर्क किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज जोगेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। इसी के क्रम में थाना कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु.अ.सं. 198/2024 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बनाम अभियुक्त देवेन्द्र सिंह उर्फ जग्गू यादव पुत्र शिवनन्दन सिंह यादव निवासी बंगला नं0 50ए लोको रोड कालोनी थाना कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश सह-अभियुक्त भाई 2. योगेन्द्र सिंह उर्फ चन्नू यादव पुत्र शिवनन्दन सिंह यादव निवासी लोको रोड भोलेपुर थाना कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक मऊदरवाजा अमित गंगवार के द्वारा रिपोर्ट प्रेषित की।

**गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में कुर्क की 16 करोड़ की संपत्ति**

## सार संक्षेप

### इटावा में ओवरटेक करने में स्लीपर बस पलटी,15 घायल

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बकेवर क्षेत्र में बुधवार तड़के कानपुर हाईवे पर बिजौली गांव के पास ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में स्लीपर बस पलट गयी। इस हादसे में बस में सवार करीब 15 यात्री घायल हो गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में रेवाड़ी से कानपुर जा रही स्लीपर बस हाईवे पर दुर्घटना का शिकार हो गई। बस दुर्घटना का शिकार होने के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ितों की मदद की है जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर के घायलों को उपचार के लिए अस्पतालों में पहुंचाया। बस के चालक और परिचालक घटनास्थल से भाग कर कुछ दूर जाकर बैठ गए थे। उन्हें सूचना पर पुलिस ने पकड़ लिया।

### शाहजहांपुर में तीन दिन से धरने पर बैठे हैं ग्रामीण

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले से बदायूं-मुरादाबाद को जोड़ने वाले मार्ग पर बने कोलाघाट पुल पर हल्के वाहनों के आवागमन को चालू करने की मांग को ग्रामीण पिछले तीन दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, पिलर गिरने के बाद पुल को बंद कर दिया गया था। पुल से केवल दो पहिया वाहनों का ही आवागमन किया जा रहा है। पुल पर आवागमन बंद होने से कलान तहसील के लोगों को दो गुना रास्ता तय करके मुख्यालय पर आना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि पुल से हल्के वाहनो को निकालने की इजाजत दी जाये। बरेली इटावा मार्ग से बदायूं होकर दिल्ली जाने वाले मार्ग पर रामगंगा बहगुल नदी पर लगभग दो किलोमीटर लंबा पुल 2008 में बनाया गया था तथा 2021 में इस पुल के तीन पिलर जमीन में धस गए और पुल टूट गया था जिसके बाद इस पुल को ठीक किया गया तथा आवागमन बंद करके केवल दो पहिया वाहनों के लिए ही खोला गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के लोड रिसर्च संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस पुल पर दो पहिया वाहनों का ही आवागमन हो सकता है।

### मां का कातिल निकला बेटा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के करैली क्षेत्र में पिछले रविवार को महिला की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसके अपने ही बेटे को हत्या के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-नगर) दीपक भूकर ने बताया कि करैली क्षेत्र के नया पुरवा भावपुर निवासी मनी रामपाल की पत्नी सुभद्रा (40) की पिछले रविवार को हत्या कर अंजाम लूटपाट का दिखाया गया था। मनी रामपाल मूलरूप से कानपुर नगर के थाना अरौल मकनपुर में गांव गिलवट अमीनाबाद के रहने वाले हैं। पिता मनी रामपाल स्टेनोग्राफर है जबकि बेटा सचिन पाल की इलाहाबाद हाईकोर्ट के पास फोटो स्टेट की दुकान है।


### सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMD SAFWAN पुत्र MOHAMMAD MATLOOB से बदलकर MOHD SAFWAN iq= MOHD MATLOOB रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे MOHD SAFWAN पुत्र MOHD MATLOOB के नाम से ही जाना जाये।

**-मौ0 सफवान पुत्र मौ0 मतलूब मोहल्ला मुन्नालाल थाना मवाना (मेरठ)।**


## उप मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे सुभारती के कुलपति

**मेरठ,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री व चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं मातृ व शिशु कल्याण के कैबिनेट मंत्री श्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पौधा भेंट कर व स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की परिचय पुस्तिका देकर विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का विकास जनता के उत्तम स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित परिवार व मातृ तथा शिशु कल्याण पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कटिबद्धता से समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु कार्य कर रही है। इसी दिशा में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सर्वसुलभ बनाकर घर घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सुभारती विवि द्वारा शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।



## कांवड़ मार्ग पर शाकाहारी होटल पर मांसाहार परोसने का वीडियो वायरल

- पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया, एक गिरफ्तार
- कांवड़ यात्रा को लेकर सक्रिय दिखी पुलिस

**मवाना,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। फलावदा नगर के कावड़ मार्ग पर बस स्टैंड के सामने शाकाहारी होटल में मांसाहार परोसने का वीडियो वायरल हो रहा है। इस कारण फ्लावदा पुलिस ने बुधवार को कावड़ यात्रा को लेकर नगर के होटलो पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस ने वीडियो वायरल के आधार पर होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया। फ्लावदा में कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने बुधवार को नगर के होटलो पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। चौकी इंचार्ज दीपक जयसवाल ने सभी होटल संचालकों से कहा कि सावन का महीना है और कावड़ शिव भक्तों के आवगमन को लेकर शासन की ओर से निर्देश दिया गया है कि किसी भी होटल या सार्वजनिक स्थानों पर नशीले पदार्थ और मीट आदि का सेवन बंद रहेगा।

इसके बावजूद किसी होटल पर आपत्तिजनक वस्तु पकड़ी जाती है तो होटल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कांवड कंट्रोल रूप 24 घंटे रहेगा क्रियाशील

मेरठ। अपर जिलाधिकारी (भू.अ.) नोडल अधिकारी कांवड कंट्रोल रूम जिला मेरठ राजपाल सिंह ने बताया कि कांवड मेला-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद मेरठ के कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, कंट्रोल रूम दिनांक 22 जुलाई 2024 से 02 अगस्त 2024 कांवड मेला समाप्ति तक 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। यदि कांवड यात्रा के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी शिकायत या समस्या है तो वह कांवड कंट्रोल रूम बचत भवन कलेक्ट्रेट मेरठ में स्थापित दूरभाष संख्या 0121-2664134 एवं 0121-2667080 पर दर्ज करा सकता है।

## एनसीसी कैडेट्स कशिश ने जीते पांच मेडल

**मवाना,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना की एनसीसी कैडेट कुमारी कशिश ने वार्षिक कैंप 261 में प्रतिभाग किया, जो आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ में संपन्न हुआ। कैंप में होने वाली प्रतियोगिताओं में जैसे मैप रीडिंग, ए फ बी सी, फायरिंग, निबंध प्रतियोगिता में कशिश ने गोल्ड मेडल जीता। कैडेट कशिश को पूरे कैंप में बेस्ट कैडेट भी चुना गया जो 73 यू पी बटालियन एनसीसी मवाना तथा विद्यालय के लिए गौरव की बात है। प्रधानाचार्य डॉ मेघराज सिंह एवं एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट बलराज सिंह ने कैडेट को सम्मानित किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष चौयरमैन अखिल कुमार कौशिक, प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी व शिक्षक शिक्षिकाओं ने कशिश को आशीर्वाद दिया।



## विनायक विद्यापीठ के सदस्यों ने पौधारोपण कर ली देखभाल की जिम्मेदारी

**मेरठ,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाए गए अभियान ष्एक पेड़ मां के नामष् के अंतर्गत आज विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम में पौधारोपण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर उपस्थित रहे और पौधारोपण की शुरुआत की उन्होंने संस्थान के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य को एक पौधा अपनी माता के नाम से अवश्य रोपित कर उसकी देखभाल करनी चाहिए, उन्होंने कहा अगर हमने पौधारोपण में सहभागिता नहीं की तो भविष्य में पृथ्वी पर जीवन की कल्पना करना बेहद मुश्किल होगा। इस दौरान संस्थान में आम, शीशम, जामुन, नीम, पीपल आदि के करीब 100 पेड लगाए गए। संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने संस्थान के सभी सदस्यों को पौधारोपण कर उनकी देखभाल करने के लिए शपथ दिलाई और कहा कि दिन-ब-दिन तापमान बढ़ता जा रहा है. इसका एकमात्र उपाय है पौधारोपण करना क्योंकि पौधों की संख्या जितनी ज्यादा बढ़ेगी भविष्य में लोगों को उतनी ही गर्मी से राहत मिलेगी। इस दौरान संस्थान के निदेशक इंजीनियर विकास कुमार सभी विभाग अध्यक्ष एवं फैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे।



## तखावली में प्रधान पद पर छह प्रत्याशी मैदान में डटे

### चुनाव चिह्न आवंटित, बनां में पंचायत निर्विरोध घोषित

**मवाना,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। मवाना ब्लाक के तखावली मीरपुर ग्राम पंचायत में चुनी गई प्रधान दीपा के प्रधान पद से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हो गया। इस कारण सोमवार को मवाना ब्लाक सभागार में गांव तखावली मीरपुर के प्रधान पद के लिए दस उम्मीदवारों ने नामांकन किये थे। उनमें से चार ने बुधवार को अपने पर्चे वापस ले लिये। अब छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं। छह अगस्त को गांव तखावली मीरपुर में प्रधान पद पर 1786 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। आठ अगस्त को मतगणना की जायेगी। उधर ग्राम पंचायत बना में ग्राम पंचायत सदस्य के एक पद के लिए अनुसूचित जाति की प्रत्याशी नीमा ने पर्चा भरा था। उसे निर्विरोध घोषित कर दिया गया। रिटर्निंग आफिसर पशु चिकित्साधिकारी मेरठ निलय कुमार और अपर विकास अधिकारी पंचायत प्रदीप शर्मा ने उसे चुनाव जीतने का प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। ब्लाक मवाना की ग्राम पंचायत तखावली मीरपुर में जून 2021 में प्रधान पद का चुनाव हुआ था, जिसमें प्रधान पद पर दीपा का चुन लिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि दीपा का चयन लखनऊ के आसपास स्थित प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर चयन हो गया। एक जुलाई को दीपा ने शिक्षिका पद ग्रहण कर लिया और दो जुलाई को दीपा ने प्रधान पद से इस्तीफा दे दिया। रिटर्निंग आफिसर पशु चिकित्साधिकारी मेरठ निलय कुमार और सहायक रिटर्निंग आफिसर आजम खान ने जानकारी दी।



मंगलवार को बिजनौर क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद चंदन चौहान ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर मेरठ से बिजनौर तक जाने वाले हाईवे के विषय में व विभिन्न मुद्दों के बारे में चर्चा की व काम में हो रही देरी और कमियों के बारे में अवगत कराया। इन सभी विषयों का नितिन गडकरी ने बहुत जल्दी निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ में बैठे सांसद चंदन चौहान। **फोटो देशबन्धु**

**आयोजन** — *शोभित विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया विश्वविद्यालय दिवस*

## विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने लिया भाग

**मेरठ, 24 जुलाई (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारीगण और छात्र उपस्थित रहे। शोभित विश्वविद्यालय, हमारे युवाओं की क्षमता को वास्तविकता में बदलने के लिए हमारे गतिशील अध्यक्ष, डॉ. शोभित कुमार के दृढ़ संकल्प, समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।**


हर साल हम उनके जन्मदिवस को विश्वविद्यालय दिवस के रूप में मनाते हैं। विश्वविद्यालय दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्रों ने रैंप वॉक, सिंगिंग और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस खास मौके पर विश्वविद्यालय द्वारा कुष्ठ आश्रम, वृद्ध आश्रम और वाणी स्कूल के छात्रों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था की गई।



कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने अपने प्रेरक संबोधन में बताया कि सहारनपुर जिले के गंगोह शहर के प्रसिद्ध कृषक और सामाजिक कार्यकर्ता, बाबू विजेंद्र कुमार ने शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की जो कल्पना की थी, उसे उनके पुत्र डॉ. शोभित कुमार ने साकार किया। डॉ. शोभित कुमार जी ने 1989 में नाइस सोसाइटी की स्थापना करके बाबू जी के इस सपने को औपचारिक रूप दिया, जो आज एक वटवृक्ष के रूप में शोभित विश्वविद्यालय के रूप में खड़ा है। विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स और आइक्यूएसी निदेशक, डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने पिछले एक वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वी.के. त्यागी, एडवाइजर प्रोफेसर एम.एल. सिंगला, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, डीन इंजीनियरिंग प्रो. वाई विमला, डीन एकेडमिक्स डॉ. अशोक कुमार, प्रतिकुलपति एवं डीन रिसर्च प्रोफेसर डॉ. जयानंद, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. दिव्या प्रकाश, निदेशक आउटरीच डॉ. नेहा वशिष्ठ, उप कुलसचिव एडमिनिस्ट्रेशन रमन कौशिक, डॉ. अभिषेक डबास, सभी विभागों के शिक्षक और विवि के सभी कर्मचारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

- **कुलाधिपति ने कार्यक्रम में उपस्थितजनों को किया संबोधित**

## तक्षशिला स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन



**मेरठ,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। समारोह में स्कूल की विभिन्न समीतियों तथा क्लबों के इंचार्ज ने हैड बॉय व हैड गर्ल के साथ सर्वप्रथम मार्च पास्ट किया तथा अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए स्कूल के चारों हाऊस गांधी हाऊस, सुभाष हाऊस, नेहरू हाऊस, आजाद हाऊस तथा व्हाइट समिति के सदस्यों को स्कूल के प्रधानाचार्य डा0 प्रवीन कुमार पथरा ने शपथ दिलवाई। कक्षा 12 के कॉमर्स के छात्र आरूष को हैड बॉय तथा कक्षा 12 की साइंस की छात्रा वंशिका नैन को हैड गर्ल चुना गया। स्कूल के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने स्कूल के शिक्षकगण एवं विद्यार्थीयों को विभिन्न गतिविधियों के लिए धन्यवाद दिया तथा बच्चों को परिश्रम एवं अनुशासन से जीवन में आगे बढ़ने का हौसला दिया।

हरियाणा सरकार



# राज्य स्तरीय शहरी स्थानीय निकाय

## जनप्रतिनिधि सम्मेलन

25 जुलाई, 2024 । दोपहर 2:00 बजे

ऑडिटोरियम, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार

- शहरी स्थानीय निकायों को मज़बूती प्रदान करने के लिए वर्ष 2024-25 में लगभग ₹5,800 करोड़ के बजट का प्रावधान
- पालिकाओं के अधीन आने वाली 800 अनाधिकृत कॉलोनियां अधिकृत की
- इन कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने हेतु ₹1000 करोड़ के बजट का प्रावधान
- शहरी स्वामित्व योजना के तहत 5000 आवेदकों की हुई रजिस्ट्री
- शहरी क्षेत्र के लाल डोरा में स्थित लगभग 6.85 लाख प्रॉपर्टी धारकों को प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया शुरू

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह सैनी**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता

**श्री सुभाष सुधा**

राज्य मंत्री, शहरी स्थानीय निकाय
(स्व.प्र.), हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.71 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.67 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.63 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.08 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.94 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 2.43 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.83 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.81 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.80 प्रतिशत |
| अडाणी पोर्ट्स | 1.58 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 71,010 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 87500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया : निर्मला सीतारमण

## वित्त मंत्री ने बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली**, 24 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है।

श्रीमती सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर बजट को लेकर लोगों में भ्रम फैलाने और गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट को लेकर राज्यसभा में सदन के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो आज किया है वह उनके लंबे राजनीतिक जीवन को देखते हुए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में नाम का उल्लेख हो या नहीं हो, लेकिन बजट दस्तावेज में राज्यवार आवंटन का उल्लेख होता ही है। उन्होंने कहा कि बजट दस्तावेज में एक-एक रुपया का हिसाब होता है और कहां से आया तथा कहां गया का विस्तार से जिक्र होता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लिए अभी डेढ़ महीने पहले ही प्रधानमंत्री ने 26 हजार करोड़ की परियोजनाओं की शुरूआत की है जिससे करीब चार लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है।



बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है : **निर्मला सीतारमण**

## इंडेक्सेशन हटने से लोगों को होगा फायदा : संजय मल्होत्रा

*__नई दिल्ली।__ सरकार की ओर से आम बजट 2024 में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन कैलकुलेशन में इंडेक्सेशन हटाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसे लेकर निवेशकों में दुविधा की स्थिति बनी हुई है कि आखिरी इससे फायदा होगा या नुकसान। इस पर देश के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने एक कार्यक्रम में कहा कि इससे ज्यादातर निवेशकों को फायदा होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने 2005 में कोई प्रॉपर्टी 20 लाख रुपए की खरीदी होगी और वह प्रॉपर्टी आज के समय में अगर 2 करोड़ रुपए की बिकती है और इंडेक्सेशन का लाभ लेते हैं तो उस पर कैपिटल गेन करीब 1.40 करोड़ रुपए बनता है। इस पर 20 प्रतिशत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगा दें, तो करीब 28 लाख रुपए का टैक्स बनता है।*

**सरकार ने पर्सनल इनकम टैक्स में दी है बड़ी राहत**

## सरकार नेशनल हाइवे के किनारे लगाएगी 5,833 नए चार्जिंग स्टेशन

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में नेशनल हाइवे के किनारे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़कर 5,293 हो गई है। वहीं, सरकार ने अब 7,432 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का टारगेट रखा है, जिसमें से 5,833 हाइवे के किनारे लगाए जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि 7,432 चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए तीनों सरकारी तेल वितरण कंपनियों को 800 करोड़ रुपए की पूंजीगत सहायता दी जाएगी।

मौजूदा 5,293 ईवी चार्जिंग स्टेशन में से 4,729 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सेटअप किए गए हैं, जिसमें करीब 178 करोड़ रुपए का खर्च आया है। गडकरी ने कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने 7,432 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 5,833 ईवी चार्जिंग स्टेशन हाईवे के किनारे लगाए जाएंगे। ये चार्जिंग स्टेशन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आने वाली तीनों तेल वितरण कंपनियों के जरिए लगाए जाएंगे।

साथ ही उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन को ऊर्जा देने के लिए कोई भी पावर स्टेशन बनाने का कोई प्लान नहीं बनाया है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 750 ईवी चार्जिंग स्टेशन है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 577, राजस्थान में 482, तमिलनाडु में 369, कर्नाटक में 300 और हरियाणा में 284 ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं।



- सरकार ने 7,432 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का रखा लक्ष्य
- तीनों तेल वितरण कंपनियों के जरिए लगाए जाएंगे चार्जिंग स्टेशन
- 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर मिलेगा स्कीम में इंसेंटिव का लाभ

## याकुल्ट डैनोन इंडिया ने उत्पाद पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**नई दिल्ली**, 24 जुलाई (एजेंसियां)। प्राबायोटिक ब्रांड याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज एक नई क़िस्म याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर पेश करके अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को बढाने की घोषणा की। बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा, भारत में जापान दूतावास के मिशन के उप-प्रमुख एवं मंत्री ताकाशी आरियोशी, याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ईजी अमानो ने इसको यहां लॉन्च किया। इस मौके पर कंपनी की विज्ञान और नियामक मामलों की प्रमुख डॉ. नीरजा हजेला मौजूद थीं। याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर जाने-माने याकुल्ट के जैसा ही एक उत्पाद है। इस नए उत्पाद में असली और पहले वाले याकुल्ट के समान वही अपने जैसा एक प्रोबायोटिक, 650 करोड़ लैक्टोबैसिलस कैसी शिरोटा (शिरोटा स्ट्रेन) उपलब्ध है।

**याकुल्ट के जैसा ही एक उत्पाद है याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर**

कंपनी ने कहा कि याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर 25 जुलाई 2024 से 28 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में रिटेल दुकानों पर मिलेगा। साथ ही, याकुल्ट का एक अनूठा होम डिलीवरी सेल्स चैनल है, जिसमें तक़रीबन 300 'याकुल्ट लेडीज' दिल्ली एन.सी.आर., चंडीगढ़, जयपुर, मुंबई और पुणे में ग्राहकों के घरों तक याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर सहित इस प्रोडक्ट को पहुंचाती हैं।

## अरुणाचल में पेश किया 2024-25 के लिए 993.08 करोड़ रुपए के घाटे का बजट

**ईटानगर,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मामलों के प्रभारी मंत्री चौना मीन ने बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 993.08 करोड़ रुपए के घाटे का बजट पेश किया।

पेमा खांडू सरकार 3.0 का पहला बजट पेश करते हुए श्री मीन ने कहा कि 2024-25 का बजट अनुमान (बीई) 35,840.79 करोड़ रुपए का है, जो कि 2023-24 के बीई से 20.85 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि 2024-25 के बजट अनुमानों में, हम 31,267 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्तियां और 4,573 करोड़ रुपए की पूंजीगत प्राप्तियां पेश करने की स्थिति में हैं, जिससे कुल प्राप्तियां 35,841 करोड़ रुपए हो जाएंगी, जो कि बजट अनुमान 2023-24 में कुल अनुमानित प्राप्तियां 29,657 करोड़ रुपए से 21 प्रतिशत अधिक है।उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 के अनुसार राज्य के बजट अनुमान 2024-25 के लिए केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा 21,913.50 करोड़ रुपए आंका गया है, जो बजट अनुमान 2023-24 से 19.42 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, राज्य का अपना कर राजस्व 2,953 करोड़ रुपए और गैर-कर राजस्व 1,054 करोड़ रुपए अनुमानित है, जिससे 2024-25 के दौरान राज्य का कुल अनुमानित राजस्व सृजन 4,017 करोड़ रुपए हो जाएगा, जो बजट अनुमान 2023-24 से 17 प्रतिशत अधिक है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बजट अनुमान 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटा 758.25 करोड़ रुपए (सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत), संशोधित अनुमान 1,200.90 करोड़ रुपए (जीएसडीपी का 2.50 प्रतिशत)थी, जबकि बजट अनुमान 2024-25 में 993.08 करोड़ रुपए (जीएसडीपी का 2.08 प्रतिशत) अनुमानित है। वित्त मंत्री के तौर पर 10वां पूर्ण बजट पेश करते हुए श्री मीन ने कहा कि यह बजट मुख्य रूप से तीन स्तंभों - स्वस्थ मानव संसाधन, जीवंत अर्थव्यवस्था और मजबूत बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है।

**2024-25 के बजट अनुमानों में, हम 31,267 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्तियां और 4,573 करोड़ रुपए की पूंजीगत प्राप्तियां पेश करने की स्थिति में हैं : पेमा खांडू**

### सार संक्षेप

#### अडाणी ग्रीन ने शुरू किया पवन ऊर्जा का उत्पादन

**अहमदाबाद।** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने बुधवार को कहा कि कंपनी ने गुजरात के खावड़ा में स्थित 30 हजार मेगावाट (30 गीगावाट) क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में पहली 250 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता का संचालन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2,250 मेगावाट हो गई है। अडाणी ग्रीन एनर्जी के पास भारत में सबसे बड़ा ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो है, जिसका आकार 11,184 मेगावाट का है। देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी की ओर से इस दौरान कहा गया कि खावड़ा भारत में सबसे बड़ा पवन ऊर्जा का सोर्स है। 8 मीटर प्रति सेकंड की हवा की रफ्तार इसे पवन ऊर्जा उत्पादन के लिए एक उपयुक्त स्थान बनाती है। खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में दुनिया की सबसे बड़ी और अधिक क्षमता वाली ऑफशोर विंड टरबाइन लगी है, जिसमें प्रत्येक की क्षमता 5.2 मेगावाट है।

#### छठी पीढ़ी के सैमसंग गैलेक्सी फोल्डेबल भारत में उपलब्ध

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई दिग्गज सैमसंग ने बुधवार को भारत में उपभोक्ताओं के लिए अपनी छठी पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन को बाजार में उतारने के साथ-साथ अन्य नए उपकरणों की बिक्री की भी घोषणा कर दी। गैलेक्सी जेड फोल्ड6, गैलेक्सी जेड फ्लिप6 और गैलेक्सी कनेक्टेड इकोसिस्टम उत्पाद रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता गैलेक्सी जेड फ्लिप6 और गैलेक्सी जेड फोल्ड6 को 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई से अन्य लाभों के साथ खरीद सकते हैं। कंपनी ने कहा कि पहले 24 घंटों में गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 के लिए प्री-ऑर्डर भारत में पिछली पीढ़ी के फोल्डेबल की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक हो गए। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 का निर्माण कंपनी की नोएडा फैक्ट्री में किया जा रहा है।

#### मायप्रोटीन ने भारत में पुरस्कार विजेता क्लियर व्हे आइसोलेट लॉन्च किया

नई दिल्ली। दुनिया के अग्रणी ऑनलाइन स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन ब्रांड में से एक, मायप्रोटीन ने भारतीय बाजार में अपने अत्यधिक प्रशंसित, 'क्लियर व्हे आइसोलेट' को लॉन्च करने की घोषणा की है। फिटनेस के प्रति उत्साही, एथलीटों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व्यक्तियों के लिए प्रोटीन अनुपूरण में क्रांति लाने का लक्ष्य; पुरस्कार विजेता उत्पाद को यूरोपीय विशेषज्ञ खेल पोषण पुरस्कार 2019 में 'सर्वश्रेष्ठ खेल पोषण उत्पाद' के रूप में मान्यता दी गई है। अपने नवोन्मेषी फॉर्मूलेशन के लिए प्रसिद्ध, जो पारंपरिक मिल्की शेक का हल्का, ताज़ा विकल्प प्रदान करता है, क्लियर व्हे आइसोलेट प्रोटीन अनुपूरण में गेम-चेंजर के रूप में सामने आता है।

# सीजीटी में बढ़ोतरी का बाजार पर रहा असर

**मुंबई,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष के बजट में कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी से निराश निवेशकों की बिकवाली का शेयर बाजार पर आज भी असर रहा, जिससे दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार चौथे दिन गिरकर बंद हुए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 280.16 अंक की गिरावट लेकर 80,148.88 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 65.55 अंक टूटकर 24,413.50 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिसने बाजार को और अधिक गिरने से बचाया। इस दौरान मिडकैप 0.68 प्रतिशत उछलकर 46,819.96 अंक और स्मॉलकैप 1.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर 53,832.46 अंक हो गया।


इस दौरान बीएसई में कुल 4008 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1094 में गिरावट जबकि 2802 में तेजी रही वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियों में बिकवाली जबकि 20 में लिवाली हुई।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मोदी सरकार 3.0 का आम बजट पेश किया, जिसमें उन्होंने पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने का प्रस्ताव किया। बजट में विशेष रूप से इक्विटी पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलएटीसीजी) कर को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी) कर को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया।

बजट का यह प्रस्ताव निवेशकों को आज दूसरें दिन भी रास नहीं आया। इससे बीएसई के चार समूहों में बिकवाली जबकि शेष में लिवाली हुई। इस दौरान एफएमसीजी 0.23, वित्तीय सेवाएं 0.24, ऑटो 0.16 और बैंकिंग समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, सीडी 0.89, ऊर्जा 1.60, हेल्थकेयर 0.92, दूरसंचार 1.24, यूटिलिटीज 1.24, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.07, तेल एवं गैस 1.69, पावर 1.24, रियल्टी 0.74 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.23, जर्मनी का डैक्स 0.75, जापान का निक्केई 1.11, हांगकांग का हैंगसेंग 0.91 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.46 प्रतिशत लुढ़क गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में बजाज फिनसर्व 2.43, एक्सिस बैंक 1.83, बजाज फाइनेंस 1.81, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.80, अदाणी पोर्ट्स 1.58, एसबीआई 1.35, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.32, कोटक बैंक 1.31, नेस्ले इंडिया 1.10, इंडसइंड बैंक 1.08, मारुति 0.98, एचसीएल टेक 0.87, एचडीएफसी बैंक 0.82, भारती एयरटेल 0.78, अल्ट्रासिमको 0.58, एलटी 0.54, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.47, आईसीआईसीआई बैंक 0.42 और इंफ़ोसिस 0.37 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टेक महिंद्रा 2.71, एनटीपीसी 2.67, टाटा मोटर्स 2.63, सन फार्मा 1.08, पावरग्रिड 0.94, एशियन पेंट 0.51, रिलायंस 0.50, आईटीसी 0.41, टाटा स्टील 0.16, टाइटन 0.14 और टीसीएस के शेयरों ने 0.09 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।




- सेंसेक्स 280.16 अंक की गिरावट लेकर 80,148.88 पर रहा
- निफ्टी 65.55 अंक टूटकर 24,413.50 पर बंद

## नई क्रेडिट गारंटी स्कीम से यूपी की छोटी इकाइयों को मिलेगी बड़ी राहत

**लखनऊ,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। आम बजट में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) क्षेत्र के लिए भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सबसे प्रमुख घोषणा एक नई क्रेडिट गारंटी स्कीम की है, जिसके तहत एमएसएमई इकाइयों को कोलेट्रल फ्री ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए एक स्व-वित्तपोषित गारंटी फंड स्थापित किया जाएगा, जो प्रत्येक उधारकर्ता को 100 करोड़ रुपए तक का गारंटी कवर प्रदान करेगा। इस पहल से उत्तर प्रदेश की उन छोटी इकाइयों को भी लाभ मिलेगा जो अपरिहार्य कारणों से समय पर ऋण चुकता नहीं कर पा रही हैं और इससे उनके खातों को एनपीए होने से भी बचाया जा सकेगा। राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि वर्तमान में एमएसएमई इकाइयों को विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनकी आर्थिक स्थिरता पर पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए बजट में एक नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल पेश किया जाएगा, जो डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर ऋण की स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

यह नई प्रणाली बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करेगी, जो अब तक परंपरागत रूप से असेट्स और टर्नओवर के आधार पर ऋण देती रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने की घोषणा की गई है। यह सुविधा उन इकाइयों के लिए होगी, जिन्होंने पूर्व में लिए गए ऋण को तय समय सीमा में चुकाया है। एमएसएमई क्लस्टर्स में अगले तीन वर्षों में सिडबी की 24 नई शाखाएं खोली जाएंगी, जिससे एमएसएमई इकाइयों को ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी।





**एमएसएमई इकाइयों को कोलेट्रल फ्री ऋण उपलब्ध कराया जाएगा**

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 18 रिंगिट उतरकर 3994 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.39 सेंट की गिरावट लेकर 44.74 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6600-6700, दाल चना 7600-7700, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 10400-10500, उड़द दाल 12500-12600, अरहर दाल 11500-11600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## रांची में टाटा समूह बनाएगा विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला ताज होटल

### नगर विकास व आवास विभाग एवं द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर

**रांची,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। रांची कोर कैपिटल में टाटा समूह की ओर से विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले पांच सितारा ताज होटल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड को 6 एकड़ जमीन आवंटित की है।

झारखंड मंत्रालय में होटल के निर्माण को लेकर बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन की उपस्थिति में नगर विकास एवं आवास विभाग और द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कोर कैपिटल साइट-1 रांची स्मार्ट सिटी में बनने वाले इस होटल में लग्जरी सुविधाओं के साथ 200 कमरे, बैंक्वेंट और कॉन्फ्रेंस हॉल सहित अन्य आवश्यक संरचनाएं होंगी। इस इलाके में जीआरडीए (ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी) की ओर से बिजली, जलापूर्ति आदि सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।



नगर विकास विभाग ने कुछ शर्तों के साथ होटल के लिए लीज मंजूर की है। करार के मुताबिक लीज 60 वर्षों के लिए होगा। यह अवधि पूरी होने पर और 30 वर्ष के लिए लीज का विस्तार किया जा सकेगा। होटल की कुल आय की 3.10 प्रतिशत राशि झारखंड सरकार को लीज रेंट के रूप में दी जाएगी। झारखंड सरकार के कैबिनेट ने पहले ही इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि टाटा समूह का झारखंड के साथ एक सदी से भी ज्यादा पुराना रिश्ता है। हम चाहेंगे कि यह रिश्ता सदियों तक चले। राज्य सरकार ने हमेशा यह प्रयास किया है कि टाटा समूह की ओर से औद्योगिक विकास के लिए उठाए जाने वाले हर कदम पर सहयोग करें। टाटा समूह सिर्फ यहां की खनिज संपदाओं का ही उपयोग नहीं करता, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उद्योग कर उन्होंने इस राज्य की तरक्की में उल्लेखनीय योगदान किया है।

उन्होंने कहा कि टाटा समूह की उद्यमशीलता की यात्रा झारखंड से शुरू हुई है और हम अधिकार के साथ उनसे कह सकते हैं कि यहां के लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता में रखें। रांची में विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले होटल ज्यादा नहीं हैं। एमओयू के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन, आईएचसीएल के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) के. मोहन चंद्रन भी मौजूद रहे।

# खेल जगत

## संन्यास के बाद भी मिल रहा है फैंस से अदभुत प्यार : ब्रेट ली



**नई दिल्ली।** संन्यास ले चुके क्रिकेटरों के लिए ओल्ड एज लीग वरदान बन गई है। कई देशों के दिग्गज क्रिकेटर इसमें खेलते नजर आते हैं। वहीं, पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि किसी क्रिकेटर के लिए संन्यास के बाद भी क्रिकेट खेलना रोमांचक होता है। ब्रेट ली ने कहा कि दर्शकों से भरे स्टेडियम को देखकर उन्हें जो खुशी मिलती है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। ब्रेट ली और पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान ने क्रिकेट से संन्यास के बाद एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी के बारे में बात की। ब्रेट ली ने क्रिकेटरों को फैंस से मिलने वाले सपोर्ट और प्यार के बारे में बात करते हुए पॉडकास्ट सीरीज '180 नॉट आउट' में अपने विचार शेयर किए। ब्रेट ली ने कहा कि यहां तक कि जब आप संन्यास ले लेते हैं और पेशेवर दृष्टिकोण से नहीं खेल रहे होते हैं, तब भी इन लीगों में खेलने का मौका और 40 की उम्र के बाद भी खचाखच भरी भीड़ हमारे लिए रोमांचक है।

# ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलना मेरा सपना रहा है : राज कुमार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (देशबन्धु)। बेहतरीन मिडफील्डर राज कुमार पाल को हॉकी विरासत में ही मिली। पाल बंधु – जोखन, राजू और राज –तीनों ही बचपन में अपने गांव करमपुर की गलियों में साथ साथ हॉकी खेलते कर बड़े हुए। राज कुमार पाल तीनों भाइयों में सबसे छोटे जरूर है लेकिन सबसे बड़े हॉकी कलाकार निकले। राज कुमार पाल अब 27 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक खेलों में पहली बार भारतीय पुरुष हॉकी टीम की नुमाइंदगी करने जा रहे हैं। 2020 में टोक्यो ओलंपिक के लिए राज कुमार पाल भारतीय टीम में बनाते बनाते गए थे। राज कुमार पाल दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के आक्रमण और रक्षण की अहम कड़ी रहने वाले हैं। पेरिस में राज कुमार पाल पर सदाबहार अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर के साथ खुद गोल करने के साथ गोल के अभियान बनाने और भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाने की जिम्मेदारी रहने वाली है। राज कुमार पाल 2018 में पहली बार भारत की अंडर 23 टीम में बेल्जियम में हुए पांच देशों के अंदर 23 हॉकी टूर्नामेंट के लिए टीम में चुने जाने पर सुर्खियों में आए । राज कुमार ने सीनियर भारतीय हॉकी टीम के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय हॉकी करियर का आगाज 2020 में एफआईएच प्रो हॉकी लीग से किया। 2018 में हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर रहे डेविड जॉन ने साई हॉस्टल में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान राज कुमार पाल की प्रतिभा को देखकर सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के शिविर के लिए बुलाया। भारत के लिए अब तक 53 अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेल चुके राज कुमार पाल कहते हैं , 'अब मेरा पूरा फोकस पेरिस ओलंपिक पर है। मैं जानता हूं कि पेरिस ओलंपिक में क्या दांव पर है और इसमें जरा सी भी गलती की गुंजाइश नहीं है। मैं कुछ भी तय मान कर नहीं चल रहा और मेरी योजना एक समय केवल एक मैच पर ध्यान लगाने की है। ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलना मेरा सपना रहा है। मैं इस पल की लंबे समय से बाट जोह रहा था और यह क्षण बस आने को है लेकिन अभी भी यकीन नहीं होता है। जब मैंने खुद के पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की खबर सुनी तो मेरी आंखों से यह याद करते हुए आंसू निकल आए कि मैं किस दौर से गुजरा हूं और ऐसे में मुझे अपने पिता बहुत याद आए। जब मैंने घर पर अपनी मां से बात कर उन्हें अपने ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की बाबत बताया तो खुशी में उनकी आंखों में आ गए। मेरे परिवार ने मेरे लिए बहुत त्याग किया है । अब ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम को स्वर्ण पदक जिता परिवार के त्याग का कर्ज चुकाने की बारी मेरी है। राजकुमार पाल अपने हॉकी को खेल के रूप में अपनाने की बाबत एक दिलचस्प किस्सा यह बताते हैं कि उन्होंने अपने बड़े भाईयों पूर्व हॉकी खिलाड़ी जोखन और राजू के साथ कर्मपुर की गलियों में हॉकी खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि खेलने के लिए उनके पास कोई और खेल था ही नहीं। राज कुमार पाल ने मात्र दस बरस की उम्र में मेघबरन स्टेडियम में अपने बड़े भाइयों के साथ हॉकी कोच तेज बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में हॉकी खेलनी शुरू कर दी। तेज बहादुर ने तीनों पाल बंधुओं को हॉकी बारीकियां सिखाईं। राज कुमार पाल 12 बरस की उम्र में साई लखनऊ हॉस्टल आ गए और वहां भारतीय टीम के सबसे अनुभवी स्ट्राइकर में से एक ललित उपाध्याय की हॉकी शैली और तेज तर्रार खेल पर फिदा हो गए। ललित उनके बड़े भाई जोखन के साथी थे और मौजूदा टीम में भी वरिष्ठ साथी हैं। राज कुमार बताते हैं, 'ललित भाई ने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया। ललित भाई ने मुझे यह समझाया कि गलती करना कोई गलत नहीं है लेकिन जरूरी है इस गलती को आगे दोहराया न जाए। ललित भाई ने हमेशा मेरा साथ दिया। मैच के बाद ज्यादातर मैं उनकी तरह इसका विश्लेषण कर अपनी गलतियों को तलाशने की कोशिश करता। मेरी कोशिश हमेशा यह जानने की रहती कि मैं कहां अपनी गलतियां सुधार सकता हूं और ललित भाई हमेशा बेहद शांत भाव से मुझे समझाते भी है।'

■ अब मेरा पूरा फोकस पेरिस ओलंपिक पर, जानता हूं गलती की जरा भी गुंजाइश नहीं




## वरुण, हुंदल, विष्णुकांत, उत्तम व कार्ति एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के संभावितों के शिविर में

**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में 27 जुलाई को पूल बी में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच की तैयारी में जुटी है। वहीं हॉकी इंडिया ने 8 से 17 सितंबर तक हुलुनबर सिटी , चीन में होने वाली पुरुष एशियन चैंपियंस हॉकी की तैयारियों के लिए ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह न बना पाने वाले वरुण कुमार, अरिजीत सिंह हुंदल, विष्णुकांत सिंह, उत्तम सिंह, एस.क्रांति, बॉबी सिंह धामी सहित वाले खिलाड़ियों को भारत के पुरुष कोर ग्रुप के संभावितों के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बेंगलुरु में लगने वाले सीनियर राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 21 खिलाड़ियों को बुलाया है। वरुण कुमार को यौन शोषण का आरोप लगने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए न चुने जाने के बाद पहली कोर ग्रुप के संभावितों के सीनियर राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया गया।अनुभवी आकाशदीप सिंह को शिविर के लिए नहीं बुलाए जाने से लगता है कि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया है। पेरिस ओलंपिक के बाद चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे गोलरक्षक पीआर श्रीजेश के अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने की घोषणा से इस शिविर में भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन का जोर खासतौर पर गोलरक्षक सूरज करकेरा और मोहित एचएस पर रहेगा। यह शिविर चार सितंबर तक चलेगा। सीनियर राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए बुलाए गए इन खिलाड़ियों में डेवलपमेंट टीम और जूनियर टीम के भी खिलाड़ियों को भी बुलाया गया है। पेरिस ओलंपिक खेलों में पुरुष हॉकी मुकाबले आठ अगस्त को खत्म होंगे और पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के ठीक एक महीने बाद 8 सितंबर से चीन में शुरू होगी। पेरिस ओलंपिक में शिरकत करने वाले भारतीय खिलाड़ी कुछ आराम के बाद 24 अगस्त को वाले सीनियर राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर से जुड़ेंगे। भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ' हमारी सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम जहां पेरिस में 2024 के ओलंपिक खेलों के लिए अभियान की तैयारी में जुटी है हमारे पास भारत के लिए फिर से खेलने की बाट जोह रहे खिलाड़ियों का मजबूत समूह है। ओलंपिक खेलों के 8 अगस्त को खत्म होने के एक महीने बाद एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 8 सितंबर से चीन में शुरू होगी। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साई, बेंगलुरू कोर ग्रुप के सीनियर संभावितों के साथ हमारी तैयारियां शुरू हो चुकी है। कोर ग्रुप के लिए चुने गए ये एशियन पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के लिए लिए मिलकर अभ्यास जारी रखेंगे। ओलंपिक में शिरकत करने वाले भारतीय खिलाड़ी इन खिलाड़ियों के साथ शिविर में 24 अगस्त को जुड़ेंगे।

## एंडी मरे ने पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने की घोषणा की

**लंदन,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और दो बार ओलंपिक एकल स्वर्ण पदक एंडी मरे ने पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है। एंडी मरे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संन्यास लेने की पुष्टि की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं। पेरिस ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा रोलां गैरो पर शनिवार से शुरू होंगी। मरे ने पहली बार लंदन ओलंपिक 2012 में रोजर फेडरर को हराकर पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने रियो 2016 में जुआन मार्टिन डेल पोत्रो को हराकर अपनी इस सफलता को बरकरार रखा।




## 'लेडी सहवाग' के नाम से मशहूर शेफाली वर्मा

महिला एशिया कप 2024

**नई दिल्ली,** 24 24 जुलाई (एजेंसियां)। महिला एशिया कप 2024 में सात बार की चैंपियन भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसमें सबसे बड़ा योगदान रहा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का। उन्होंने नेपाल के खिलाफ 48 गेंद में 81 रन की आतिशी पारी के दौरान एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। हरियाणा के रोहतक से आने वाली शेफाली वर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी क्षमता अद्भुत है। महिला क्रिकेट में उनका बेखौफ अंदाज देखकर उनकी तुलना पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग से भी की जाती है। वीरेंद्र सहवाग और शेफाली वर्मा दोनों हरियाणा से हैं। दोनों ही खतरनाक सलामी बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। साथ ही जिस तरह से कदमों का इस्तेमाल शेफाली करती हैं, वो सहवाग जैसा ही है। महिला एशिया कप 2024 में भी उनका बेखौफ अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है। नेपाल के खिलाफ तूफानी पारी के बाद टूर्नामेंट में उनका नाम शीर्ष स्कोरर की लिस्ट में टॉप पर है। टीम इंडिया ने मंगलवार को नेपाल को 82 रन के अंतर से हराया। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस मैच की हीरो पूरी तरह से शेफाली रही हैं, उन्होंने 48 गेंद में 12 चौके और एक छक्के की मदद से 81 रनों की पारी खेली है। यह एक ऐसी पारी थी जिसने नेपाल की गेंदबाजों को कोई मौका ही नहीं दिया। शेफाली का साथ हेमलता ने दिया जिन्होंने 42 गेंद में 47 रनों की पारी खेली थी। प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली ने इस मैच में वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। शेफाली वर्मा का टी20 इंटरनेशनल में यह 10वां अर्द्धशतक है। शेफाली ने तूफानी अर्द्धशतकीय पारी खेलकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। 20 साल की शेफाली महिला टी20 इंटरनेशनल में 20 या उससे कम की की उम्र में 10 या उससे ज्यादा पचास प्लस का स्कोर बनाने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। ऐसा कर शेफाली ने महिला टी 20 इंटरनेशनल में विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। भारत ने शेफाली वर्मा और देयालन हेमलता की शतकीय साझेदारी के सहारे 20 ओवर में 3 विकेट पर 178 रन का स्कोर बनाया। जवाबी पारी में नेपाल की पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन ही बना सकी।

■ वीरेंद्र सहवाग और शेफाली वर्मा दोनों हरियाणा से हैं। दोनों ही खतरनाक सलामी बल्लेबाजों में गिने जाते हैं




## मेरी तैयारी शानदार : शरत कमल

**पेरिस,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों और पदक जीतने की संभावनाओं पर बात की। ओलंपिक में भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस दोनों हिस्सा ले रही हैं। शरत कमल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मेरी तैयारियां शानदार हैं। यूरोप में हम लोग जर्मनी और फ्रांस उन्होंने कहा कि, हम ओलंपिक विलेज में 21 जुलाई को आ गए थे और हमारे पास मैच होने से पहले 6-7 दिन की और तैयारियों का मौका रहा है। ओलंपिक विलेज में टाइमिंग, ट्रांसपोर्ट आदि के साथ अभ्यस्त होना पड़ता है। फिलहाल सभी चीजें हमारे कंट्रोल में हैं और हम ट्रेनिंग कर रहे हैं। 42 वर्षीय शरत ने कहा कि मैंने इस ओलंपिक खेल के लिए अपनी पूरी ऊर्जा और मेहनत लगा दी है। मेरी तैयारियां और फिटनेस काफी अच्छी हैं। हमारी टीम ने हालिया वर्षों में बहुत अच्छा किया है। लड़कियों की टीम ने हमसे भी अच्छा किया है। उन्होंने भारत द्वारा मेडल जीतने के चांस पर बात करते हुए कहा कि टेबल टेनिस में मेडल जीतना बहुत बड़ी बात होगी। हम मेडल जीतने के लिए सब कुछ करेंगे। पेरिस ओलंपिक में शरत कमल के अलावा हरमीत सिंह, मानव ठक्कर, मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, अर्चना कामत भारत का टेबल टेनिस में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनके अलावा साथियान गणानाशेखरन और अहिका रिजर्व में शामिल हैं।



■ टेबल टेनिस में मेडल जीतना बहुत बड़ी बात होगी
■ ओलंपिक विलेज में टाइमिंग, ट्रांसपोर्ट आदि के साथ अभ्यस्त होना पड़ता है

## जयसूर्या की श्रीलंकाई टीम से अनुशासन में रहने की खास अपील

**कोलंबो,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले श्रीलंकाई टीम के अंतरिम कोच सनत जयसूर्या एक्शन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने श्रीलंकाई टीम के भीतर अनुशासन की मांग की है, जिसमें प्रॉपर हेयर कट समेत अन्य चीजें शामिल हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए, पूर्व कप्तान जयसूर्या ने स्वीकार किया कि मौजूदा खिलाड़ियों में अनुशासन लाना महत्वपूर्ण है, खासकर क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करना अहम है। भारत के खिलाफ सीरीज और सितंबर में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के लिए अंतरिम कोच के रूप में नियुक्त किए गए जयसूर्या ने कहा कि हम टीम में अनुशासन की उम्मीद कर रहे हैं और मैं अपने कार्यकाल के दौरान केवल अंतरिम कोच हूं। मैं वह अनुशासन चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे क्रिकेट फैंस इन क्रिकेटरों को पसंद करते हैं। युवा क्रिकेटर वरिष्ठ क्रिकेटरों को अपना आदर्श मानते हैं। वे उनसे सीखना पसंद करते हैं। अगर वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इससे युवा पीढ़ी के क्रिकेटरों को भी मदद मिलेगी। इसी पृष्ठभूमि में हमने ये बदलाव किए हैं। हम क्रिकेट को जेंटलमैन गेम बनाए रखना चाहते हैं। युवा क्रिकेटरों को अनुशासित करने के जयसूर्या के प्रयास का समर्थन करते हुए देश के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने पहले देश का प्रतिनिधित्व करने वाले क्रिकेटरों में विनम्रता और अनुशासन की आवश्यकता पर जोर दिया और तर्क दिया कि विनम्र व्यवहार से मैच हारने के बाद क्रिकेटरों की अधिकांश आलोचना कम हो सकती है। खेल मंत्री ने कहा कि अगर टीम अधिक विनम्र होती और उनका रवैया बदल जाता, तो श्रीलंका के लोग मैच हारने पर इतने आलोचनात्मक नहीं होते। लोगों में क्रिकेट के प्रति गहरा प्रेम है।

■ टयुवा क्रिकेटर वरिष्ठ क्रिकेटरों को अपना आदर्श मानते हैं। वे उनसे सीखना पसंद करते हैं



## सार संक्षेप

### आर्चर की नजरें 2025-26 एशेज में वापसी पर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की नजरें ऑस्ट्रेलिया में 2025-26 एशेज सीरीज पर हैं क्योंकि उनका लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट में वापसी करना है। पिछले तीन वर्षों में लगातार पीठ और कोहनी की चोटों के कारण, 29 वर्षीय खिलाड़ी फरवरी 2021 से लंबे प्रारूप से अनुपस्थित हैं। हालाँकि, इंग्लैंड के हालिया टी20 विश्व कप अभियान में उनकी पूर्ण भागीदारी ने उम्मीद जगाई थी कि उनकी चोट की समस्या आखिरकार पीछे छूट सकती है। आर्चर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा कि मैं इस साल के बाकी समय का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए करने जा रहा हूं कि अगली एशेज में खेलना कम से कम एक संभावना है। मैं इंस्टाग्राम पर जाकर और 'वह अगले दो हफ्तों में फिजियो के बिस्तर पर होगा' जैसी पोस्ट देखकर थक गया हूं। मैं बाकी साल कुछ लोगों को गलत साबित करने में बिताना चाहता हूं और उम्मीद है कि मैं एक और एशेज में खेलूंगा। आर्चर का प्रभाव इंग्लैंड के 2019 विश्व कप विजेता अभियान के दौरान गहराई से महसूस किया गया।

### स्थानीय और स्वदेशी खेलों से रूबरू हुए परिषदीय स्कूलों के छात्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने स्थानीय और स्वदेशी खेलों के विषय में जाना और इसमें हिस्सा भी लिया। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय, केंद्र सरकार के निर्देश पर 22 से 28 जुलाई के बीच परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 जुलाई को खेल दिवस के अंतर्गत खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन के संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से समस्त बीएसए, बीईओ एवं डीसीटी व डीसी गर्ल्स को गतिविधियों के संबंध में निर्देश प्रदान किए थे। शिक्षा सप्ताह के तीसरे दिन सभी परिषदीय विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय खेलों के आयोजन के साथ ही स्वदेशी खेलों और उनके महत्व के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की गई।

### 'मुझ पर इसलिए हमला किया गया क्योंकि मैं अश्वेत हूं' : डेनिस

**पेरिस।** 2023 एफआईबीए विश्व चैंपियन जर्मनी पेरिस ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना दबदबा जारी रखने के लिए तैयार है। बास्केटबॉल टीम के कप्तान डेनिस श्रोडर, जिन्हें देश के ध्वजवाहक के रूप में नामित किया गया था, ने बताया कि उन्होंने अपने करियर के अधिकांश समय में नस्लवाद से कैसे निपटा है। डेनिस ने जर्मन आउटलेट स्पीगल स्पोर्ट से कहा कि मुझ पर इसलिए हमला किया जाता है क्योंकि मैं अश्वेत हूं, मेरी पत्नी एलेन पर इसलिए हमला किया जाता है क्योंकि वह एक अश्वेत आदमी के साथ है।

## पेरिस ओलंपिक : भारत के 10 सुपरस्टार जिनका खेल महाकुंभ में दिखेगा जलवा

**नई दिल्ली,** 24 जुलाई (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक में भारत को अपने स्टार खिलाड़ियों से बड़ी उम्मीदें हैं। इन खिलाड़ियों में अनुभव और युवा दोनों का मिश्रण है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके लिए यह पहला ओलंपिक है, वहीं कुछ खिलाड़ियों ने पहले भी ओलंपिक मेडल जीते हुए हैं। पेरिस ओलंपिक शुरू होने के अवसर पर उन 10 सुपरस्टार भारतीय खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं, जिनका जलवा खेल के महाकुंभ में दिखेगा। नीरज चोपड़ा भारतीय खेलों के पोस्टर ब्वॉय हैं और उन्होंने टोक्यों में देश को पहला व्यक्तिगत एथलेटिक्स गोल्ड मेडल दिलाया था। नीरज से पेरिस ओलंपिक में अपने खिताब को डिफेंड करने की उम्मीद की जा रही है। नीरज ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीतकर अपनी तैयारियों को बेहतर किया है। भारत की पीवी सिंधु बैडमिंटन सुपरस्टार हैं, और यह उनके लिए तीसरा ओलंपिक है। महिला सिंगल्स इवेंट में सिंधु ने रियो और टोक्यो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था। वह पेरिस में अपने ओलंपिक पदक की हैट्रिक लगाने के लिए उतर रही हैं। बैडमिंटन में भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डरी और चिराग शेट्टी का कद भी सुपरस्टार सरीखा है। दुनिया में नंबर एक रह चुकी इस जोड़ी ने एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसी प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीता है। भारत की निखत जरीन 50 क्रिगा वर्ग में महिला बॉक्सिंग इवेंट में पदक की बड़ी उम्मीद हैं। वह दो बार वर्ल्ड चैम्पियन का खिताब जीतकर बॉक्सिंग सुपरस्टार का दर्जा हासिल कर चुकी हैं। असम की लवलीना बोरगोहेन टोक्यो ओलंपिक में 75 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत में रातों-रात सुपरस्टार बन गई थीं। वेल्टरवेट वर्ग में लवलीना से एक बार फिर मेडल की बड़ी उम्मीदें हैं। भारत की युवा महिला रेसलर अंतिम पंघाल भी इस समय रेसलिंग में किसी सुपरस्टार से कम नहीं हैं। हिसार से आने वाली अंतिम 53 किग्रा भारवर्ग में देश की बड़ी उम्मीद हैं, और वह शानदार फॉर्म में हैं। शूटिंग में एक और युवा सिफ्ट कौर सामरा सुपरस्टार महिला निशानेबाज हैं, और यह उनका ओलंपिक डेब्यू है। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में वह मौजूदा वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर हैं। वह 2022 एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। विनेश फोगाट एक और अनुभवी महिला रेसलर हैं, जिनका यह तीसरा ओलंपिक है। महिला फ्रीस्टाइल रेसलिंग में विनेश से बहुत उम्मीदे हैं। इससे पहले उन्होंने रियो और टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया था। हरमनप्रीत सिंह भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सुपरस्टार खिलाड़ी हैं। वह टीम के कप्तान भी हैं, इस टीम ने टोक्यो में कांस्य पदक जीता था। पेनाल्टी कॉर्नर स्पेशलिस्ट हरमनप्रीत एंड कंपनी से देश को बड़ी उम्मीदें हैं। 22 साल के लक्ष्य सेन पुरुष सिंगल्स बैडमिंटन में एक और बड़े खिलाड़ी हैं और वह अपने पहले ओलंपिक में छाने के लिए तैयार हैं। ओलंपिक में शिरकत करने से पहले लक्ष्य ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीता है। वह 2022 में थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं और यूथ लेवल पर गोल्ड जीत चुके हैं।

■ नीरज ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीतकर अपनी तैयारियों को बेहतर किया है
■ भारत की निखत जरीन 50 क्रिगा वर्ग में महिला बॉक्सिंग इवेंट में पदक की बड़ी उम्मीद हैं

